दैनिक
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, जोधपुर, उदयपुर, भरतपुर, बीकानेर, सवाई माधोपुर एवं अजमेर
# बढ़ता राजस्थान
RNI NO. RAJHIN/2010/35060
Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 16 | अंक : 110 | पृष्ठ : 10 | मूल्य : ₹ 2.00
जयपुर। शनिवार, 21 फरवरी 2026 | फाल्गुन माह, शुक्ल पक्ष चतुर्थी, संवत्-2082
भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

## ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर कानून से खिलवाड़

### बिना लाइसेंस धड़ल्ले से बिक रहे ड्रोन-जैमर



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** ऑनलाइन बाजार में ऐसे उपकरण धड़ल्ले से बेचे जा रहे थे, जिनपर सरकार का सख्त नियंत्रण है। लाइसेंस और मंजूरी के बिना ऐसी छह ई-कामर्स कंपनियों की चोरी पकड़ी गई है, जो एंटी ड्रोन सिस्टम और जैमर की बिक्री कर रही थीं। ये उपकरण सामान्य इलेक्ट्रानिक सामान नहीं होते।

ये रेडियो फ्रीक्केंसी सिग्नल को बाधित करते हैं, जिससे ड्रोन या जीपीएस सिस्टम काम करना बंद कर सकते हैं। सुरक्षा कारणों से ऐसे उपकरणों पर नियंत्रण रखा जाता है। केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने नोटिस जारी कर उनसे जवाब मांगा है। इन कंपनियों में एवरसे, इंडिया मार्ट, एक्सबूम, जावियट एयरोस्पेस, मैवरिक ड्रोन एंड टेक्नोलाजी प्राइवेट लिमिटेड एवं एयरवन रोबोटिक्स शामिल हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि ड्रोन तकनीक के तेजी से बढ़ते उपयोग के बीच ऐसे उपकरणों की अनियंत्रित बिक्री राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बन सकती है। इन उपकरणों को अगर चालू किया जाए तो आसपास उड़ रहे ड्रोन या जीपीएस आधारित सिस्टम काम करना बंद कर सकते हैं। इसी वजह से सुरक्षा के लिहाज से इन उपकरणों की बिक्री और उपयोग पर कड़ा नियंत्रण रखा जाता है। आम नागरिक इन्हें न तो खरीद सकते हैं और न ही इस्तेमाल कर सकते हैं। आमतौर पर इनकी अनुमति केवल अधिकृत सरकारी एजेंसियों या सुरक्षा बलों को दी जाती है। कानून भी इसपर स्पष्ट है।

## भारत-अमेरिका समझौता

### राहुल बोले-भारत पूरी तरह झुक गया

**कहा- ऐसा लगता है जैसे भारत ज्यादा दे रहा है और बदले में कम पा रहा**



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी पर फिर निशाना साधा। राहुल ने कहा कि इस समझौते से ऐसा लगता है जैसे भारत ज्यादा दे रहा है और बदले में कम पा रहा है। राहुल ने इसे अमेरिका के सामने पूरी तरह झुक जाना बताया। शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्ग पर पोस्ट में राहुल गांधी ने कहा कि उन्होंने संसद में अपने भाषण में जिउ-जित्सु (एक खेल) का उदाहरण इसलिए दिया था, क्योंकि उस खेल में किसी को पकड़कर या दबाकर काबू किया जाता है। उनका कहना है कि राजनीति में भी ऐसे दबाव होते हैं जो बाहर से दिखाई नहीं देते। किसानों का नुकसान क्यों होने दिया गया? अमेरिका से तेल और दूसरी चीजें ज्यादा खरीदने पर सहमति क्यों दी गई? हर साल 100 अरब डॉलर का आयात बढ़ाने की बात क्यों मानी गई? भारत का डेटा (जानकारी) विदेशी कंपनियों को क्यों दिया जा रहा है?

हुल ने कहा कि इस समझौते से भारत डेटा कॉलोनी बन सकता है। यानी देश का डेटा दूसरे देश के हाथ में चला जाएगा। भारत का डेटा बहुत कम कीमत पर अमेरिकी कंपनियों को दिया जा रहा है। राहुल ने अमेरिका में चल रहे अडानी मामले और एपस्टीन मामले का जिक्र किया और कहा कि कुछ फाइलें जारी नहीं की गई हैं, जिनसे जुड़े नाम सामने आ सकते हैं।

# 'प्रेसिडेंट को यह अधिकार नहीं'

## अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने ट्रंप के टैरिफ को बताया अवैध...

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए व्यापक वैश्विक टैरिफ को रद कर दिया। कोर्ट ने 6-3 के बहुमत से फैसला सुनाते हुए कहा कि ट्रंप ने आपातकालीन कानून का गलत इस्तेमाल किया और अपने अधिकारों से आगे बढ़कर टैरिफ लगाए।

यह मामला उन कंपनियों और 12 अमेरिकी राज्यों द्वारा दायर किया गया था, जो इन टैरिफ से प्रभावित हुए थे। निचली अदालतों ने पहले ही ट्रंप के फैसले को गैरकानूनी बताया था, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने भी बरकरार रखा।

अमेरिकी संविधान के अनुसार टैक्स और टैरिफ लगाने का अधिकार कांग्रेस के पास है, न कि राष्ट्रपति के पास। लेकिन ट्रंप ने कांग्रेस की मंजूरी के बिना एक विशेष कानून का सहारा लेकर ये टैरिफ लागू किए थे।

### किस कानून के तहत लगाए गए थे टैरिफ?

ट्रंप ने 1977 में बने एक कानून इंटरनेशनल इमरजेंसी इकोनॉमिक पावर्स एक्ट का इस्तेमाल किया था। यह कानून राष्ट्रीय आपातकाल की स्थिति में व्यापार को नियंत्रित करने की अनुमति देता है। हालांकि, इस कानून में टैरिफ शब्द का सीधे उल्लेख नहीं है।

ट्रंप पहले ऐसे राष्ट्रपति बने जिन्होंने आईईईपीए के तहत टैरिफ लगाए। इससे पहले इस कानून का इस्तेमाल दुश्मन देशों पर आर्थिक प्रतिबंध लगाने या उनकी संपत्ति फ्रीज करने के लिए किया जाता था।

ट्रंप प्रशासन का तर्क था कि आईईईपीए राष्ट्रपति को आयात को नियंत्रित करने की अनुमति देता है और उसी आधार पर टैरिफ लगाए गए। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने इस दलील को खारिज कर दिया।



**ट्रंप का तर्क**-ट्रंप ने इन टैरिफ को अमेरिका की आर्थिक सुरक्षा के लिए जरूरी बताया था। उनका कहना था कि बिना टैरिफ के अमेरिका कमजोर हो जाएगा और दूसरे देश उसका फायदा उठाते रहेंगे। उन्होंने खासतौर पर चीन का नाम लिया था। 2 अप्रैल को लिबरेशन डे कहकर ट्रंप ने ज्यादातर व्यापारिक साझेदार देशों पर रिसिप्रोकल यानी जवाबी टैरिफ लगाने की घोषणा की थी। इससे पहले फरवरी और मार्च 2025 में उन्होंने चीन, कनाडा और मैक्सिको पर भी टैरिफ लगाए थे। उन्होंने इसे फेंटानिल और अन्य नशीले पदार्थों की तस्करी से जुड़ा राष्ट्रीय आपातकाल बताया था। ट्रंप ने टैरिफ का इस्तेमाल दूसरे देशों पर दबाव बनाने के लिए भी किया।

# मुख्यमंत्री ने की 84 हजार 282 करोड़ रुपए की परियोजनाओं पर प्रगति की समीक्षा

## परियोजनाओं के शीघ्र संचालन के लिए आवश्यक स्वीकृतियां शीघ्र हों जारी : मुख्यमंत्री

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार जन सेवा को सर्वोपरि मानकर कार्य कर रही है। अधिकारी जनता की समस्याओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए उनका त्वरित समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि कार्मिक निष्ठा से अपने राजकीय दायित्वों का निर्वहन करें। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही पाए जाने पर जिम्मेदारों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। शर्मा शुक्रवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में राज-उन्नति की बैठक को वीसी के माध्यम से संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों की 84 हजार 282 करोड़ रुपये की परियोजनाओं और योजनाओं पर चर्चा की तथा अधिकारियों को इनके क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने कहा कि अधिकारी तय समय में विकास कार्यों का क्रियान्वयन सुनिश्चित करें, जिससे परियोजनाओं की लागत में वृद्धि ना हो तथा जनता को राहत मिले।

### अधिकारी नियमित करें जनसुनवाई

मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिकारी सम्पर्क हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों का शीघ्र निस्तारण करें। साथ ही, जिला एवं विभाग स्तर पर नियुक्त नोडल अधिकारी इसकी नियमित मॉनिटरिंग करें। उन्होंने कलक्टर्स को निर्देश दिए कि सम्पर्क पोर्टल पर प्राप्त समस्याओं के समाधान में देरी ना हो। साथ ही, नियमित जन सुनवाई करें, जिससे स्थानीय स्तर पर ही आमजन की परिवेदनाओं का निस्तारण सुनिश्चित हो सके। इस दौरान मुख्यमंत्री ने राजस्थान सम्पर्क हेल्पलाइन के चयनित परिवादियों से उनके परिवाद निस्तारण पर फीडबैक लिया। जैसलमेर के धन्नाराम सहित अन्य परिवादियों ने मुख्यमंत्री का समस्याओं के समाधान के लिए आभार जताया।



### युवाओं के लिए स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर करें सृजित

शर्मा ने कहा कि सरकार द्वारा 5 साल में 6 लाख युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार देने का लक्ष्य रखा है। अब तक 2 लाख से अधिक युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध कराया जा चुका है। उन्होंने कहा कि राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के माध्यम से भी युवाओं के लिए रोजगार के भरपूर अवसर सृजित हुए हैं। हमारी प्राथमिकता है कि राज्य के युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार मिल सके। साथ ही, उन्हें इंडस्ट्री रेडी एवं रोजगारपरक बनाना जाए। इस दृष्टि से इस वर्ष के बजट में प्रत्येक जिले में इंडस्ट्री पार्टनर को जोड़ते हुए इंस्टीट्यूट ऑफ स्किल डवलपमेंट एंड वोकेशनल टेऊनिंग प्रारम्भ की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को इस संबंध में शीघ्र अग्रिम कार्यवाही करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कलेक्टर्स को निर्देश दिए कि गत वर्ष की लंबित बजट घोषणाओं को शीघ्र पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि 'एक जिला-एक उत्पाद' नीति के माध्यम से युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित किए जाएं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को भरतपुर तथा अलवर में बनने वाले नवीन बस स्टैण्ड के कार्य को शीघ्र पूरा करने के भी निर्देश दिए। श्री शर्मा ने राजस्थान रिफाइनरी सहित अन्य परियोजनाओं एवं योजनाओं की प्रगति को लेकर भी समीक्षा की। इस दौरान मुख्य सचिव ने राज उन्नति की प्रथम बैठक में दिए गए निर्देशों की प्रगति रिपोर्ट भी प्रस्तुत की।

### पावरग्रिड के प्रोजेक्ट्स को समय से करें पूर्ण

श्री शर्मा ने पावर ग्रिड के प्रोजेक्ट्स को गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने 765 केवी डी/सी ब्यावर-दौसा ट्रांसमिशन लाइन से संबंधित कार्य में गति लाने और 765 केवी डी/सी सीकर-खेतड़ी ट्रांसमिशन लाइन को भी जल्द शुरू करने के निर्देश दिए।

### न्यू एज कोर्स के कनवर्जेन्स पर दें जोर

मुख्यमंत्री ने कौशल विकास कार्यक्रम के तहत संचालित विभिन्न योजनाओं की जिला कौशल समितियों को और अधिक सक्रिय करने के भी निर्देश दिए। साथ ही, न्यू एज कोर्स का कनवर्जेन्स करने तथा जिलों में स्किल गैप कवर करने के लिए भी अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आगामी वर्ष में 1 लाख युवाओं को कौशल प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कालीबाई भील उड़ान योजना के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं को नि:शुल्क सेनेटरी नेपकिन वितरण के लिए वितरण केन्द्रों पर सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

## निकाय चुनाव अप्रैल के बाद ही होंगे

### 196 नगर पालिकाओं में वोटर लिस्ट का ड्राफ्ट प्रारूप 24 मार्च को, 22 अप्रैल को फाइनल



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** प्रदेश में पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव के साथ राज्य निर्वाचन आयोग ने नगरीय निकायों में वोटर लिस्ट बनाने का शेड्यूल जारी किया है। इससे नगरीय निकायों में नगर निगम, नगर परिषद और नगर पालिका में चुनाव कराए जा सकेंगे।

आयोग से जारी शेड्यूल के मुताबिक फिलहाल 39 जिलों की 196 नगरीय निकायों में ही चुनाव करवाए जा सकते हैं। क्योंकि आयोग ने इन्हीं निकायों में वोटर लिस्ट बनाने का शेड्यूल जारी किया है। शुक्रवार को जारी शेड्यूल के मुताबिक इन निकायों में वोटर लिस्ट का ड्राफ्ट प्रारूप 24 मार्च को प्रकाशित किया जाएगा। इसके बाद 28 दिन तक इन पर आपत्तियां लेकर उनका निस्तारण किया जाएगा। इसके बाद 22 अप्रैल को फाइनल वोटर लिस्ट जारी की जाएगी।

## स्टाम्प पेपर बिक्री से सरकार की कमाई बढ़ी

### 5 साल में डबल हुई; इस बार अब तक 10 हजार 663 करोड़ रुपए से ज्यादा का रेवेन्यू मिला

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** स्टाम्प पेपर की बिक्री से राजस्थान में सरकार की अच्छी कमाई हो रही है। पिछले 5 साल में स्टाम्प पेपर की बिक्री और रजिस्ट्री (रजिस्ट्रेशन) की फीस से सरकार को मिलने वाली इनकम दोगुनी से ज्यादा हो गई है। इसके पीछे कारण डीएलसी दरों में बढ़ोतरी और स्टांप पेपर पर लगाई 30 फीसदी ड्यूटी है। मुद्रांक एवं पंजीयन विभाग की एक रिपोर्ट देखें तो राज्य सरकार को स्टाम्प पेपर की बिक्री और अचल सम्पत्तियों के खरीद-बेचान डॉक्युमेंट के रजिस्ट्रेशन से अब तक (1 अप्रैल 2025 से 18 फरवरी 2026 तक) करीब 10,663 करोड़ रुपए से ज्यादा का रेवेन्यू मिल चुका है। ये रेवेन्यू सरकार को गत वित्तवर्ष 2024-25 (1 अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 तक) के कुल रेवेन्यू से 121 करोड़ रुपए से ज्यादा है। इसे देखते हुए सरकार ने अब रेवेन्यू के अपने इस टारगेट को भी बढ़ाकर 15 हजार करोड़ रुपए तक कर दिया है।




# पीएम ने वैश्विक नेताओं से की द्विपक्षीय वार्ता

## इंफ्रास्ट्रक्चर और हेल्थकेयर सहयोग पर जोर

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** इंडिया-एआई इम्पैक्ट समिट 2026 के दौरान नरेंद्र मोदी ने कई देशों के नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें कर सहयोग के विभिन्न आयामों पर चर्चा की। प्रधानमंत्री ने लिकटेंस्टीन के हेरेडिटरी प्रिंस एलोइस फिलिप मारिया, श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके, संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस और स्लोवाकिया के राष्ट्रपति पीटर पेलेग्रिनी से मुलाकात की।

### संयुक्त राष्ट्र के साथ एआई और वैश्विक सुधारों पर चर्चा

प्रधानमंत्री ने एंटोनियो गुटेरेस के साथ बैठक में एआई को समावेशी बनाने और वैश्विक स्तर पर इसके जिम्मेदार उपयोग पर चर्चा की। साथ ही संयुक्त राष्ट्र सुधार और ग्लोबल साउथ की आवाज को मजबूत करने पर भी विचार साझा किए गए।

### भारत-श्रीलंका सहयोग के नए आयाम

अनुरा कुमारा दिसानायके के साथ वार्ता में ऊर्जा, कनेक्टिविटी, इंफ्रास्ट्रक्चर, हेल्थकेयर, स्किलिंग, संस्कृति और ब्लू इकॉनमी जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा हुई। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों में हालिया प्रगति की समीक्षा भी की।



### लिकटेंस्टीन के साथ आर्थिक और तकनीकी साझेदारी

प्रधानमंत्री ने लिकटेंस्टीन के हेरेडिटरी प्रिंस एलोइस फिलिप मारिया के साथ मुलाकात में आर्थिक संबंधों की संभावनाओं और इनोवेशन, टेक्नोलॉजी, स्किलिंग तथा अनुसंधान एवं विकास के क्षेत्रों में सहयोग पर चर्चा की।

### स्लोवाकिया के साथ व्यापार और तकनीकी सहयोग पर जोर

पीटर पेलेग्रिनी के साथ बैठक में व्यापार और निवेश बढ़ाने के अवसरों पर चर्चा हुई। दोनों पक्षों ने डिजिटल टेक्नोलॉजी, स्टार्टअप्स, डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर, रक्षा और अंतरिक्ष क्षेत्र में सहयोग मजबूत करने पर सहमति जताई।

### वैश्विक सहयोग और जिम्मेदार एआई पर सहमति

स्लोवाकिया के राष्ट्रपति ने समिट के सफल आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि एआई के लोकतांत्रिक उपयोग और वैश्विक सहयोग को मजबूत करने की दिशा में साझा प्रतिबद्धता जरूरी है।

# डोडा तस्करी के बड़े गिरोह पर वार, दो सरकारी कर्मचारी गिरफ्तार

**डम्पर के गुप्त खाने में छिपाया 774 किलो डोडा बरामद**

**जोधपुर रेंज पुलिस की स्पेशल टीम का तस्करी नेटवर्क पर प्रहार**

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही ( नि.स. )।** जोधपुर रेंज की स्पेशल टीम ने पिण्डवाड़ा थाना क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए डोडा-पोस्त तस्करी के नेटवर्क पर तगड़ा वार किया है। मंदसौर से बाड़मेर के लिए जा रही डोडा-पोस्त की बड़ी खेप को पकड़ कर पुलिस ने चार तस्करों को दबोच लिया। इसमें दो सरकारी कर्मचारी भी शामिल है।

पुलिस के अनुसार स्पेशल टीम प्रभारी देवाराम के नेतृत्व में कार्रवाई की गई। सूचना के आधार पर खाली डम्पर आरजे 14 जीजी 9723 की तलाशी ली गई। इसके गुप्त केबिन में 774 किलो डोडा-पोस्त मिला, जिसे जब्त कर लिया गया। एस्कोर्ट कर रही कार नम्बर जीजे 02 बीएच 7067 को भी जब्त कर लिया गया। पुलिस ने तस्करी के आरोप में ट्रक चालक चितलवाना- (जालोर) निवासी हेतराम पुत्र चिमाराम बिश्नोई, मुख्य सरगना धमाणा-गोलिया (सांचौर) निवासी सरकारी अध्यापक मनोहरलाल पुत्र मांगीलाल बिश्नोई, खिरोड़ी (झाब-जालोर) निवासी निलम्बित ग्राम सेवक दीपाराम पुत्र तेजाराम बिश्नोई, झोटड़ा (चितलवाना-जालोर) निवासी कमलेश पुत्र किशनाराम बिश्नोई को गिरफ्तार कर लिया। तस्करों के सहयोग में एक नाबालिग भी शामिल बताया जा रहा है।

### हवाला कारोबार पर भी कसेंगे नकेल

बताया जा रहा है कि डोडा-पोस्त तस्करी के इस नेटवर्क में करोड़ों का लेन-देन हो रहा है। इसके लिए हवाला कारोबारियों पर भी पुलिस नजर रख रही है। इस तरह के मामलों पर नकेल कसे जाने के लिए हवाला कारोबार पर भी नकेल कसी जाएगी। पुलिस ने बताया कि मंदसौर-नीमच व मारवाड़ तक के इस तस्करी नेटवर्क को तोड़ने के लिए स्पेशल टीम गठित कर रखी है।

### डोडा तस्करी के गिरोह की कमर टूटी

पुलिस के अनुसार स्पेशल टीम की गिरफ्त में आए तस्कर बड़े गिरोह से जुड़े हुए हैं। मंदसौर से बाड़मेर व जालोर के विभिन्न इलाकों में डोडा-पोस्त सप्लाई करने वाला यह बड़ा गिरोह है। जालोर, सांचौर, धोरीमन्ना आदि इलाकों में बड़े सप्लायर होने से ये लोग हर समय बड़ी खेप तस्करी के जरिए लेकर जाते हैं। इनके पकड़ में आने से इस गिरोह की कमर टूटने की संभावना है।

# घरेलू गैस की कालाबाजारी का आरोपी पकड़ा, 13 महीने से था फरार

**जिला रसद विभाग की टीम ने की थी कार्यवाही, आरोपी के घर से बरमाद किये थे 77 सिलेंडर**

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** घरेलू गैस की कालाबाजारी,अवैध रूप से भंडारण करने और अतिरिक्त शुल्क वसूलने के मामले में कोतवाली थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 13 महीने से फरार चल रहे एक आरोपी को उसी के घर से गिरफ्तार किया है। गिरफ्त में आये आरोपी से अब कोतवाली थाना पुलिस थाने पर दर्ज मामले को लेकर पूछताछ कर रही है।

कोतवाली थाना अधिकारी देवेंद्र शर्मा ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देश पर वांछित अपराधियों को लेकर ऑपरेशन शिकंजा अभियान चलाया हुआ है। उक्त अभियान के तहत थाने पर दर्ज मामलों में वांछित चल आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए मुखबिर तंत्र का भी सहयोग लिया जा रहा है। ऐसे में कोतवाली थाने पर 1 जनवरी 2025 को जिला रसद अधिकारी के माध्यम से ईआई समीक्षा दिनकर पुत्री धर्मेंद्र दिनकर ने एक मामला दर्ज कराया था। जिसमें घरेलू वस्तु अधिनियम के तहत धारा 3/7 ईसी एक्ट में मामला दर्ज किया गया। उक्त मामले में टीम ने कार्रवाई करते हुए शहर की घुंघस कॉलोनी में आरोपी बच्चन सिंह कुंतल पुत्र विजेंद्र सिंह के घर से घरेलू गैस के 77 सिलेंडर जप्त किए थे साथ में 15 ग्राहकों के गैस कनेक्शन की पासबुक भी जप्त की थी।

थाने पर दर्ज उक्त मामले का आरोपी बच्चन सिंह कुंतल 13 महीने से फरार चल रहा था। सीओ महेंद्र कुमार मीणा के सुपरविजन में कार्यवाही की है। थाने के हेड कांस्टेबल रामधन,कांस्टेबल कमल सिंह, राम लखन और शिवचरण ने कार्रवाई करते हुए आरोपी बचन सिंह कुंतल को घुंघस कॉलोनी से गिरफ्तार किया है। जिससे थाने पर दर्ज मामले को लेकर पूछताछ की जा रही है। आरोपी 13 महीने से फरार था जो अलग-अलग स्थानों पर रहकर फरारी काट रहा था।

# 7 एसजीएम में नशे के खिलाफ जागरूकता नाटक कार्यक्रम आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**अनूपगढ़ ( डी एल सारस्वत )।** जिला कलक्टर डॉ. मंजू एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन के नेतृत्व में जारी नशा मुक्तअभियान के तहत 7 एसजीएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल में नशे के बढ़ते दुष्प्रभावों के विरुद्ध नाटक कार्यक्रम आयोजित किया गया। ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सूरतगढ़ द्वारा डिजिटल साक्षरता व साइबर फ्रॉड से कैसे बचे पर सशक्त संदेश के लिए नाटक आयोजन किया गया। नाटक के माध्यम से डिजिटल साक्षरता, साइबर धोखाधड़ी व नशे की भयावह सच्चाई को प्रस्तुत किया। सहीराम, विक्रम ज्याणी ने दिखाया कि किस प्रकार युवा ऑनलाइन गेमिंग के जरिये जीवन खराब कर रहे है और उसके साथ कैसे नशा आज पढ़ाई, परिवार की खुशियाँ और भविष्य तीनों को एक-एक कर निगल जाता है। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों के लिए केवल एक सांस्कृतिक प्रस्तुति नहीं, बल्कि आत्ममंथन और संकल्प का अवसर बनकर सामने आया।

# तेज रफ्तार कार ने तीन को उड़ाया

**बाइक से उछलकर सड़क पर गिरे, एक की मौत, दो गंभीर**

जयपुर।

जयपुर में शुक्रवार शाम हिट एंड रन में एक युवक की मौत हो गई। हादसे में उसके दो साथी गंभीर रुप से घायल हो गए। बाइक सवार तीनों दोस्तों को ओवर स्पीड कार टक्कर मारकर फरार हो गई। पत्रकार कॉलोनी थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मॉर्च्युरी में रखवाया है। दोनों घायलों का प्राइवेट हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है।

एसएचओ (पत्रकार कॉलोनी) मदन लाल कड़वासरा ने बताया- हादसा इस्कान मंदिर खरबास सर्किल के पास हुआ। शाम करीब 4:30 बजे एक बाइक पर तीन युवक बैठकर मानसरोवर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान ओवर स्पीड कार ने बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे के बाद ड्राइवर मौके से कार लेकर फरार हो गया।

# धौलपुर एसपी विकास सांगवान ने थानों का निरीक्षण किया

**भिवाड़ी जैसी घटना रोकने के लिए इंडस्ट्रियल यूनिट्स की जांच करेगी पुलिस, 8 बजे के बाद शराब बिक्री पर लगेगी रोक**

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** धौलपुर पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने बुधवार शाम बाड़ी शहर के कोतवाली और कंचनपुर थानों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने लंबित मामलों, कोर्ट से जुड़ी पत्रावलियों और 'ऑपरेशन शिकंजा' अभियान के तहत की गई गिरफ्तारियों की जानकारी ली।



### 'ऑपरेशन शिकंजा' में बाड़ी थाने का प्रदर्शन अव्वल

एसपी सांगवान ने बताया 'ऑपरेशन शिकंजा' पूरे जिले में चलाया जा रहा है।

इस अभियान में फरार, भगोड़े और इनामी अपराधियों के साथ-साथ आपराधिक गतिविधियों में लिप्त लोगों को गिरफ्तार किया जा रहा है।

उन्होंने थाना अधिकारियों से अभियान की प्रगति की जानकारी ली। इस अभियान में बाड़ी थाने का प्रदर्शन पूरे जिले में अव्वल रहा है।

### जिले की 80 प्रतिशत चौकियों पर स्टाफ तैनात - एसपी

निरीक्षण के दौरान, एसपी ने पुलिस की रात्रि गश्त व्यवस्था को और प्रभावी बनाने की बात कही। उन्होंने स्वागत कक्षों और अन्य पुलिस व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। खाली पड़ी चौकियों पर स्टाफ की कमी के सवाल पर एसपी ने बताया कि पहले नफरी की कमी थी, जो अब काफी हद तक दूर हो गई है। जिले की 80 प्रतिशत चौकियों पर स्टाफ तैनात कर दिया गया है।

उन्होंने बताया कि शहर की गुमट चौकी पर भी स्टाफ लगा दिया गया है, और नवीन तुलसीवन चौकी को भी जल्द ही अस्तित्व में लाया जाएगा।

### इंडस्ट्रियल यूनिट जांच करेगी पुलिस- एसपी

भिवाड़ी जैसी घटनाओं को रोकने के लिए औद्योगिक क्षेत्रों में पुलिस जांच पर पूछे जाने पर एसपी ने स्वीकार किया कि पुलिस शहर में तो गश्त करती है, लेकिन औद्योगिक क्षेत्रों में नहीं जा पाती। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए पुलिस औद्योगिक इकाइयों की जांच करेगी और प्रतिष्ठानों का डेटा भी एकत्र किया जाएगा।

### 8 बजे बाद शराब बिक्री पर लगेगी रोक- एसपी

शहर में रात 8 बजे बाद भी शराब की दुकानों के खुले होने या दुकान के आसपास संबंधित ठेका कर्मचारियों के रुके रहने और शराब की बिक्री ओवर टाइम किए जाने को लेकर जब पूछा गया तो उन्होंने कहा कि यह काम वैसे तो आबकारी विभाग का है। पुलिस केवल जांच कर सकती है। फिर भी अगर ओवर टाइम शराब की बिक्री हो रही है तो इस पर रोक लगाई जाएगी। जिसकी सूचना आबकारी विभाग को दी जाएगी। इस दौरान कंचनपुर एसएचओ रामकिशन यादव, कोतवाली सीआई देवेंद्र शर्मा, पुलिस के अधिकारी, जवान मौजूद रहे।

# दिव्यांग गतिविधि महोत्सव में दिव्यांग बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

बढ़ता राजस्थान



**अनूपगढ़ ( डी एल सारस्वत )।** अनूपगढ़ सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा विश्व सामाजिक न्याय दिवस के उपलक्ष्य में तपोवन मनोविकास विद्यालय परिसर में दिव्यांग गतिविधि महोत्सव मनाया गया, जिसमें जिला स्तर पर 60 से अधिक दिव्यांग बच्चों ने भाग लिया। इस आयोजन में दिव्यांग बच्चों के गैर-प्रतिस्पर्धी, मनोरंजनात्मक खेलों के माध्यम से आपसी सहभागिता ओर मेलजोल की भावना को बढ़ाने हेतु किया गया।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक विरेन्द्र पाल सिंह सेखो ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारम्भ तपोवन मनोविकास विद्यालय अध्यक्ष सुमेर मल बोरड, प्रन्यास अध्यक्ष महेश पेड़ीवाल एवं विद्यालय कोषाध्यक्ष मनोज चितलांगिया द्वारा किया गया। कार्यक्रम में जिले से तपोवन मनोविकास विद्यालय, एलकेसी जगदम्बा अंधविद्यालय, मानसी जनकल्याण समिति व अन्य संस्थाओं से दिव्यांग प्रतिभागियों ने भाग लिया। इन प्रतिभागियों ने बोच्ची, 100 मीटर दौड, शतरंज, लूडो, कैरम, टेबल टेनिस, बैडमिन्टन, डिस्क थ्रो आदि खेलों में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

# रोटरी क्लब दृष्टि का पॉलिथीन मुक्त उदयपुर अभियान तेज, प्रदीप कुमावत बने ब्रांड एम्बेसेडर

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** शहर को पॉलिथीन मुक्त बनाने की दिशा में सराहनीय पहल करते हुए रोटरी क्लब दृष्टि ने अपने अभियान को नई गति दी है। इस जन-जागरूकता अभियान के लिए समाजसेवी प्रदीप कुमावत को ब्रांड एम्बेसेडर नियुक्त किया गया है। क्लब का उद्देश्य शहर को स्वच्छ, सुंदर और पर्यावरण के अनुकूल बनाना है। क्लब की संरक्षक स्वीटी छाबड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि रोटरी क्लब दृष्टि पहले भी कई सामाजिक कार्यों के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव लाता रहा है। इसी कड़ी में अब 'पॉलिथीन मुक्त उदयपुर' अभियान को व्यापक स्तर पर चलाया जाएगा। इसके अलावा क्लब ने अब तक



शहर की 180 बावड़ियों की सफाई कर उनका पानी पीने लायक बना दिया। क्लब ने शहर की कुल 500 बावड़ियों की सफाई का लक्ष्य रखा है। अभियान के तहत शहर के प्रमुख पर्यटन और सार्वजनिक स्थलों जैसे फतेहसागर झील, पिछोला झील और गुलाब बाग सहित अन्य भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। यहां लोगों द्वारा फेंके जा रहे पॉलिथीन कचरे पर रोक लगाने के लिए जागरूकता रैलियां, नुक्कड़ नाटक, पोस्टर अभियान और कपड़े के थैलों का वितरण किया जाएगा। ब्रांड एम्बेसेडर प्रदीप कुमावत ने कहा कि पॉलिथीन पर्यावरण के लिए गंभीर खतरा है और इससे न केवल शहर की सुंदरता प्रभावित होती है बल्कि जल स्रोत भी प्रदूषित होते हैं। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष विक्रमादित्य सिंह कृष्णावत, डॉ पूजा छाबड़ा, सार्जेंट एट आर्म्स वैशाली मोटवानी और निदेशक पब्लिक इमेज परमेश्वर अग्रवाल, संतोष कालरा, पुष्पेन्द्र परमार सहित अनेक गणमान्य नागरिक व सदस्य मौजूद थे।

# पावटा में जश्न की लहर: विनोद जाखड़ बने एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष, युवाओं ने पटाखे छोड़ बांटी मिठाई

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** कस्बे में शुक्रवार को उत्साह और उल्लास का माहौल देखने को मिला, जब राजस्थान एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष विनोद जाखड़ को एनएसयूआई का राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किए जाने की घोषणा हुई। इस अवसर पर युवा नेता ओपी बायला के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने पावटा में पटाखे छोड़कर और लड्डू बांटकर खुशी जाहिर की। ओपी बायला ने बताया कि विनोद जाखड़ विराटनगर विधानसभा क्षेत्र के मैड़ जोधुला



गांव के निवासी हैं। उन्होंने छात्र राजनीति में लंबे समय तक संघर्ष और मेहनत के दम पर अपनी पहचान बनाई है। संगठन के प्रति उनकी निष्ठा, सक्रियता और नेतृत्व क्षमता के चलते उन्हें यह बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। बायला ने कहा कि जाखड़ की नियुक्ति से एनएसयूआई को राष्ट्रीय स्तर पर नई ऊर्जा और मजबूती मिलेगी। युवाओं की आवाज को और सशक्त मंच मिलेगा तथा संगठन को नई दिशा प्राप्त होगी। इस अवसर पर व्यापार मंडल अध्यक्ष एवं कांग्रेस नेता धर्मेंद्र गोयल, एसटी मोर्चा के महासचिव सुरेन्द्र मीणा, बड़नगर मंडल महासचिव रवि सैन, कांग्रेस नेता पुष्कर शर्मा, पावटा मंडल के मीडिया प्रभारी मालीराम बॉडीगर, ख्यालीराम गुर्जर, गौतम सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता और एनएसयूआई के साथी उपस्थित रहे। कार्यकर्ताओं ने विश्वास जताया कि विनोद जाखड़ के नेतृत्व में संगठन नई ऊंचाइयों को छुएगा और छात्र-युवा हितों के मुद्दों को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूती से उठाया जाएगा।

# पंचायत ने तोड़ दिया गौरव पथ, अब पुलिस में एफआईआर

**लाखों रुपए की लागत से बना था पथ, अब तोड़ दिया**

**विभागों की आपसी लड़ाई में दो दिन अटकी रही पुलिस रिपोर्ट**



सिरोही- वाटेरा में बगैर अनुमति तोड़ा मुख्यमंत्री ग्रामीण गौरव पथ।

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही ( नि.स. )।** वाटेरा ग्राम पंचायत में सीवरेज के नाम पर गौरव पथ तोड़ दिया गया। मुख्यमंत्री बजट घोषणा के तहत लाखों रुपए की लागत से निर्मित गौरव पथ तोड़े जाने पर सार्वजनिक निर्माण विभाग ने पुलिस में मामला दर्ज कराया है। वैसे यह समझ से परे ही है कि पंचायत को यदि काम करवाना ही था तो गौरव पथ क्यों तोड़ा गया। इसे तोड़े बगैर या आसपास से ही कोई अन्य निर्माण करवाया जा सकता था। चाहे जो पर विभागों की आपसी लड़ाई के चक्कर में निर्माण विभाग की एफआईआर दो दिन तक थाने में ही अटकी रही।

### जांच के बाद मामला दर्ज किया

उधर, बताया जा रहा है कि सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने एवं बगैर स्वीकृति निर्माण तोड़ने जैसे गंभीर आरोपों के बावजूद पुलिस ने मामला अटकाए रखा। थानाधिकारी अमराराम खोखर का कहना रहा कि अभी जांच चल रही है। इसके बाद मामला दर्ज करेंगे।

### निरीक्षण के बाद दी एफआईआर

आरोप है कि ग्राम पंचायत क्षेत्र में सार्वजनिक निर्माण विभाग की स्वीकृति के बगैर ही गौरव पथ तोड़ दिया गया। सूचना मिलने पर एईएन कमलेश बिश्नोई मौके पर पहुंचे। निरीक्षण के बाद उच्चाधिकारियों के निर्देश पर रोहिड़ा थाने में एफआईआर दी गई।

### दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी

इस मामले में पीडब्ल्यूडी एक्सईएन रमेश परिहार ने बताया कि वाटेरा में गौरव पथ तोड़े जाने की सूचना मिली थी। इसके बाद निरीक्षण करवाकर दो दिन पहले पुलिस में एफआईआर दी गई। अब पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। सरकारी सम्पति को नुकसान पहुंचाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# रायसिंह का पुरा में जमीन विवाद को लेकर झगड़ा, फायरिंग में एक युवक घायल

**सदर पुलिस ने घायल को पहुंचाया अस्पताल, आरोपियों की तलाश जारी**

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** उपखंड के सदर थाना क्षेत्र की रायसिंह का पूरा गांव में खेत विवाद में चल रहे झगड़े में शुक्रवार को सरसों की फसल कटाई के दौरान दो पक्ष आमने-सामने हो गए। घटना के दौरान हुए पथराव और फायरिंग में एक युवक को गोली लगी है। जिसे सूचना पर पहुंची पुलिस ने बाड़ी अस्पताल पहुंचाया। जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल धौलपुर रेफर किया है। वहीं सदर थाना एसएचओ और पुलिस टीम रायसिंह का पूरा गांव में मामले को लेकर जांच कर रही है। सदर थाना अधिकारी मोहर सिंह ने बताया कि



थाना क्षेत्र के गांव रायसिंह का पूरा में दिन के करीब 2 बजे गांव के सोनेराम और परिवार के ही अन्य लोगो मे झगड़ा हुआ है। झगड़े की बजह खेत को लेकर विवाद है। जिसमे बोई गई सरसो की फसल कटाई के दौरान उक्त झगड़ा हुआ है। झगड़े में सोनीराम पुत्र बद्रीराम गुर्जर के बाएं हाथ के कोहनी के ऊपर गोली लगी है। जिसे बाड़ी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से बाद में उसे डॉक्टरों ने गनशॉट के चलते जिला अस्पताल धौलपुर भेजा है। मामले को लेकर गांव रायसिंह का पुरा में पुलिस मौजूद है। एसएचओ खुद मामले की जांच कर रहे हैं। आरोपियों की तलाश जारी है।

# उपखंड अधिकारी ने 2 एलपीएम विद्यालय का औचक निरीक्षण किया

बढ़ता राजस्थान

**अनूपगढ़ ( डी एल सारस्वत )।** अनूपगढ़ पीएम श्री राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय 2 एलपीएम में उपखंड अधिकारी रायसिंहनगर ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने पीएम श्री योजना में आने वाली गतिविधियों एवं भौतिक सुविधाओं को देखा। उपखंड अधिकारी ने बच्चों से शिक्षा स्तर भी परखा। मौके पर विद्यालय में लगाएं गए पेड़ पौधों की सहराना की गई। उपखंड अधिकारी ने संस्था प्रधान से विद्यालय में आवश्यकता को पूछा जिस पर संस्था प्रधान करतार सिंह वर्मा ने स्कूल की चारदीवारी की मांग रखी। करतार सिंह वर्मा ने उपखंड अधिकारी को सम्मान प्रतीक भेंट किया।

# छोटी उम्र, बड़ा धमाल: नन्हे व्योम बंडी ने रचा कीर्तिमान

**कम उम्र में असाधारण मानसिक क्षमता का प्रदर्शन, नाम दर्ज हुआ इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में**

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** शहर के नन्हे प्रतिभाशाली छात्र व्योम बंडी ने यह साबित करते हुए कि प्रतिभा उम्र की मोहताज नहीं होती, व्योम बंडी ने अपनी अद्भुत मानसिक क्षमता और एकाग्रता का परिचय देते हुए इण्डिया बुक ऑफ रिकॉर्डस में अपना नाम दर्ज कराया है। कम आयु में प्राप्त यह उपलब्धि न केवल व्योम की मेहनत और समर्पण का परिणाम है, बल्कि वैज्ञानिक एवं सुसंगठित प्रशिक्षण पद्धति की सफलता का भी प्रमाण है। तकनीकी रूप से क्या रहा विशेष-व्योम ने ब्लाइंडफोल्ड एक्टिविटी (आंखों पर पट्टी बांधकर) के माध्यम से उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस प्रक्रिया में निम्न मानसिक एवं न्यूरो-





कोग्निटिव क्षमताओं का प्रभावशाली समन्वय देखने को मिला। सेंसरी एनहांसमेंट एवं मल्टी-सेंसरी एक्टिवेशन-न्यूरो-मोटर कोऑर्डिनेशन आई-हैंड कोऑर्डिनेशन एवं स्पेशल अवेयरनेसवर्किंग मेमोरी एवं फोकस्ड अटेंशन कंट्रोल ब्लाइंडफोल्ड प्रशिक्षण के दौरान विजुअल इनपुट को सीमित कर अन्य इंद्रियों की सक्रियता बढ़ाई जाती है, जिससे मस्तिष्क की प्रोसेसिंग क्षमता और रिस्पॉन्स टाइम में सुधार होता है। व्योम ने इस तकनीक के माध्यम से सटीकता और गति दोनों में उत्कृष्ट संतुलन प्रदर्शित किया।

### विशेषज्ञ मार्गदर्शन का परिणाम

इस सफलता के पीछे क्रिएंजा की संस्थापक पश्मिना जैन का प्रेरणादायी मार्गदर्शन रहा,साथ ही जयपुर स्थित ए ब्रेन कोच के प्रशिक्षक प्रवीण पारीक एवं निशा पारीक द्वारा प्रदान किया गया।

विशेष सेंसरी एनहांसमेंट प्रशिक्षण इस उपलब्धि का प्रमुख आधार रहा। सुव्यवस्थित प्रशिक्षण मॉड्यूल, नियमित प्रैक्टिस सेशन और माइंड एक्टिवेशन तकनीकों ने व्योम की क्षमताओं को नई दिशा दी।

# घरेलू एलपीजी सिलेण्डर के दुरूपयोग पर रसद विभाग ने की कार्यवाही



बढ़ता राजस्थान

**अनूपगढ़ ( डी एल सारस्वत )।** रसद विभाग द्वारा घरेलू एलपीजी सिलेण्डर के दुरूपयोग पर कार्यवाही की गई। जिला रसद अधिकारी कविता सिहाग ने बताया कि जिला कलक्टर डॉ. मंजू के निर्देशानुसार घरेलू एलपीजी सिलेण्डर के व्यवसायिक दुरूपयोग की गतिविधियों पर अंकुश लगाने हेतु 16 फरवरी 2026 से जारी विशेष अभियान के तहत विभिन्न प्रतिष्ठानों की जांच करते हुए कार्यवाही की गई। उन्होंने बताया कि इस दौरान विभागीय टीमों द्वारा 2 कार्यवाहियां करते हुए 16 घरेलू एलपीजी सिलेण्डर का दुरूपयोग पाया गया। इस दौरान घडसाना में दो जगह कार्यवाही करते हुए 16 सिलेण्डर जब्त किये गये एवं रावला मण्डी में एजेंसी की जांच की गई।

### राज्यपालबागडे ने सरदार पटेल पुलिस, सुरक्षा एवं आपराधिक न्याय विश्वविद्यालय की समीक्षा बैठक ली

# पुलिस एवं रक्षा सेवाओं की तैयारी के अनुकूल पाठ्यक्रम विकसित हों, विश्वविद्यालय राष्ट्र निर्माण का वैचारिक केंद्र बने - राज्यपाल

बढ़ता राजस्थान




**जयपुर (का.स.)।** राज्यपाल एवं कुलाधिपति हरिभाऊ बागडे ने शुक्रवार को सरदार पटेल पुलिस, सुरक्षा एवं आपराधिक न्याय विश्वविद्यालय में अधिकारियों की विस्तृत समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की।

बैठक में विश्वविद्यालय की शैक्षणिक प्रगति, परिणामोन्मुख अनुसंधान, परीक्षा प्रणाली, नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन, सामुदायिक सेवाओं तथा छात्र कल्याण से संबंधित विषयों पर व्यापक चर्चा की गई। राज्यपाल बागडे ने निर्देश दिए कि विश्वविद्यालय दीर्घकालीन कार्ययोजना तैयार कर शैक्षणिक एवं प्रशासनिक कार्यों को सुव्यवस्थित और परिणामोन्मुख बनाए। उन्होंने कहा कि पाठ्यक्रम, प्रशिक्षण मॉड्यूल और सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों को इस प्रकार डिज़ाइन किया जाए कि विद्यार्थियों को पुलिस सेवाओं एवं रक्षा सेवाओं की प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं की तैयारी में प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त हो। राज्यपाल ने समय-समय पर एजी ऑडिट करवाने के निर्देश देते हुए प्रशासनिक पारदर्शिता और वित्तीय अनुशासन को सुदृढ़ करने पर बल दिया। उन्होंने परीक्षा प्रक्रिया को पूर्णतः पारदर्शी, सुरक्षित और विश्वसनीय बनाने की आवश्यकता दोहराई। साथ ही राष्ट्रीय महत्व के विषयों पर उच्चस्तरीय अध्ययन-अनुसंधान को प्रोत्साहित करने तथा प्रति माह प्रतिष्ठित विद्वानों को आमंत्रित कर ज्ञान-सहभागिता कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय को राष्ट्र निर्माण का वैचारिक केंद्र बनना चाहिए, जहाँ से अनुशासित, राष्ट्रनिष्ठ एवं नैतिक मूल्यों से परिपूर्ण नेतृत्व तैयार हो। नई शिक्षा नीति भारतीय मूल्यों और राष्ट्रीय दृष्टि पर आधारित है, अतः भारतीय ज्ञान परंपरा तथा आधुनिक अनुसंधान का समन्वय कर विद्यार्थियों के ज्ञान, चरित्र एवं कौशल का संतुलित विकास सुनिश्चित किया जाए। राज्यपाल बागडे ने विद्यार्थियों की बौद्धिक एवं शारीरिक क्षमताओं के समग्र विकास पर विशेष बल दिया। उन्होंने खेल, व्यायाम, नेतृत्व प्रशिक्षण एवं व्यवहारिक अभ्यास को शिक्षा का अभिन्न अंग बनाने के निर्देश दिए। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में प्रत्येक वर्ष अधिक से अधिक वृक्षारोपण अभियान संचालित करने तथा लगाए गए पौधों के संरक्षण की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया। राज्यपाल ने विश्वविद्यालय से अपेक्षा की कि उत्कृष्ट शिक्षण-प्रशिक्षण, प्रभावी शोध तंत्र, अनुशासित प्रशासनिक व्यवस्था तथा बहुआयामी छात्र विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए, ताकि विश्वविद्यालय राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित कर सके। कुलगुरु डॉ. आलोक त्रिपाठी ने विश्वविद्यालय के शैक्षणिक कार्यक्रमों, प्रवेश की वर्तमान स्थिति, एनईपी-2020 के प्रभावी क्रियान्वयन, परीक्षा सुधार, अनुसंधान परियोजनाओं, सामुदायिक सहभागिता गतिविधियों एवं उपलब्धियों का विस्तृत प्रस्तुतीकरण किया।

## स्वागत वेब पोर्टल का विधिवत शुभारंभ डिजिटल माध्यम से आगंतुकों को मिलेगा आसान, सुरक्षित और पारदर्शी प्रवेश

बढ़ता राजस्थान




**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** जिला पुलिस कार्यालय कोटपूतली-बहरोड़ में 'स्वागत' वेब पोर्टल का विधिवत शुभारंभ उप महानिरीक्षक पुलिस सह-पुलिस अधीक्षक, जिला कोटपूतली-बहरोड़ देवेंद्र कुमार बिश्नोई (आई.पी.एस.) द्वारा किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। भारत सरकार की डिजिटल इंडिया पहल के अंतर्गत विकसित च्स्वागत-गव-इनज्ज् पोर्टल का उद्देश्य सरकारी कार्यालयों में आगंतुकों के प्रवेश एवं मुलाकात की प्रक्रिया को सरल, सुरक्षित और पारदर्शी बनाना है। यह पोर्टल नेशनल इन्फॉर्मेटिक्स सेंटर द्वारा विकसित किया गया है, जिससे आगंतुकों की जानकारी का डिजिटल रिकॉर्ड सुरक्षित रूप से संधारित किया जा सकेगा।इस पोर्टल के माध्यम से अब नागरिक अपने मोबाइल या ऑनलाइन माध्यम से संबंधित अधिकारी से मिलने के लिए पूर्व में ही अपॉइंटमेंट ले सकेंगे। आगंतुकों को कार्यालय में प्रवेश के समय फोटो पहचान पत्र साथ लाना होगा तथा रिसेप्शन काउंटर पर आवश्यक विवरण दर्ज कराना होगा। इससे अनावश्यक भीड़, लंबी कतारों और समय की बर्बादी से मुक्ति मिलेगी।पुलिस अधीक्षक बिश्नोई ने बताया कि इस डिजिटल व्यवस्था से कार्यालयीन कार्यों में पारदर्शिता बढ़ेगी और नागरिकों को बेहतर सुविधा प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि इससे आगंतुकों की सुरक्षा व्यवस्था भी सुदृढ़ होगी तथा प्रत्येक मुलाकात का रिकॉर्ड सुरक्षित रखा जा सकेगा। उल्लेखनीय है कि इस पोर्टल का जिले में 9 फरवरी 2026 से प्रायोगिक रूप से संचालन किया जा रहा था, जिसका शुक्रवार को औपचारिक शुभारंभ किया गया।

## भूखंड की मूल रजिस्ट्री गुम होने की सूचना

मैं पीयूष कुमार शर्मा पुत्र गजानंद रामुका निवासी वार्ड नं. 9 खाटू , सीकर राजस्थान का निवासी हूं। मेरा भूखंड सीकर जिले की दातारामगढ़ तहसील के अंतर्गत आने वाले खाटूश्याम पटवार हल्के के भूमि खसरा संख्या 481/4149 रकबा 0.40 है. में से संपरिवर्तन शुदा 0.24 है। भूमि में स्थित भूखंड संख्या 58 (क्षेत्रफल 220 वर्ग गज) की मूल रजिस्ट्री जिसका पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 17/03/2015 को श्री श्याम कृपा डवलपर्स सी -37 विजय विहार कॉलोनी, नया खेड़ा अम्बाबाड़ी जयपुर, जरिये पार्टनर ललिता देवी धर्मपत्नी श्री पूरणमल जाति मीणा, निवासी खाटूश्यामजी व सुमेर लाम्बा पुत्र श्री गोविंद सिंह लाम्बा, जाति जाट निवासी जयपुर के द्वारा सागरमल पुत्र श्री विश्वेश्वर लाल शर्मा, जाति ब्राह्मण निवासी हनुमानपुरा खाटूश्यामजी के पक्ष में निष्पादित किया गया जो उप पंजीयन कार्यालय दातारामगढ़ सीकर राजस्थान में पंजीकृत है। जो पुस्तक संख्या 1 खण्ड संख्या 435 पृष्ठ संख्या 53 क्रम संख्या 20150000834 पर पंजीबद्ध किया गया तथा अतिरिक्त पुस्तक संख्या 1 जिल्द संख्या 1933 के पृष्ठ संख्या 25 से 36 पर चस्पा किया गया। जिसको काफी तलाश करने के बाद भी नहीं मिली तो ऑनलाइन रिपोर्ट संख्या एल आर न. 3058014/2026 दर्ज करवाई गई है। जिस किसी भी सज्जन को मिले तो मो. न. 8003782862 पर संपर्क करें।

## रींगस में 394 किलोग्राम मिल्क केक एवं 70 किलोग्राम अवधिपार खाद्य सामग्री नष्ट करवाई

बढ़ता राजस्थान

**सीकर (नि.स.)।** खाटूश्यामजी के लक्खी मेले में आने वाले श्रद्धालुओं का शुद्ध व ताजा खाद्य सामग्री उपलब्ध हो, इसके लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगातार खाद्य वस्तुओं के प्रतिष्ठानों का निरीक्षण एवं खाद्य सामग्री की जांच की जा रही है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक महरिया ने बताया कि जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा व खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण आयुक्त डॉ टी शुभमंगला के निर्देशन में स्वास्थ्य विभाग के खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम द्वारा लगातार वस्तुओं की जांच व प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया जा रहा है। इस दौरान मिलावट की आशंका व अवधि पार मिलने वाली खाद्य सामग्री को नष्ट करवाया जा रहा हैं। शुक्रवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने रींगस में 394 किलोग्राम मिल्क केक और 70 किलोग्राम अवधिपार खाद्य सामग्री नष्ट करवाई। रींगस में डीएसटी टीम के साथ खाद्य सुरक्षा अधिकारी फूल सिंह बाजिया और सुरेश कुमार शर्मा ने पिकअप गाड़ी द्वारा खाटू मेले में सप्लाई किए जा रहे मिल्क केक एवं मावे की मिठाई के सैम्पल लेकर मिलावट की आशंका पर 394 किलोग्राम मिल्क केक व मावा मिठाई को वाहन चालक निहानचंद निवासी घासौली जिला खैरथल तिजारा की सहमति से जेसीबी से गड्ढा खुदवाकर नष्ट करवाया। साथ ही मिल तिराह, बीकानेर बस स्टैण्ड पर मेले के मददेनजर खाद्य वस्तुओं की दुकानों का निरीक्षण किया। इस दौरान मिल तिराहा पर स्थित होटल स्टार वैली में अवधि पार 55 किलोग्राम चिप्स, कुरकुरे नष्ट करवाए तथा रेलवे स्टेशन रींगस पर श्री श्याम चाट भंडार पर ब्रेड पैकेट अवधि पर मिलने पर दुकान की सहमति से 15 किलोग्राम ब्रैड नष्ट करवाई।

### रसगुल्ला फैक्ट्री पर खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने की कार्यवाही

## 810 किलोग्राम रसगुल्ला मिलावट के संदेह पर किया सीज

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रक डॉ. टी. शुभमंगला, जिला कलक्टर प्रियंका गोस्वामी, एडीएम ओमप्रकाश सहारण एवं सीएमएचओ डॉ. आशीष सिंह शेखावत के निर्देशन में शुक्रवार को कस्बे के बानसुर रोड़ स्थित रसगुल्ला फैक्ट्री पर खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने कार्यवाही कर 810 किलोग्राम रसगुल्ला मिलावट के संदेह पर सीज किया एवं लगभग 100 किलोग्राम मिलावटी मिल्क केक नष्ट कराया गया। जांच दल द्वारा मैसर्स किशन गोपाल रसगुल्ला फैक्ट्री का निरिक्षण किया गया, यहाँ पर दो कार्टून में लगभग 100 किलोग्राम मिल्क केक रखा हुआ था। विक्रेता रोहिताष्व कुमार ने बताया कि उक्त मिल्क केक 140 रूपये प्रति किलोग्राम के भाव से मंगवाया है। मिल्क केक का मतलब होता है दुध व चीनी से बनाया हुआ खाद्य पदार्थ। जिसकी एक किलोग्राम निर्माण की वास्तविक लागत लगभग 300-350 रूपये प्रति किलोग्राम है। यह मिल्क केक सूजी, ग्लूकोज, रिफाइंड सोयाबीन तेल एव चीनी से मिलकर बनाया गया था। यहाँ रसगुल्ला निर्माण ईकाई पर 45 टिन रसगुल्ले भी रखे हुये थे, जिसे विक्रेता द्वारा 70 रूपये प्रति किलो के भाव से खरीद होना बताया। इन दोनां खाद्य पदार्थो में मिलावट का शक होने एवं मिल्क का दुषित होने पर नमूना लेकर शेष बचे मिल्क केक को मौके पर नष्ट करा दिया गया। इसी प्रकार रसगुल्ले का एक सैंपल खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत लेकर बचे 45 टिन (कुल 810 किलोग्राम) रसगुल्ला को रिर्पोट आने तक परिसर में सीज किया गया है। जांच हेतु लिये गये रसगुल्ला व मिल्क केक के नमूनों को प्रयोगशाला भिजवा दिया गया है। जांच रिर्पोट आने पर नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। आमजन से अनुरोध है क्षेत्र में अगर इस तरह की मिलावट हो रही है तो विभाग को सूचित करे। कार्यवाही के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी शशिकांत शर्मा मय टीम मौजूद रहे।

## प्रपत्र संख्या 7
## ( देखिये नियम 21 )
### राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18(2) के अधीन नोटिस
### कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को

मुकदमा नम्बर : **DEV/JAIPUR-I / TRUST / 2026/1327**

चूंकि प्रार्थी श्री Jagdish Prasad Jeetarwal, 135, Pura Baba Ki Dhani, Murlipura, Jaipur ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत प्रन्यास मरुधरा सेवा संस्थान, 9, Vikas Nagar, Kalwar Road, Jhotwara, Jaipur के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है। अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 05.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।

आइदा तारीख पेशी 10.04.2026

**सहायक आयुक्त**
**देवस्थान विभाग, जयपुर-प्रथम**

## जिला कलेक्टर ने सेक्टर अधिकारियों की ली बैठक

### बाबा श्याम के आठ दिवसीय वार्षिक लक्खी मेले का कल से आगाज, प्रशासन पूरी तरह तैयार



बढ़ता राजस्थान

**खाटूश्यामजी/ सीकर (नि.स.)।** जिले के खाटूश्यामजी कस्बे के प्रसिद्ध बाबा श्याम के आठ दिवसीय वार्षिक लक्खी फाल्गुनी मेले का आज से विधिवत शुभारंभ होगा। जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने शुक्रवार को ड्यूटी मजिस्ट्रेटों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला कलेक्टर शर्मा ने स्पष्ट किया कि सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट पुलिस अधिकारियों के साथ बेहतर समन्वय बनाकर मेले की व्यवस्थाएं संभालेंगे ताकि किसी भी स्थिति में श्रद्धालुओं को असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि सुगम दर्शन व्यवस्था प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है, जिससे देश-विदेश से आने वाले श्याम भक्त एक अच्छा संदेश लेकर लौटें। उन्होंने कहा कि 12 कंट्रोल रूम पर हर विभाग का प्रतिनिधि रहेगा तैनात-मेले के दौरान बेहतर समन्वय के लिए कुल 12 कंट्रोल रूम स्थापित किए गए हैं। प्रत्येक कंट्रोल रूम में प्रशासन, पुलिस, चिकित्सा, नगर परिषद सहित विभिन्न विभागों के कर्मचारी रहेंगे। किसी भी समस्या के त्वरित समाधान के लिए सभी प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों का एक व्हाट्सएप ग्रुप भी बनाया गया है, जिसमें समस्याएं साझा होते ही तुरंत कार्रवाई की जा सकेगी। संपूर्ण मेला क्षेत्र को 9 सेक्टरों में विभाजित किया गया है।

### स्वयंसेवकों ने किया श्रमदान व पौधारोपण

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** कस्बे के राजकीय एलबीएस पी जी महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की चारों ईकाईयों के संयुक्त तत्वाधान में सात दिवसीय विशेष शिविर के 05 वें दिवस गुरूवार को माँ सरस्वती के समक्ष द्वीप प्रज्जवलन एवं सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ। इसके पश्चात राष्ट्रीय सेवा योजना गीत का गायन किया गया। स्वयंसेवक जसवंत बृजेश ने पाँचवें दिवस की गतिविधियों की रूपरेखा प्रस्तुत की। प्राचार्य प्रो. राजेंद्र कुमार सिंह ने स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से व्यक्तित्व विकास एवं सर्वांगीण विकास के लिए प्रेरित किया।

## भजनलाल शर्मा के निर्देश पर वार्ड 77 सांगानेर में आज निशुल्क 'निरोगी सांगानेर' चिकित्सा एवं योग शिविर का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के द्वारा सांगानेर विधानसभा क्षेत्र के वार्ड 77 के निवासियों के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग राजस्थान जयपुर के द्वारा निशुल्क निरोगी सांगानेर चिकित्सा शिविर 21 फरवरी 2026 को प्रदेश 7 से 2:00 बजे तक त्रिवेणी नगर स्थित सामुदायिक केंद्र में आयोजन किया जाएगा। वार्ड के निवासियों को अपना आधार कार्ड/जन आधार कार्ड अनिवार्य रूप से साथ लेकर आना है जांच रिपोर्ट रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर भिजवाई जाएगी। रिद्धि सिद्धि मंडल की मंडल अध्यक्ष दीपा नाथावत ने बताया कि योग शिविर में अनुभवी चिकित्सा का परामर्श सभी प्रकार की जांच और दवाइयां का वितरण निशुल्क रहेगा।

कैलाशी नन्द किशोर शर्मा ने बताया कि माननीय मुख्यमंत्री की पहला सुख सुख निरोगी काया के उद्देश्य को ध्यान में रखकर बच्चों, स्त्रियों ,पुरुषों, वरिष्ठ / सीनियर सिटीजन्स, दिव्यांग जनों आदि सभी के लिए यह शिविर आयोजित किया जा रहा है जिसमें निम्न प्रकार की सुविधा मिलेगी। वार्ड 77 के निवासियों के लिए योगाचार्यों द्वारा प्रातः 7:00 से 8:00 बजे तक योग किया जाएगा ।

## कार्यालय नगरपालिका मण्डल बानसूर (कोटपूतली - बहरोड)

**Email id-bansur.ulb.jaipur@gmail.com** **Phone no. 01461-294231**

**क्रमांक. - न.पा.बा. / 2025-26/2018** **दिनांक: 20.02.2026**

### सार्वजनिक आपत्ति सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका बानसूर विभिन्न आवेदनकर्ताओ द्वारा राजस्व ग्राम बानसूर, बाढ़ भावसिंह, बाढ़ धुंधला, बाढ तेगुवास में अपनी संपत्ति के कृषि भूमि नियमन / नागान्तरण एवं उपविभाजन योजना अंतगर्त पट्टे जारी करवाने हेतु आवेदन किये गए है सम्बंधित आवेदन की विस्तृत जानकारी नोटिस बोर्ड कार्यालय नगरपालिका बानसूर, उपखंड कार्यालय, तहसील कार्यालय व पंचायत समिति कार्यालय पर देखी जा सकती है। अपना दावा / आपत्ति नगरपालिका बानसूर में अवधि 07 दिवस में प्रस्तुत करे।

| क्र. स. | आवेदक का नाम पिता/पति का नाम | स्थित भवन/भूमि का मौहल्ला रास्ता | राजस्व ग्राम | विवरण | भूखण्ड का क्षेत्रफल | प्रयोजनार्थ |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री रामस्वरुप सिंह श्री पुत्र बालू सिंह | बाढ भावसिंह | बाढ भावसिंह | कृषि भूमि ख.सं. 483 | 292 वर्गगज | आवासीय |
| 2. | श्रीमती किरण देवी पत्नी रामस्वरुप सिंह | बाढ भावसिंह | बाढ भावसिंह | कृषि भूमि ख.सं. 213 | 240 वर्गगज | आवासीय |
| 3. | श्रीमती कविता यादव पत्नी श्री सत्यवीर सिंह यादव | बानसूर | बानसूर | कृषि भूमि ख.सं. 1387 | 364 वर्गगज | आवासीय |
| 4. | श्री शिम्भुदयाल शर्मा पुत्र श्री छोटेलाल शर्मा | बानसूर | बानसूर | कृषि भूमि ख.सं. 1206 | 366 वर्गगज | आवासीय |
| 5. | श्री शिम्भुदयाल शर्मा पुत्र श्री छोटेलाल शर्मा | बानसूर | बानसूर | कृषि भूमि ख.सं. 1206 | 206.64 वर्गगज | आवासीय |
| 6. | श्री कृष्ण कुमार यादव पुत्र श्री मुरारी लाल | बानसूर | बानसूर | कृषि भूमि ख.सं. 317/3168 | 203.29 वर्गगज | आवासीय |
| 7. | श्री शीशराम पुत्र गोवर्धन यादव | बाढ़ धुंधला | बाढ़ धुंधला | कृषि भूमि ख.सं. 343 | 150 वर्गगज | आवासीय |
| 8. | श्री रामस्वरुप पटेल पुत्र श्री काशीराम | बानसूर | बानसूर | कृषि भूमि ख.सं. 892 | 288.88 वर्गगज | आवासीय |
| 9. | श्री कमलेश कुमार लाटा पुत्र श्री ग्यारसी लाटा | बानसूर | बानसूर | आबादी | 132.41 वर्गगज | आवासीय |
| 10. | श्रीमती सुमित्रा यादव पत्नी श्री हरिसिंह यादव | बानसूर | बानसूर | कृषि भूमि ख.सं. 904 | 948.70 वर्गगज | आवासीय |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगरपालिका बानसूर**

## सम्पादकीय

# वैश्विक सम्मेलन में निर्लज्जता का प्रदर्शन, कांग्रेस का वैचारिक दिवालियापन

एआई इंपैक्ट समिट स्थल पर युवक कांग्रेस कार्यकर्ताओं का अधनंगे होकर प्रदर्शन करना फूहड़ता की पराकाष्ठा है। निर्लज्जता केवल यह नहीं कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भारत की अध्यक्षता वाले एक वैश्विक सम्मेलन में शर्ट उतारकर प्रदर्शन करना आवश्यक समझा, बल्कि यह भी है कि कांग्रेस के नेता इस अर्धनग्न प्रदर्शन की प्रशंसा कर रहे हैं और उसके प्रवक्ता टीवी चैनलों पर अपने लोगों की भद्दी हरकत का बिना किसी संकोच बचाव कर रहे हैं। यह कांग्रेस के वैचारिक दिवालिएपन का ही परिचायक नहीं, बल्कि इस सवाल का जवाब भी है कि वह लगातार चुनावी पराजय का सामना क्यों कर रही है और उसकी राजनीतिक जमीन क्यों खिसकती जा रही है। कांग्रेस जिस बेशर्मी से अपने कार्यकर्ताओं के शर्ट उतार विरोध प्रदर्शन के औचित्य को सही सिद्ध करने की कोशिश कर रही है, उससे यह भी रेखांकित होता है कि पीएम मोदी का विरोध करते-करते वह सरकार और देश विरोध के अंतर को पूरी तरह भूल चुकी है। लंबे समय तक केंद्र की सत्ता में रही कांग्रेस इससे अनभिज्ञ नहीं हो सकती कि अंतरराष्ट्रीय महत्व के सम्मेलनों से देश का मान-सम्मान जुड़ा होता है और ऐसे आयोजन देश के कार्यक्रम होते हैं, न कि दल या सरकार विशेष के। कांग्रेस को यह पता ही होगा कि एआई सम्मेलन में एक दर्जन से अधिक देशों के शासनाध्यक्षों और लगभग 75 देशों के प्रतिनिधिमंडलों के साथ चोटी की एआई कंपनियों और उद्योग जगत के जाने-माने प्रतिनिधि आए हैं। एक तो दुनिया भर का ध्यान आकर्षित करने वाले आयोजन का स्थल दलगत संकीर्ण राजनीतिक हितों की पूर्ति का माध्यम नहीं हो सकता और दूसरे, यदि कांग्रेस को इस सम्मेलन से कोई शिकायत थी तो वह दिल्ली में ही अन्यत्र कहीं पर भी प्रदर्शन कर सकती थी। भारत मंडपम में छल-छद्म से घुसे अर्धनग्न प्रदर्शन करने वाले युवक कांग्रेस के पदाधिकारियों की संख्या तो आठ-दस ही थी, लेकिन उन्होंने समूची कांग्रेस को बदनाम करने के साथ ही भारत को असहज करने की कुचेष्टा की। इस पर हैरानी नहीं कि एआई समिट के आयोजन स्थल में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं के भोंडे प्रदर्शन से कांग्रेस के सहयोगी दल भी असहमति जता रहे हैं, लेकिन यह तय है कि कांग्रेस नेतृत्व यह आभास नहीं करने वाला कि उसने दुनिया भर से आए मेहमानों और अंतरराष्ट्रीय मीडिया के समक्ष अपनी क्षुद्रता का ही परिचय दिया। ऐसे कृत्य राजनीतिक निकृष्टता ही कहे जाते हैं। लज्जा की बात केवल यह नहीं कि कांग्रेस ने मोदी सरकार की नीतियों से अपनी नाराजगी जताने के लिए एक बहुचर्चित अंतरराष्ट्रीय आयोजन स्थल को चुना, बल्कि यह भी है कि उसके प्रदर्शन का तरीका बहुत ही गंदा और जुगुप्सा पैदा करने वाला रहा।




## आज का इतिहास | बढ़ता राजस्थान

### 21 फरवरी की महत्त्वपूर्ण घटनाएं

- 1613- माइकल रोमारोव रूस के जार बने और तभी से वहाँ रोमानोव वंश का शासन स्थापित हुआ।
- 1707- औरंगज़ेब की मौत अहमदनगर में हुई।
- 1795- डचों ने सीलोन, श्रीलंका अंग्रेज़ों को सौंप दिया।
- 1842- अमेरिका में सिलाई मशीन का पेटेंट कराया गया।
- 1848 - कार्ल मार्क्स और फ्रेडरिक एंजेल्स ने कम्युनिस्ट पार्टी का घोषणा पत्र प्रकाशित किया।
- 1907 - अंग्रेज़ी भाषा के कवि आडेन का जन्म।
- 1914 - बर्दुन का युद्ध प्रारम्भ।
- 1916 - प्रथम विश्व युद्ध में फ्रांस में बर्डन की लड़ाई भड़की।
- 1919 -बावारेवा के प्रधानमंत्री कुर्तरिजनर की हत्या म्यूनिख में हुई।
- बार्सिलोना में क्रान्ति।
- 1925 - न्यूयॉर्कर मैगजीन के प्रथम संस्करण का प्रकाशन।
- 1943 - ब्रिटेन नरेश जार्ज षष्ठ ने रूसियों को सम्मानित किया।
- 1946 - मिस्र में ब्रिटेन के ख़िलाफ़ विरोध प्रदर्शन।
- 1948 - स्वतंत्र भारत के संविधान का प्रारूप संविधान सभा के अध्यक्ष के समक्ष रखा गया।
- 1952 - ढाका (उस समय पूर्वी पाकिस्तान) में पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर तब गोलियां चलाईं जब वे बांग्ला को आधिकारिक भाषा का दर्जा देने की मांग कर रहे थे। बाद में इस आधिकारिक दर्जा दिया गया और बांग्लादेश में इसके बाद से यह दिन भाषा आंदोलन के स्मारक के रूप में मनाया जाने लगा । यूनेस्को ने इसे बाद में अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस घोषित किया।
- 1959 - प्रेस क्लब आफ़ इंडिया की नई दिल्ली में स्थापना।
- 1963 - सोवियत संघ ने अमेरिका को चेतावनी दी कि क्यूबा पर हमला विश्वयुद्ध में बदल सकता है।
- 1973 - सिनाई रेगिस्तान में, इजरायली लड़ाकू विमान ने लीबिया अरब एयरलाइंस के विमान-114 को मार गिराया जिससे इसमें सवार 108 लोगों की मौत हो बई।
- 1974 - युगोस्लाविया ने संविधान स्वीकार किया।

## विशेष आलेख

# आने वाली पीढ़ी को हम कैसी विरासत दे रहे हैं?



अमिता शर्मा




02-03

पिविरासत केवल ज़मीन-जायदाद या संपत्ति का नाम नहीं होती। विरासत वह भी है जो हम अपने बाद आने वाली पीढियों के लिए छोड़ जाते हैं—विचार, मूल्य, पर्यावरण, संसाधन और समाज की संरचना। प्रश्न यह है कि हम अपने बच्चों को कैसी दुनिया सौंप रहे हैं?एक ओर हम दिन-रात परिश्रम करते हैं, अपनी इच्छाओं का त्याग करते हैं और कहते हैं कि 'हम सब कुछ बच्चों के भविष्य के लिए कर रहे हैं।' परंतु दूसरी ओर क्या सचमुच हमारा आचरण उनके भविष्य को सुरक्षित बना रहा है?

पर्यावरण : विकास या विनाश?

भारत में हर वर्ष लगभग 93 लाख टन प्लास्टिक कचरा उत्पन्न होता है। इनमें से लगभग 58 लाख टन खुले में जला दिया जाता है, जिससे जहरीली गैसें निकलती हैं और ग्रीनहाउस प्रभाव बढ़ता है। लगभग 35 लाख टन प्लास्टिक ज़मीन और समुद्र में फैल जाता है, जो मिट्टी और जल को प्रदूषित कर रहा है। नदियाँ औद्योगिक कचरे और प्लास्टिक से दूषित हो रही हैं। भूजल स्तर लगातार गिर रहा है। जिस पानी पर जीवन टिका है, वही संकट में है। हाल के वर्षों में कई शहरों में पानी की कमी और प्रदूषित जल के कारण बीमारियों की बढ़ती घटनाएँ इस संकट का संकेत देती हैं। प्राकृतिक संसाधनों का अत्यधिक दोहन—जंगलों की कटाई, खनन, भूमिगत जल का अंधाधुंध उपयोग—हम आने वाली पीढ़ी के हिस्से को आज ही समाप्त कर रहे हैं।ः हम संसाधन नहीं, अपने ही बच्चों का भविष्य खर्च कर रहे हैं। अगर आज नहीं रुके, तो कल उनके पास शिकायतें होंगी—संसाधन नहीं।

नैतिक मूल्य : प्रतिस्पर्धा या संवेदना?

आज की शिक्षा प्रणाली बच्चों को सफल बनाना सिखाती है, पर क्या उन्हें संवेदनशील भी बना रही है? हम उन्हें आगे बढना सिखा रहे हैं, पर क्या हम उन्हें साथ लेकर चलना भी सिखा रहे हैं? सच बोलना, सहिष्णु होना, विविधता का सम्मान करना—ये मूल्य धीरे-धीरे प्रतिस्पर्धा और भौतिकता की दौड़ में पीछे छूटते जा रहे हैं। सोशल मीडिया की आक्रामक भाषा, बढ़ती असहिष्णुता और सार्वजनिक जीवन में गिरते संवाद स्तर इसके प्रत्यक्ष उदाहरण हैं। बच्चे वही सीखते हैं जो वे हमें करते हुए देखते हैं। यदि वे समाज में छल, भ्रष्टाचार और असहिष्णुता देखेंगे, तो वही उनकी 'सामान्य' परिभाषा बन जाएगी। हमारी सबसे बड़ी विरासत हमारे संस्कार होते हैं—क्या हम उन्हें यह अमूल्य निधि दे पा रहे हैं? : यदि मूल्य कमजोर पड़ गए, तो उपलब्धियाँ भी टिक नहीं पाएँगी।

रोज़गार और शिक्षा : डिग्री का बोझ या क्षमता का विकास?

हम अपने बच्चों से अक्सर कहते हैं—'डॉक्टर बनो, इंजीनियर बनो, तभी जीवन सफल होगा।' पर क्या सफलता केवल कुछ चुनिंदा पेशों तक सीमित है? दिन-प्रतिदिन बढ़ती जनसंख्या के बीच यह प्रश्न और गंभीर हो जाता है कि आखिर कितनी नौकरियाँ उपलब्ध होंगी? सूचना-प्रौद्योगिकी और ऑटोमेशन के कारण पारंपरिक रोजगार पहले ही प्रभावित हो रहे हैं। हाल के वर्षों में प्रतियोगी परीक्षाओं का दबाव, युवाओं में बढ़ता तनाव और मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी घटनाएँ इस असुरक्षा को दर्शाती हैं। केवल डिग्री भविष्य की सुरक्षा की गारंटी नहीं है। समस्या केवल बेरोज़गारी की नहीं, असंगत शिक्षा प्रणाली की भी है। जब योग्य और परिश्रमी युवा यह देखते हैं कि चयन योग्यता से अधिक सिफारिश या भ्रष्टाचार पर आधारित है, तो उनका विश्वास व्यवस्था से उठने लगता है। यदि प्रतिभा को अवसर नहीं मिलेगा, तो युवा सपनों से पहले ही हार मान लेंगे।

धर्म : कर्मकांड या जीवन का अनुशासन?

धर्म का अर्थ कभी भी मात्र कर्मकांड नहीं होना चाहिए। लेकिन आज धर्म को हमने अनुष्ठानों और बाहरी प्रदर्शन तक सीमित कर दिया है। शायद यही कारण है कि आज का युवा धर्म से दूरी बना रहा है। आज की पीढ़ी हर बात का तर्क चाहती है। धर्मग्रंथ इसलिए रचे गए थे कि मनुष्य अनुशासन सीखे, आत्मसंयम सीखे, विपरीत परिस्थितियों में मनोबल बनाए रखना सीखे। हमारे भगवान राम, भगवान कृष्ण, पैगंबर साहब, जीजस क्राइस्ट और सिख गुरुओं ने अपने जीवन से त्याग, धैर्य और सत्य का मार्ग दिखाया। लेकिन जब धर्म को निजी स्वार्थ और राजनीति का साधन बना दिया जाता है, जब सार्वजनिक विमर्श में कटुता बढ़ती है, तो उसकी मूल भावना धूमिल हो जाती है। युवा जब करुणा की जगह कट्टरता देखता है, तो वह दूरी बना लेता है। यदि धर्म दिशा देने के बजाय दीवारें खड़ी करेगा, तो अगली पीढ़ी विश्वास नहीं, भ्रम विरासत में पाएगी। हम अपने बच्चों के नाम पर सपनों के महल तो खड़े कर रहे हैं, पर उनकी नींव किस मिट्टी पर रख रहे हैं? एक ओर हम कहते हैं— 'सब कुछ तुम्हारे भविष्य के लिए ', दूसरी ओर हवा को ज़हरीला, जल को दूषित, शिक्षा को संकीर्ण और धर्म को विभाजित बना रहे हैं। यदि पर्यावरण बीमार होगा, यदि नैतिकता कमजोर होगी, यदि शिक्षा असमान होगी और यदि धर्म स्वार्थ का उपकरण बन जाएगा—तो अगली पीढ़ी हमसे सवाल पूछेगी। और उस दिन शायद हमारे पास उत्तर नहीं होगा।

(ये लेखक के अपने निजी विचार है)

# शिक्षण संस्थानों में फूहड़ मनोरंजन : शिक्षा और मर्यादा पर बढ़ता राष्ट्रीय प्रश्न

*ऐसे में यदि विद्यालय परिसरों में अशोभनीय गीतों पर नृत्य, फूहड़ मनोरंजन और मर्यादा-विहीन प्रस्तुतियाँ सामने आती हैं, तो यह केवल किसी एक संस्था की चूक नहीं, बल्कि पूरे देश की शिक्षा व्यवस्था के लिए गंभीर चेतावनी है।*




डॉ. प्रियंका सौरभ

विद्यालय किसी भी राष्ट्र की आत्मा का निर्माण करते हैं। यही वे स्थान हैं जहाँ से समाज की दिशा तय होती है और आने वाली पीढियों के विचार, मूल्य तथा व्यवहार गढ़े जाते हैं। एक सभ्य समाज की पहचान उसके विद्यालयों से होती है, क्योंकि यहीं बच्चों को केवल अक्षर ज्ञान ही नहीं, बल्कि अनुशासन, नैतिकता, संवेदनशीलता और जिम्मेदारी का बोध कराया जाता है। ऐसे में यदि विद्यालय परिसरों में अशोभनीय गीतों पर नृत्य, फूहड़ मनोरंजन और मर्यादा-विहीन प्रस्तुतियाँ सामने आती हैं, तो यह केवल किसी एक संस्था की चूक नहीं, बल्कि पूरे देश की शिक्षा व्यवस्था के लिए गंभीर चेतावनी है। हाल के वर्षों में देश के विभिन्न हिस्सों से ऐसे दृश्य सामने आए हैं, जहाँ विद्यालयों में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों के दौरान ऐसे गीत और नृत्य प्रस्तुत किए गए, जिनका शिक्षा और संस्कार से कोई संबंध नहीं है। ये घटनाएँ यह सोचने पर मजबूर करती हैं कि क्या हम विद्यालयों को भी उसी बाज़ारू संस्कृति के हवाले कर रहे हैं, जिसने मनोरंजन को मर्यादा से ऊपर रख दिया है? क्या बच्चों की मासूम मानसिकता को हम अनजाने में ऐसे प्रभावों के हवाले कर रहे हैं, जिनका दीर्घकालिक असर उनके चरित्र और सोच पर पड़ सकता है? आज यह सत्य है कि डीजे संस्कृति, सोशल मीडिया और त्वरित लोकप्रियता की दौड़ ने समाज के हर वर्ग को प्रभावित किया है। गीतों और मनोरंजन की भाषा बदली है, प्रस्तुति का स्तर बदला है और च्वायरलज् होने की होड़ ने विवेक को पीछे छोड़ दिया है। लेकिन विद्यालय कोई सार्वजनिक मंच या मनोरंजन स्थल नहीं है। यह वह स्थान है जहाँ बच्चों को यह सिखाया जाना चाहिए कि क्या उचित है और क्या अनुचित, क्या स्वीकार्य है और क्या नहीं। यदि विद्यालय ही इस भेद को मिटाने लगें, तो बच्चों के मन में नैतिक सीमाओं की समझ कैसे विकसित होगी?इस पूरे प्रश्न का एक पक्ष यह भी है कि कई बार ऐसे कार्यक्रमों में बाहरी डीजे या आयोजनकर्ताओं की भूमिका होती है। संभव है कि किसी विद्यालय में ऐसा संगीत बिना पूर्व योजना के बज गया हो या बच्चों ने उत्साह में कोई अनुचित गीत चुन लिया हो। परंतु ऐसे हर परिदृश्य में सबसे बड़ी जिम्मेदारी विद्यालय प्रशासन और शिक्षकों की होती है। शिक्षक केवल पाठ्यपुस्तक पढ़ाने वाले कर्मचारी नहीं होते; वे आदर्श, अनुशासन और मर्यादा के जीवंत उदाहरण होते हैं। उनकी चुप्पी या लापरवाही बच्चों के लिए मौन स्वीकृति बन जाती है। विद्यालयों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का उद्देश्य बच्चों की रचनात्मकता को सकारात्मक दिशा देना होता है। नृत्य, संगीत और नाटक बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाते हैं, उनकी प्रतिभा को मंच देते हैं और उन्हें अपनी संस्कृति से जोड़ते हैं। लेकिन जब यही मंच फूहड़ता का माध्यम बन जाए, तो उसका उद्देश्य ही समाप्त हो जाता है। लोकनृत्य, देशभक्ति गीत, शास्त्रीय या सुगम संगीत, प्रेरक नाटक—ये सब न केवल मनोरंजन करते हैं, बल्कि बच्चों को अपनी जड़ों से जोड़ते हैं। इसके विपरीत, अश्लीलता आधारित प्रस्तुतियाँ केवल क्षणिक तालियाँ तो बटोर सकती हैं, पर वे किसी भी तरह से बच्चों के व्यक्तित्व को समृद्ध नहीं करतीं।

(ये लेखक के अपने निजी विचार है)

## लघुकथा | बढ़ता राजस्थान

### बुद्धिमान



एक गांव में एक गरीब ब्राह्मण परिवार रहता था। पंडितजी, पंडिताइन और उनकी इकलौती संतान बारह साल की पुत्री के अलावा उनके परिवार में और कोई नहीं था। जब तक पंडितजी जिंदा रहे, उन्होंने कथा-पुराण बांचकर अपनी गृहस्थी की गाड़ी घसीटी। उनकी मृत्यु के बाद उनकी अधेड़ उम्र की पत्नी ने शोक और अभाववश खाट पकड़ ली और वह भी एक दिन नहीं रही। उनकी पुत्री पर वज्राघात-सा हुआ। रोते-रोते उसकी आंखें सूज गईं। पास पड़ोस की औरतों में से कोई कहती- 'पंडिताइन जिंदा है और कोई कहती मर गई है!' ब्राह्मण कन्या बड़ी उलझन में पड़ी। उसने पड़ोस के एक बुद्धिमान व्यक्ति के घर जाकरे रोते-बिलखते हुए कहा- 'चाचाजी, चलकर आप देखिए न!' बुद्धिमान व्यक्ति ने कहा, 'बेटी तुम्हारी मां ताजिंदगी मुझसे पर्दा करती रहीं। मैंने उनका मुंह कभी नहीं देखा। अब यह पाप भला कैसे कर सकता हूँ!' उन्होंने धुनी हुई थोड़ी-सी रुई ब्राह्मण कन्या के हाथ में देकर कहा- 'अपनी मां के नाक के छिद्र के पास इसे रखना, यदि रुई हिले तो समझना कि सांसें चल रही हैं।' उदास लड़की के जाने के बाद पत्नी ने आड़े हाथों लिया- 'बड़े पाखंडी हैं आप! मरे का मुंह देखने में कैसा अधर्म?' बुद्धिमान व्यक्ति ने अपने मन की बात बताई- 'पाप नहीं लगेगा, लेकिन वहां जाने पर पंडिताइन के लिए कफन वगैरह का इंतजाम मुझे ही करना पड़ता!'

## हैल्थ टिप्स | बढ़ता राजस्थान

# सुबह खाली पेट भीगे हुए चने खाने से क्या होता है?



पाचन तंत्र को मजबूत बनाए सुबह खाली पेट भीगे चने खाने से पाचन तंत्र दुरुस्त होता है। दरअसल, इसमें फाइबर भरपूर मात्रा में मौजूद होता है, जो पाचन क्रिया को बेहतर बनाने में मदद करता है। नियमित रूप से इसका सेवन करने से गैस, अपच और कब्ज की समस्या से छुटकारा मिल सकता है। वजन घटाने में मददगार अगर आप अपना वजन कम करना चाहते हैं, तो सुबह खाली पेट भीगे चने का सेवन कर सकते हैं। दरअसल, इसमें फाइबर भरपूर मात्रा में मौजूद होता है, जो पेट को लंबे समय तक भरा हुआ रखता है। इसके सेवन से बार-बार भूख नहीं लगती है, जिससे आप ओवरईटिंग करने से बच सकते हैं। नियमित रूप से इसका सेवन करने से वजन घटाने में मदद मिल सकती है। हड्डियों को मजबूत बनाए सुबह खाली पेट भीगे चने का सेवन करने से हड्डियां और मांसपेशियां मजबूत होती हैं। दरअसल, इसमें कैल्शियम, मैग्नीशियम, पोटैशियम और फास्फोरस भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं, जो हड्डियों और मांपेशियों को मजबूत बनाने में मदद करते हैं।




**मेष**
आज आपको अपने स्वभाव पर थोड़ा संयम रखने की जरूरत है, खासकर गुस्से पर नियंत्रण बेहद जरूरी रहेगा। छोटी-छोटी बातों पर प्रतिक्रिया देने से रिश्तों में अनावश्यक दूरी आ सकती है।

**वृष**
आज आपको थोड़ा सतर्क रहने की जरूरत है, खासकर यदि आप राजनीति या सार्वजनिक कार्यों से जुड़े हैं। बिना वजह थकान महसूस हो सकती है, लेकिन फिर भी आप अपने काम समय पर पूरा कर लेंगे।

**मिथुन**
आज का दिन आपके लिए खुशियों की सौगात लेकर आया है। आर्थिक स्थिति में सुधार के संकेत हैं और कहीं अटका हुआ धन वापस मिल सकता है। पैतृक संपत्ति से जुड़ा मामला भी आपके पक्ष में सुलझ सकता है।

**कर्क**
आज का दिन सकारात्मक परिणाम देने वाला है। कार्यक्षेत्र में आपको वरिष्ठों का सहयोग मिलेगा, जिससे आपके काम तेजी से पूरे होंगे। धन से जुड़े मामलों में सावधानी रखें और बिना सोचे कोई बड़ा कदम न उठाएं।

**सिंह**
आज का दिन सामान्य रहेगा, लेकिन समय का सही उपयोग करना आपके लिए जरूरी है। खाली बैठने से बेहतर है कि आप अपने रुके हुए काम निपटाएं।

**कन्या**
आज का दिन आपके लिए ऊर्जा और उत्साह से भरा रहेगा। घर में मेहमान आने से माहौल खुशनुमा रहेगा और आप खुद को काफी सकारात्मक महसूस करेंगे। व्यापार में उतार-चढ़ाव के बावजूद आपका आत्मविश्वास बना रहेगा।

**तुला**
आज का दिन थोड़ा तनावपूर्ण रह सकता है, खासकर काम का दबाव आपको मानसिक रूप से थका सकता है। आप अपने स्वभाव में बदलाव लाने की कोशिश करेंगे, जो आगे चलकर आपके लिए अच्छा रहेगा।

**वृश्चिक**
आज का दिन संतुलित रहेगा। कार्यक्षेत्र में नए अवसर मिल सकते हैं और आप किसी यात्रा की योजना भी बना सकते हैं। धार्मिक गतिविधियों में रुचि बढ़ेगी, जिससे मानसिक शांति मिलेगी।

**धनु**
वैवाहिक जीवन के लिए आज का दिन खास रहेगा। जीवनसाथी की तरक्की आपको गर्व और खुशी दोनों देगी। आपके निर्णय लेने की क्षमता मजबूत रहेगी और पिताजी आपके कामों से संतुष्ट नजर आएंगे।

**मकर**
आज का दिन आपके लिए सकारात्मक रहेगा। भाई-बहनों का सहयोग मिलेगा और पारिवारिक एकता महसूस होगी। आर्थिक मामलों में थोड़ा सतर्क रहना जरूरी है। आलस्य से बचें और अपने लक्ष्यों पर ध्यान दें।

**कुंभ**
आज आय के नए अवसर मिल सकते हैं और आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। दोस्तों का साथ आपको प्रेरित करेगा। आपकी वाणी का प्रभाव लोगों पर सकारात्मक पड़ेगा। नया काम शुरू करने से पहले पूरी योजना बनाएं।

**मीन**
आज सेहत थोड़ी कमजोर रह सकती है, इसलिए लापरवाही बिल्कुल न करें। कोई जरूरी काम पूरा होते-होते रुक सकता है, जिससे तनाव बढ़ेगा, लेकिन धैर्य रखें, समाधान जल्द मिलेगा। खोई हुई कोई प्रिय वस्तु वापस मिल सकती है।

## स्वच्छ भारत मिशनः प्लास्टिक के दुष्प्रभाव और प्रदूषण के बारे में पंचायतों को किया जागरूक



**बढ़ता राजस्थान**

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) योजना के तहत प्लास्टिक कचरा मुक्त अभियान 2026 अन्तर्गत ब्लॉक की समस्त ग्राम पंचायतों के गांवों में स्थित तालाबो, ट्यूबवेलों, हैण्ड पम्प सहित अन्य जलाशयों पर ग्रामीणों के सहयोग से साफ-सफाई कर प्लास्टिक कचरा एकत्रित किया गया।

विकास अधिकारी जगदीश प्रसाद मीना ने बताया कि इस दौरान ग्राम पंचायत के समस्त सार्वजनिक स्थानो पर साफ-सफाई की गई ग्राम पंचायत स्तर पर समस्त राजकीय कार्यालयो में निर्मित पेयजल परिसम्पत्तियों की साफ-सफाई की गई। समस्त राजकीय कार्यालयों एवं परिसर के आस पास से प्लास्टिक कचरा एकत्रित किया गया।

विकास अधिकारी ने अभियान के तहत स्कूली विधार्थियों द्वारा प्लास्टिक कचरा प्लास्टिक बैंक में जमा करने के हेतु प्रोत्साहित किया। यह अभियान 28 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा। अभियान के अन्तर्गत अनुपयोगी प्लास्टिक का उपयोग कर विभिन्न कलाकृतिया बनाई गई। इसके अलावा प्लास्टिक से होने वाले नुकसान व प्रदूषण के बारे में लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

## सवाई माधोपुर जिले की सभी विधानसभा की मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन आज

**बढ़ता राजस्थान**

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा निर्धारित कार्यक्रमानुसार मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत जिले की समस्त विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन आज से किया जाएगा।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर संजय शर्मा ने बताया कि लोकतांत्रिक व्यवस्था की पारदर्शिता एवं शुद्ध मतदाता सूची सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य संपादित किया गया है। उन्होनें बताया कि अंतिम प्रकाशन के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान करने एवं पारदर्शिता बनाए रखने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलक्टर काना राम की अध्यक्षता में शनिवार को दोपहर 12:30 बजे जिला कलक्ट्रेट सभागार में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की जाएगी। उन्होनें सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों से आग्रह किया है कि वे स्वयं अथवा अपने अधिकृत प्रतिनिधि को बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित रखें, ताकि निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता एवं समन्वय सुनिश्चित किया जा सके।

## सवाई माधोपुरः जिले में 1 लाख 46 हजार 996 पेंशनधारकों ने कराया वार्षिक भौतिक सत्यापन

**बढ़ता राजस्थान**

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के तहत जिले में कुल 1 लाख 70 हजार 98 पेंशनधारियों में से अब तक 1 लाख 46 हजार 996 (86.42 प्रतिशत) पेंशनर्स ने ही वार्षिक भौतिक सत्यापन कराया है। शेष पेंशनधारियों से शीघ्र सत्यापन कराने की अपील की गई है।

उप निदेशक मनोज कुमार गहलोत ने सभी लाभार्थियों से आग्रह किया कि किसी भी प्रकार की असुविधा से बचने के लिए जल्द से जल्द सत्यापन सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि पेंशनधारी अपना सत्यापन ई-मित्र कियोस्क राजीव गांधी सेवा केंद्र अथवा ई-मित्र प्लस पर बायोमेट्रिक (फिंगर प्रिंट) के माध्यम से करवा सकते हैं। इसके अतिरिक्त संबंधित विकास अधिकारी या उपखंड अधिकारी के समक्ष उपस्थित होकर ओटीपी आधारित सत्यापन भी कराया जा सकता है। वहीं घर बैठे फेस रिकग्निशन आधारित मोबाइल ऐप के माध्यम से भी निशुल्क ऑनलाइन सत्यापन की सुविधा उपलब्ध है। विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि जनाधार से जुड़े मोबाइल नंबर पर प्राप्त ओटीपी के माध्यम से ही पेंशन पोर्टल पर संबंधित कार्य संभव होगा। जिन पेंशनधारियों के जनाधार में मोबाइल नंबर दर्ज नहीं है या बदल गया है। वे पहले जनाधार में अपना मोबाइल नंबर अपडेट कराएं।

## माली समाज का जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह एव सैनी हुंकार रैली कल



**बढ़ता राजस्थान**

**निवाई (का.स.)।** जिला माली समाज के तत्वावधान में 22 फरवरी को आयोजित होने वाले जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह एव सैनी हुंकार रैली की तैयारियां को लेकर सैनी विकास संस्थान छात्रावास निवाई में बैठक जिला अध्यक्ष पांचूलाल सैनी एवं तहसील अध्यक्ष रामवतार खुवाडिया के सानिध्य में आयोजित हुई।

जिला प्रवक्ता राजेश कनेसर ने बताया कि बैठक में समाज के कार्यकर्ताओं को प्रतिभा सम्मान समारोह एव हुंकार रैली की तैयारियों को लेकर पेयजल जल, पार्किंग, विद्युत, डेकोरेशन एव मंच सहित कई व्यवस्थाओं की जिम्मेदारियां सौंपी गई। उन्होंने बताया कि समारोह एवं रैली में संपूर्ण टोंक जिले का माली समाज शिरकत करेगा। उन्होंने बताया कि हुंकार रैली पहाड़ी चुंगी नाके से रवाना होकर बस स्टैंड होते हुए अहिंसा सर्किल, झिलाय रोड व शिवाजी पार्क रोड होते हुए शिवाजी कॉलोनी में स्थित सैनी छात्रावास में पहुंचेगी। इसके बाद भव्य प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन होगा। जिसमें कक्षा 10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त छात्र-छात्राओं एवं प्रशासनिक सेवा में नवचयनित कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत, मंत्री कन्हैयालाल चौधरी, विधायक रामसहाय वर्मा, पूर्व कृषि मंत्री प्रभुलाल सैनी होंगे एवं समारोह की अध्यक्षता माली महासभा राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष सीएल माली करेंगे। बैठक में निवाई तहसील अध्यक्ष रामवतार खुवाडिया, छात्रावास अध्यक्ष छोटूलाल राहौली, शहर अध्यक्ष रामसहाय सैनी, रामवतार सैनी, घनश्याम सैनी व रवि सैनी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

# ज्योतिर्लिंगों पर होती है आत्मा की जागृति एवं शिव तत्व की अनुभूति- शचि केसर

### श्रीमंशापूर्ण भूतेश्वर महादेव मन्दिर में विश्व शांति महायज्ञ से हुआ महाशिवपुराण कथा का समापन

**बढ़ता राजस्थान**




**टोंक (का.स.)।** श्रीमंशापूर्ण भूतेश्वर महादेव मन्दिर टोंक में चल रही महाशिवपुराण कथा की पुर्णाहुति शुक्रवार को द्वादशं ज्योतिर्लिंग की कथा, विश्व शांति महायज्ञ एवं विशाल भंडारा कार्यक्रम के साथ सम्पन्न हुई। कथा के समापन के अवसर पर फागोत्सव का भी श्रद्धालु महिला-पुरुषों ने खूब आनंद लिया।

महाशिवपुराण कथा कर रही उज्जैन के महाकाल की लाड़ली शचि केसर ने महाशिवपुराण कथा की पुर्णाहुति पर द्वादश ज्योतिर्लिंग की महिमा सुनाते हुए कहा कि हिंदू धर्म में, 12 ज्योतिर्लिंग भगवान शिव के स्वयं प्रकट हुए प्रकाश स्तंभ हैं, जो देश के विभिन्न स्थानों पर स्थित हैं। शिव महापुराण के अनुसार, जब भगवान विष्णु और ब्रह्मा के बीच सर्वोच्चता को लेकर विवाद हुआ, तब शिवजी ने उनके बीच एक अनंत ज्योति स्तंभ के रूप में प्रकट होकर उन्हें शांत किया। ये 12 ज्योतिर्लिंग स्थान - सोमनाथ, मल्लिकार्जुन, महाकालेश्वर, ओंकारेश्वर, केदारनाथ, भीमाशंकर, काशी विश्वनाथ, त्र्यंबकेश्वर, बैद्यनाथ, नागेश्वर, रामेश्वरम व घृष्णेश्वर हैं, जिनका उल्लेख अलग-अलग पौराणिक कथाओं में है।

शचि केसर ने कहा कि शिवपुराण, स्कन्दपुराण और लिंगपुराण में ज्योतिर्लिंगों का विस्तार से वर्णन है। कहा जाता है कि ये बारह स्थान शिव की ऊर्जा से अनंत काल से सजीव हैं। यहाँ की पूजा, मंत्र जाप और दर्शन से जन्म-जन्मांतर के पाप मिट जाते हैं। हर एक ज्योतिर्लिंग एक विशेष रूप और तत्त्व का प्रतिनिधित्व करता है। जैसे महाकालेश्वर 'काल' से मुक्ति दिलाते हैं, काशी विश्वनाथ 'मोक्ष' का द्वार हैं, केदारनाथ 'त्याग और तपस्या' का प्रतीक हैं, वैद्यनाथ 'आरोग्य' और 'भक्ति' के रूप हैं। इन स्थलों पर सिर्फ तीर्थ ही नहीं बल्कि आत्मा की जागृति और शिव तत्व की अनुभूति होती है। ज्योतिर्लिंग केवल पूजन योग्य स्थान नहीं, बल्कि ध्यान, साधना और दिव्यता के साक्षात द्वार हैं। इन स्थानों पर शिव केवल पत्थर में नहीं, अपितु संपूर्ण प्रकृति में सजीव रूप में अनुभूत होते हैं।

इस मौके पर मन्दिर ट्रस्ट अध्यक्ष महेन्द्र बंसल के साथ सभी श्रद्धालुओं ने महाशिवपुराण कथा की पुर्णाहुति पर आरती कर विश्व शांति महायज्ञ किया। कथा पुर्णाहुति पर श्रद्धालुओं ने फागोत्सव के भजनों पर रंग गुलाल लाकर नाचते हुए आनंद लिया। कथा के समापन पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पंगत प्रसादी का आनंद लिया। इस मौके पर मणिकांत गर्ग, प्रकाश सर्राफ, राजेन्द्र गोयल, दिनेश गोयल, सुनील बंसल, कैलाश विजय, मोहन सोनी, राधेश्याम, महेश गुर्जर एवं उपवन आदि महिला-पुरुष श्रद्धालु मौजुद थे।

## राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत बच्चों को मिला इलाज

**बढ़ता राजस्थान**



**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत जिले में चयनित समुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में स्वास्थ्य कैम्प लगाए जा रहे हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जेमिनी ने बताया कि इन शिविरो में जांच पश्चात् उपचार के लिए आवश्यकता होने पर जिला स्तर/मेडिकल कॉलेज हेतु रेफर किया जायेगा। इन शिविरों में बच्चों की जांच व उपचार के लिए चर्म रोग, आंख, नाक, गला रोग, नेत्र रोग, बाल रोग, नेत्र सहायक मौजूद रहते हैं जहां किशोर-किशोरियों की सम्बन्धित स्वास्थ्य समस्याओं के अनुसार उनकी जांच की जा रही है और आवश्यकता अनुसार उन्हे उच्च संस्थानों पर रेफर किया जा रहा है। शुक्रवार को केम्प का आयोजन मित्रपुरा सीएचसी में किया गया। केम्प में 16 बच्चों का एनिमिया, 46 बच्चो का चर्म रोग, नाक कान गला के 14, 2 का दन्त् रोग, 25 का आंख एवं 3 का अन्य बीमारियों का इलाज किया गया।

सीएमएचओ ने बताया कि जिले की विभिन्न सीएचसी पर प्लान के अनुसार केम्प लगाए जा रहे है। 21 को बौंली, 23 को तलावड़ा, 24 को वजीरपुर, 25 को पिलोदा, 26 को बामनवास, 27 को अमरगढ़ चौकी, 28 को खंडीप सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर जांच शिविर लगाए जाएंगे।

## राजकीय विद्यालत श्योसिंहपूरा में हुई एसएमसी की कार्यशाला

**बढ़ता राजस्थान**



**सिरस (नी.स.)।** राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालत श्योसिंहपूरा में आई पार्टनर इंडिया के सहयोग से संचालित रक्षण परियोजना के तत्वावधान में विद्यालय सचिव गिर्राज शर्मा व अध्यक्ष शिवराज प्रजापत की अध्यक्षता में विद्यालय प्रबंधन समिति की आमुखीकरण कार्यशाला आयोजित हुई।

कार्यशाला में क्लस्टर कोर्डिनिटर हरपाल बैरवा द्वारा एसएमसी गठन व सदस्यों के कर्तव्य पर विस्तृत जानकारी दी। कार्यशाला में कार्यकरणी समिति की भूमिका व जिम्मेदारी जवाबदेही पर चर्चा की गई। इस दौरान संस्था के कार्य व सरकार के साथ मिलकर सहयोग व कार्य के बारे में जानकारी दी गई। आमुखीकरण कार्यशाला में वाउचर योजना, साइकिल वितरण योजना, मिड डे मील योजना, गरिमा पेटी, शौचालय व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, निःशुल्क नैपकिन योजना व यूनिफॉर्म वितरण योजना सहित शिक्षा विभाग की कई योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। कार्यकारणी समिति से भमाशाओं द्वारा सहयोग व विद्यालय शैक्षिणक गतिविधियां की समीक्षा करने, शिक्षा गुणात्मक सुधार लाने, अभिभावकों और अध्यापकों की समय समय पर बैठकों का आयोजन करने पर भी चर्चा की गई। कार्यशाला में मोबिलाइज सोनू नंदवाल, सगुना देवी व बाबूलाल योगी सहित कई सदस्य मौजूद थे।

## पुलिस ने जुआ खेलते चार जुआरी पकड़े

**बढ़ता राजस्थान**

**निवाई (का. स.)।** पुलिस ने अवैध गतिविधयों की रोकथाम एवं लोकल व माईनर एक्ट की कार्यवाही के तहत सार्वजनिक स्थान पर ताशपत्ती पर दांव लगाकर जुआ खेल रहे चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनसे 2 हजार 690 रुपए की जुआ राशि एवं ताशपत्ती को जब्त किया गया।

थानाधिकारी घासीराम मीणा ने बताया कि पुलिस अधीक्षक राजेशकुमार मीणा के निर्देशानुसार क्षेत्र में अवैध गतिविधयों की रोकथाम एवं लोकल व माईनर एक्ट की कार्यवाही को लेकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रतनलाल भार्गव व पुलिस उपाधीक्षक रविप्रकाश शर्मा के सुपरविजन में पुलिस की विशेष टीम का गठन किया। टीम द्वारा कार्रवाई करते हुए गश्त के दौरान गांव रम्भा में सार्वजनिक स्थान के पास आरोपी गणेश लुहार, कजोड कुम्हार, पूरणमल मीना व रामधन मीना ताशपत्ती पर दांव लगाकर जुआ खेल रहे थे। जिनको गिरफ्तार करके 2 हजार 690 रूपये की जुआ राशि एवं ताशपति को जब्त किया है। चारों आरोपितों के खिलाफ आरपीजी में प्रकरण दर्ज कर लिया है।

## गोविंद माधव ग्लोबल स्कूल में बच्चों के समग्र विकास के विषय को लेकर आयोजित हुई कार्यशाला

**बढ़ता राजस्थान**



**निवाई (का.स.)।** गोविंद माधव ग्लोबल स्कूल में आज के बच्चों का समग्र विकास कैसे करें विषय पर एक उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रतिष्ठित संसाधन करुणा यादव ने कार्यशाला का संचालन करते हुए अभिभावकों एवं शिक्षकों को 21वीं सदी में बच्चों के समुचित मार्गदर्शन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की। उन्होंने बताया कि आज के विद्यार्थियों के सामने डिजिटल विचलन, बढ़ती प्रतिस्पर्धा, भावनात्मक तनाव व रचनात्मक एवं समालोचनात्मक सोच की आवश्यकता जैसी अनेक चुनौतियां हैं। उन्होंने बताया कि शिक्षा केवल पाठ्य-पुस्तकों तक सीमित नहीं है, बल्कि बच्चों के समग्र विकास, ज्ञान का विस्तार, जीवन कौशल, नैतिक मूल्य, संप्रेषण क्षमता व भावनात्मक संतुलन पर समान रूप से ध्यान देना आवश्यक है।

सुश्री यादव ने कहा कि आधुनिक समय में बच्चों का सही विकास करने के लिए सकारात्मक अभिभावकत्व, अनुभवात्मक अधिगम, जिज्ञासा-आधारित शिक्षा तथा तकनीक के संतुलित उपयोग की आवश्यकता है। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों के सीखने की प्रक्रिया में सक्रिय भागीदार बनने एवं घर का वातावरण प्रोत्साहनपूर्ण एवं सहयोगात्मक रखने का आह्वान किया, जिससे बच्चों में आत्मविश्वास एवं स्वतंत्र सोच विकसित हो सके।

विद्यालय निदेशक कामाख्या संभव सिंह ने कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएं अभिभावकों एवं विद्यार्थियों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होती हैं। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य डॉ. विनय ओझा ने आभार व्यक्त किया।

# अंत्योदय व समान अवसर ही सच्चा सामाजिक न्याय

**बढ़ता राजस्थान**



**टोंक (का.स.)।** विश्व सामाजिक न्याय दिवस के अवसर पर समाज में समानता, न्याय एवं मानवाधिकारों के संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा शहर स्थित राजकीय आई.टी.आई. कॉलेज में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार जलुथरिया द्वारा किया गया।

जलुथरिया ने कहा कि विश्व सामाजिक न्याय दिवस हमें संविधान में निहित समानता, गरिमा व न्याय के मूल सिद्धांतों की याद दिलाता है। सामाजिक न्याय केवल न्यायालयों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समाज के प्रत्येक व्यक्ति के व्यवहार व दृष्टिकोण से जुड़ा हुआ है। उन्होंने बताया कि विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 के अंतर्गत स्थापित विधिक सेवा प्राधिकरण समाज के कमजोर एवं वंचित वर्गों को निःशुल्क विधिक सहायता प्रदान कर सामाजिक न्याय को व्यवहार में लागू कर रहा है।

लोक अदालतों, विधिक साक्षरता शिविरों एवं परामर्श के माध्यम से न्याय को सुलभ, सस्ता व त्वरित बनाया जा रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहें तथा समाज में भेदभाव के विरुद्ध सजग भूमिका निभाएं। इस दौरान संस्था के उपनिदेशक रामप्रसाद मीणा, एवं शिक्षक अशोक कुमार बैरवा उपस्थित रहे। इसी प्रकार डॉ. अम्बेडकर बी.एड. कॉलेज टोंक में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

शिविर में पैनल अधिवक्ता राजेश सिसोदिया ने विद्यार्थियों को संविधान में प्रदत्त समानता एवं विधिक सहायता के प्रावधानों की संक्षिप्त जानकारी दी तथा विधिक जागरूकता के महत्व पर बल दिया। असिस्टेंट एल.ए.डी.सी. बुद्धराम चौधरी ने युवाओं से अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने और आवश्यकता होने पर निःशुल्क विधिक सहायता का लाभ उठाने का आह्वान किया।

इस अवसर पर अधिकार मित्र चन्द्रकला शर्मा, महाविद्यालय प्रशासन की ओर से व्याख्याता देवेंद्र सैन एवं सुरेश जाखड तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में सामाजिक न्याय की भावना को सुदृढ़ करना एवं उन्हें विधिक अधिकारों के प्रति जागरूक करना रहा।

# पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने आरोप भरे लहजे में व्यक्त की पीड़ा कहा, 'बजट में सरकार ने जोधपुर समेत पूरे मारवाड़ की उपेक्षा की '

बढ़ता राजस्थान

**जौधपुर (रंजन दवे)।** राजस्थान के बजट में जोधपुर और पूरे मारवाड़ क्षेत्र की उपेक्षा की गई है।

यह आरोप लगाते हुए अशोक गहलोत ने अपनी पीड़ा जोधपुर में पत्रकारों के समक्ष रखी और कहा कि प्रदेश सरकार में बजट को लेकर जोधपुर और समूचे मारवाड़ के जैसलमेर, बाड़मेर, फलोदी और पाली सहित कई जिलों की महत्वपूर्ण योजनाओं को बजट में शामिल नहीं किया गया।एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत में उन्होंने राज्य सरकार पर पंचायत चुनाव समय पर नहीं करवाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सरकार बिना वजह चुनाव प्रक्रिया को लंबा खींच रही है और अब कोर्ट के आदेश के बाद उम्मीद है कि जल्द चुनाव हो सकेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत शुक्रवार को एक दिन के दौरे के तहत जोधपुर पहुंचे।



उन्होंने कहा कि उनके कार्यकाल में लिफ्ट परियोजना के थर्ड फेज पर लगभग 1400 करोड़ रुपए राज्य सरकार के खर्चे से लगाए गए थे, लेकिन अब काम धीमा पड़ गया है।

ठेकेदारों को भुगतान नहीं मिलने से परियोजनाएं प्रभावित हो रही हैं और कई गांवों में आज भी पेयजल संकट बना हुआ है।गहलोत ने आरोप लगाया कि उनके समय में शुरू की गई योजनाओं को भी रोक दिया गया है। जोधपुर में खिलाडियों के लिए बनाए जा रहे संस्थान का काम बंद पड़ा है। डिगाड़ी में निर्मित अस्पताल भवन में न डॉक्टर लगाए गए हैं और न ही आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं।रिफाइनरी के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि रिफाइनरी बनकर तैयार है और प्रधानमंत्री से इसका उद्घाटन कराया जाना चाहिए, लेकिन अब तक उद्घाटन की तिथि तय नहीं हुई है। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य का बजट जनता की अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतरा, जिससे लोगों में निराशा और आक्रोश है। साथ ही उन्होंने विभिन्न राज्यों में हो रही सांप्रदायिक घटनाओं पर चिंता जताई। सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान धन वितरण को लेकर अदालत ने कड़ी टिप्पणी की।

## अभिरूचि प्रशिक्षण कार्यक्रम में फसलों में आवश्यक पोषक तत्वों के कमी के लक्षणों के बारे में दी जानकारी




बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़(अलवर)।** टिड्डी सह एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केंद्र जयपुर द्वारा दो दिवसीय आई पी एम अभिरूचि प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिन सहायक वनस्पति संरक्षण अधिकारी श्योराम ने फसलों में आवश्यक पोषक तत्वों के कमी के लक्षण और प्रबंधन के बारे में जानकारी दी। सहायक पौध संरक्षण अधिकारी अनिल कुमार नें किसानों को चिपचिपा पास, फेरोमोन ट्रैप, 5 प्रतिशत नीम की निम्बोली का घोल बनाने की विधि के बारे मे बताया। सहायक कृषि अधिकारी डॉ मुकेश भादू ने किसानों को प्राकृतिक खेती खेती के महत्त्व को समझाया तथा जीवा अमृत एवं बीजा अमृत बनानी की विधि बताई। कृषि पर्यवेक्षक नीतू शर्मा ने विभागीय योजनाओ कि जानकारी दी। पशु परिचर अलका मीणा नें मगला पशु योजना तथा पशुओ मे टीकाकरण के महत्त्व को समझाया। यह जानकारी जिला उपाध्यक्ष कृष्ण अवतार शर्मा हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड जिला मुख्यालय अलवर के द्वारा दी गई।

## 2 अप्रैल को भव्य हनुमान जन्मोत्सव लोकप्रिय राजनेताओं को भेजे निमंत्रण



बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा )।** आगामी 2 अप्रैल को प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी हनुमान जन्मोत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। इसे लेकर हनुमान जन्मोत्सव आयोजन समिति ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इस बार कार्यक्रम को विशेष और ऐतिहासिक बनाने की दिशा में समिति द्वारा कई लोकप्रिय राजनेताओं एवं संत-महात्माओं को आमंत्रित किया गया है।आयोजन समिति के आशीष मेवाड़ा के नेतृत्व में चार सदस्यीय दल जयपुर पहुंचा, जहां उन्होंने राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी, शिव विधायक रविंद्र सिंह भाटी, जयपुर हवामहल विधायक बालमुकुंद आचार्य, भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष शंकर गोरा तथा समाजसेवी नीरज सिंह राणावत सहित कई साधु-संतों एवं अन्य राजनीतिक हस्तियों को विधिवत निमंत्रण पत्र भेंट किया।समिति पदाधिकारियों ने बताया कि इस वर्ष हनुमान जन्मोत्सव का आयोजन पूर्व वर्षों की तुलना में अधिक भव्य एवं आकर्षक रहेगा। धार्मिक अनुष्ठान, शोभायात्रा एवं हनुमान चालीसा कार्यक्रम सहित विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की जा रही है। आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में भी खासा उत्साह देखा जा रहा है।आयोजन समिति ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्म लाभ लेने की अपील की है।

## कड़ी मेहनत से फिल्मों में पाया मुकाम : संजय बिश्नोई

बढ़ता राजस्थान

**जोधपुर (रंजन दवे)।** राजस्थान के जोधपुर के एक छोटे से गांव लांबा के रहने वाले संजय बिश्नोई ने बॉलीवुड इंडस्ट्री में अपना नाम और मुकाम बनाया है इसके लिए उन्होंने कड़ी मेहनत और इच्छा शक्ति को क्रेडिट दिया है। उन्होंने कहा कि अगर मन में ठान लिया जाए तो असंभव कुछ भी नहीं। जोधपुर में मीडिया से बात करते हुए उन्होंने अपने $फिल्मी स$फर की जानकारी दी। सामाजिक मुद्दों पर आधारित उनकी फिल्म पारो पिनाकी को लेकर उन्होंने बात की जिस पर की कई राजनीतिक क्षेत्र के लोगों की प्रतिक्रिया भी आ चुकी है। हाल ही में रिलीज होने वाली फिल्म पारो पिनाकी की कहानी जल्द ही सिनेमाघर में आने वाली है इससे पहले भी उन्होंने संतोष, दिल्ली क्राइम मैं काम किया है । उन्होंने बताया कि पढ़ाई करने के दौरान उन्हें फिल्में देखने का शौक था और इसी के चलते वह फिल्म इंडस्ट्री की और रुक किया उन्होंने बताया कि उनके पिता ट्रक ड्राइवर थे पिता का देहांत हो जाने के बाद पूरा परिवार की जिम्मेदारी भी उन्हीं पर थी शुरू-शुरू में उन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा । लेकिन जब एक विज्ञापन पहली बार टीवी पर प्रकाशित हुआ तब उनके परिवार में उत्साह का माहौल था । और उसी के चलते उन्हें सपोर्ट मिलने लगा । धीरे-धीरे वह फिल्म इंडस्ट्री में फिल्मों में काम करने लगे हाल ही में आने वाली फिल्म 'पारो पिनाकी की कहानी' फ?ल्मि एक साथ कई सामाजिक मुद्दों को उठाने की कोशिश करती है। फिल्में एक गटर साफ करने वाले व्यक्ति और एक सब्जी बेचने वाली महिला के बीच की प्रेम कहानी है जो की जीवन संघर्षों के बीच में पनपती है।

## अलवर पुलिस की बड़ी कार्रवाईः अवैध खनन माफिया पर ताबड़तोड़ प्रहार, 15 डंपर, 14 ट्रैक्टर व 1 जेसीबी जब्त

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़(अलवर)।** जिले में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत अलवर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए खनन माफिया की कमर तोडऩे का काम किया है। पुलिस ने कार्रवाई के दौरान 15 डंपर, 14 ट्रैक्टर-ट्रॉली और 1 जेसीबी मशीन जब्त की है। इस मामले में अब तक 4 प्रकरण दर्ज कर 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। यह कार्रवाई टहला थाना क्षेत्र में एएसआई जैकम खान के नेतृत्व में की गई, जिन्हें इस पूरी कार्रवाई का मुख्य श्रेय दिया जा रहा है। पुलिस टीम ने खनन क्षेत्रों और मुख्य मार्गों पर सघन निगरानी रखते हुए अवैध रूप से खनन सामग्री का परिवहन कर रहे वाहनों को रोका और दस्तावेजों की जांच की। जांच में वैध अनुमति नहीं मिलने पर वाहनों को जब्त कर संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले में अवैध खनन के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

## कोणार्क कोर के डेजर्ट वॉरियर्स तथा ब्लेजिंग स्काइज ब्रिगेड के जवानों का रेगिस्तान में शक्ति प्रदर्शन



बढ़ता राजस्थान

**जैसलमेर (रंजन दवे)।** पाकिस्तान से सटे बार्डर के नजदीक तपते रेगिस्तानी में भारतीय सेना की एयर डिफेंस यूनिट ने अपनी उच्च स्तरीय युद्ध तैयारी और मारक क्षमता का शानदार प्रदर्शन किया । भारतीय सेना की एयर डिफेंस यूनिट ने एक व्यापक फायरिंग अभ्यास के दौरान अपनी युद्ध तैयारियों और अचूक मारक क्षमता को परखा । भीषण गर्मी और चुनौतीपूर्ण भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद , सेना के जांबाजों ने आधुनिक हथियार प्रणालियों के जरिए आसमान से आने वाले हर खतरे को नेस्तनाबूद करने का सफल अभ्यास किया । युद्ध जैसी परिस्थितियों में तैनात सैनिकों की प्रतिक्रिया क्षमता , फायरिंग सटीकता और समन्वय कौशल को परखने के उद्देश्य से आयोजित इस तरह की एक्सरसाइज में आयोजित व्यापक फायरिंग



अभ्यास के दौरान एयर डिफेस वॉरियर्स ने सटीक निशानेबाजी , त्वरित प्रतिक्रिया और आधुनिक हथियार प्रणालियों के प्रभावी उपयोग से अपनी ऑपरेशनल दक्षता साबित की। कठिन भू - भाग और तेज गर्म हवाओं के बीच भी अभ्यास पूरी तरह सफल रहा । इस सैन्य अभ्यास में कोणार्क कोर के डेजर्ट वॉरियर्स तथा ब्लेजिंग स्काइज ब्रिगेड के जवानों ने भाग लिया । इसमें अत्याधुनिक रडार प्रणालियों और ट्रैकिंग उपकरणों के बीच बेहतरीन समन्वय देखने को मिला , जिससे हर टारगेट को पलक झपकते ही ध्वस्त कर दिया गया ।कठिन मौसम , सीमित दृश्यता और रेत भरी आंधियों जैसी परिस्थितियों में भी जवानों संयम और साहस का परिचय दिया । जानकारी के अनुसार , इस प्रकार के अभ्यास नियमित रूप से आयोजित किए जाते हैं ताकि सैनिक वास्तविक परिस्थितियों में अपने कौशल को और निखार सकें ।

## पर्यावरणीय शासन को सशक्त बनाने पर दिया बल

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए राजस्थान की एनवायरनमेंट कंसल्टेंट वेलफेयर सोसायटी (ईसीडब्ल्यूएस) ने अपनी पहली त्रैमासिक बैठक आयोजित की। जिसमें राज्य में पर्यावरणीय अनुपालन को मजबूत बनाने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। सोसायटी ने लघु खनिज खनन, एमएसएमई उद्योगों तथा भवन निर्माण परियोजनाओं के लिए अनुपालन मानकों को और कड़ा करने का संकल्प लिया। इस दौरान वैधानिक पर्यावरणीय मानकों पर किसी भी प्रकार का समझौता नहीं करने पर विशेष जोर दिया गया। वहीं निर्णय किया गया कि मान्यता प्राप्त परामर्शी संगठनों (एसीओ) के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रमों की शुरुआत की जाएगी। ये प्रशिक्षण राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के अग्रणी विशेषज्ञों द्वारा संचालित किए जाएंगे। इस पहल का उद्देश्य तकनीकी विशेषज्ञता को उन्नत करना तथा पर्यावरणीय आकलनों की विश्वसनीयता को बढ़ाना है। बैठक में पर्यावरण प्रभाव आकलन (ईआईए) रिर्पोट्स की पारिश्रमिक संरचना में हो रही अव्यावहारिक कमी पर चिंता व्यक्त की। साथ ही ईसीडब्ल्यूएस ने कहा-अव्यवहारिक और अस्थिर मूल्य निर्धारण गुणवत्ता को प्रभावित कर सकता है।

## अशोक गहलोत ने किया शिक्षाविद् जितेन्द्र गोदारा की मूर्ति का अनावरण

बढ़ता राजस्थान

**जोधपुर (रंजन दवे)।** बनाड़ स्थित श्री लाल बहादुर शास्त्री एजुकेशन ग्रुप के नए कोलेज कैंपस का शुभारंभ सुप्रीम कोर्ट चीफ जस्टिस विजय बिश्नोई तथा पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कॉलेज के संस्थापक स्वर्गीय जितेंद्र गोदारा की मूर्ति अनावरण के पश्चात कैंपस का फीता काटकर उद्घाटन किया। एस.एल.बी.एस. ग्रुप के संस्थापक जितेन्द्र गोदारा की मूर्ति अनावरण न्यायामूर्ति विजय जी बिश्नोई, अशोक गहलोत द्वारा सम्पन्न हुआ। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इस ऐतिहासिक एवं गौरवपूर्ण अवसर पर संस्था के संस्थापक गोदारा के मूर्ति अनावरण परिसर का उद्घाटन व पुस्तक विमोचन पर संस्था परिवार को धन्यवाद ज्ञापित किया।माननीय न्यायामूर्ति विजय बिश्नोई न्यायाधिपति, सुप्रीम कोर्ट दिल्ली ने एस.एल. बी.एस. परिवार को सदैव गोदारा जी के आदर्शों पर चलते हुए शिक्षा, संस्कार और उत्कृष्टता की नई ऊंचाईयों पर चलने का संदेश दिया। इस कार्यक्रम के अवसर पर संस्था के निदेशक सत्यम जितेन्द्र गोदारा ने बताया कि एक महान व्यक्तित्व, एक दूरदर्शी शिक्षाविद्, एक कर्मयोगी जितेन्द्र



गोदारा की भव्य प्रतिमा के साक्ष्य बनने के लिए एकत्रित हुए है। उन्होंने बताया कि पिता के रूप में मेरे लिए वे केवल एक संस्थापक नहीं थे, वे मेरे प्रथम शिक्षक, मेरे प्रेरणास्त्रोत थे। निदेशक महोदय ने बताया कि पिताजी का सपना एक भवन बनाना नहीं था वे एक ऐसी पीढी तैयार करना चाहते थे जो ज्ञान में सक्षम हो. चरित्र में दृढ हो और समाज के प्रति उत्तरदायी हो। आज नये परिसर का उद्घाटन उसी सपने का विस्तार है। ये भवन केवल ईंट पत्थरों का ढांचा नहीं है ये उनके विचारों, परिश्रम और त्याग के प्रतीक रूप में हमको विकसित करने का प्रयास किया है। महाराजा गंगा सिंह, विश्वविद्यालय, बीकानेर के पूर्व कुलपति जी.आर. जाखड ने गोदारा के पुस्तक विमोचन तथा संस्था के स्थापना से वर्तमान समय तक के बारे में विस्तार से बताया।

## एमबीएम विश्वविद्यालय की 5वीं शैक्षणिक परिषद् बैठक सम्पन्न

बढ़ता राजस्थान

**जोधपुर (का.स.)।** एमबीएम विश्वविद्यालय की 5वीं शैक्षणिक परिषद् की बैठक प्रशासनिक भवन के सभागार में कुलपति प्रो. अजय कुमार शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में विभिन्न संकायों के अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, राज्य सरकार के प्रतिनिधि तथा परिषद् सदस्य उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय के जन संपर्क अधिकारी आर्किटेक्ट कमलेश कुम्हार ने बताया की बैठक में पूर्व शैक्षणिक परिषद् बैठकों की कार्यवाही एवं कार्यान्वयन प्रतिवेदन की पुष्टि की गई। अभियांत्रिकी एवं वास्तुकला संकाय के शोध बोर्ड की विभिन्न बैठकों के कार्यवृत्त को भी अनुमोदित किया गया। शोध बोर्ड की बैठकों के लिए नियम एवं कार्यप्रणाली निर्धारित करने हेतु एक समिति का गठन किया गया, जिसे 20 दिनों में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। परिषद् ने एमबीएम विश्वविद्यालय (पीएच.डी. उपाधि प्रदान करने हेतु न्यूनतम मानक एवं प्रक्रिया) अध्यादेश-2023 को स्वीकृति प्रदान की तथा इसे यूजीसी मानकों के अनुरूप तुलनात्मक अध्ययन के साथ बोर्ड ऑफ मैनेजमेंट के समक्ष प्रस्तुत करने का निर्णय लिया। बैठक में 19 मार्च 2026 को आयोजित होने वाले तृतीय दीक्षांत समारोह हेतु स्नातक, स्नातकोत्तर एवं पीएच.डी. के कुल 645 डिग्रियों को अनुमोदन प्रदान किया गया।

## तहसीलदार स्थगन आदेश की जमीन का रास्ता खुलवाने पहुंचे, बैरंग लौटे

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर (धीरज मोर्य)।** बानसूर उपखण्ड क्षेत्र के गांव कल्याणपुरा में गुरुवार को खेतों के बीच से रास्ते को खुलवाने गए बानसूर के तहसीलदार गजेन्द्रसिंह शेखावत का मजाक बन गया। जिस जमीन पर रास्ता खुलवाने के लिए तहसीलदार साहब सरकारी लाव-लश्कर लेकर पहुंचे थे जबकि वहां पर स्थगन आदेश थे। इस दौरान मौके पर लोगों ने तहसीलदार का घेराव कर विरोध किया। लोगों के आक्रोश को देखते हुए तहसीलदार समझाइश में जुट गए। कई घंटों की मशक्कत के बाद आखिरकार उनको बिना रास्ता खुलवाए ही वापस जाना पड़ा। इससे उनका मजाक तो बना ही, साथ ही सरकारी कार्यप्रणाली पर भी कई सवाल खड़े हो गए। मामले को लेकर पीडित ग्रामीणों ने बताया कि तहसीलदार जिस



रास्ते को खुलवाने आए थे, वहां कई ग्रामिणों की जमीन है और आधे से ज्यादा ग्रामीणों ने रास्ता खोलने को लेकर अपनी सहमति नहीं दी है। लगता है तहसीलदार साहब ये भूल गए कि किसी भी खातेदार की जमीन से रास्ता इंद्राज करना तभी सही माना जाना जाता है, जब सब खातेदारों की सहमति हो। वहीं मौके पर मौजूद खातेदारों ने बताया कि हमारी सहमति ही नहीं थी। इस पर तहसीलदार ने मौके पर एक सरकारी कागज हवाला देते हुए कहा कि इस रास्ते को खुलवाने के लिए आप सभी ग्रामीणों की सहमति के हस्ताक्षर मौजूद हैं। इस पर ग्रामीणों ने कहा कि हमारे हस्ताक्षर फर्जी हैं, जिन्हें फॉरेंसिक जांच होनी चाहिए, जिससे दूध का दूध पानी का पानी हो सके। सूत्रों ने बताया कि बानसूर तहसीलदारजो रास्ता खुलवाने के लिए गए थे, उसको लेकर एक तथाकथित नेता ने कई जगह से जुगाड़ लगाया तो तहसीलदार ने बिना मौका रिपोर्ट देखे ही रास्ता खुलवाने पहुंच गए जबकि वह रास्ता राजस्व रिकॉर्ड में ग्रामीणों की जमीन से होकर गुजर रहा है और उस पर स्थगन का आदेश है। अब सवाल ये है कि जिस भूमि के राजस्व रिकॉर्ड में स्थगन के आदेश हैं, बावजूद इसके तहसीलदार पुलिस जाप्ते के साथ उसे खुलवाने के लिए कैसे पहुंच गए। ये सवाल लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है।

**सामाजिक कुरुतियों को लेकर अहीर समाज की बैठक 22फरवरी को,पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष अजय यादव ने भी रखे अपने विचार**

# दिखावे के बजाय शिक्षा और रोजगार पर हो खर्चःयादव

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर (धीरज मोर्य)।** बानसूर नगर पालिका क्षेत्र स्थित श्रीकृष्ण यादव छात्रावास में अहीर यादव समाज की समाज सुधार को लेकर एक अहम बैठक हुई।

बैठक में यादव /अहीर समाज में व्याप्त कुरुतियों पर चर्चा हुई। इस मौके पर बोलते हुए यादव/ अहीर समाज के पूर्व अध्यक्ष सेवानिवृत सैनिक किशन लाल यादव ने बताया कि समाज में व्याप्त विभिन्न कुरुतियों को दूर किया जाना आज की आवश्यकता है। जो पैसे समाज के विभिन्न कुरुतियों में खर्च हो रहे हैं वे समाज और राष्ट्र निर्माण में खर्च हों तो समाज की ख्याति बढ़ेगी।



उन्होंने कहा कि सामाजिक कुरुतियों में खर्च होने वाले पैसे के दम पर यादव/अहीर समाज देश ही नहीं बल्कि विदेश में में भी ख्याति प्राप्त कर सकता है। उन्होंने कहा कि आगामी 22फरवरी को समाज सुधार आन्दोलन में क्षेत्र के गणमान्य लोग अपनी उपस्थिति दर्ज करवाकर समाज को एक नई दिशा देने का प्रयास करेंगे।इस मौके पर बोलते हुए कांग्रेस के पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष अजय यादव ने कहा कि समाज सुधार के लिए कुल 11बिंदुओं पर हम सबने चर्चा की है जो समाज सुधार के लिए आवश्यक हैं।पूर्व अध्यक्ष यादव ने बताया कि बैठक में समाज के सभी वर्तमान एवं पूर्व मंत्री, सांसद,विधायक,जिला प्रमुख,प्रधान, चेयरमैन,जिला परिषद सदस्य,पंचायत सदस्य,सरपंच एवं समाज के राष्ट्रीय,राज्य स्तरीय, जिला स्तरीय,एवं तहसील स्तरीय सभी पूर्व एवं वर्तमान पदाधिकारी मौजूद रहेंगे ऐसी आशा मैं करता हूँ।यादव ने बताया कि एक सौ दिन की कार्य योजना में लिए गए निर्णयों को 22 फरवरी को साधू संतों की उपस्थिति में लागू किया जाएगा।इस महा पंचायत में बानसूर,नारायणपुर, विराटनगर,पावटा,कोटपुतली,बहरोड़,नीमराना,मुण्डावर,कोटकासिम, तिजारा,किशनगढ़,खैरथल,अलवर सहित आस पास क्षेत्रों के यादव/ अहीर समाज के गणमान्य लोग हिस्सा लेंगे। बैठक में कोंग्रेश के पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष अजय यादव,पूर्व सरपंच रामसिंह, उद्योगपति रमेश यादव, मास्टर मातादीन यादव,रोहिताश्व,देशराज,प्रकाश यादव,अजय गुरुजी,प्रमोद यादव,कैप्टन हरीराम,जयमल नेता,देवीदयाल,सुरेंद्र कवि,कैलाश यादव सहित कमेटी के सदस्यों सहित समाज के लोग काफी संख्या में मौजूद रहे।

# थाकली बांध मामले में किसानों ने कोटा पहुंचकर सौंपा ज्ञापन



बढ़ता राजस्थान

**रामगंजमंडी( नि.स. )।** थाकली बांध से जुड़ी समस्याओं को लेकर साथ गांव के किसानों ने कोटा पहुंचकर संभाग आयुक्त, जिला कलेक्टर, अधीक्षण अभियंता जल संसाधन विभाग एवं ग्रामीण पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। किसानों ने सिंचाई व्यवस्था और जल वितरण संबंधी समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की। किसानों का कहना है कि थाकली बांध से जुड़े गांवों को पर्याप्त पानी नहीं मिल रहा, जिससे फसलों को नुकसान हो रहा है। ज्ञापन में मांग की गई कि जल संसाधन विभाग तत्काल प्रभाव से स्थिति का निरीक्षण कर उचित व्यवस्था सुनिश्चित करे। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि 20 दिनों के भीतर समस्या का समाधान नहीं किया गया तो साथ गांव के किसान थाकली बांध में जल सत्याग्रह करेंगे। ज्ञापन देने वालों में दीपेंद्र सिंह, पप्पू लाल सेन, छोटमल गुर्जर, महावीर गुर्जर और सावन सिंह सहित अन्य किसान मौजूद रहे।

# चंबल रिवर फ्रंट महोत्सव 21 व 22 फरवरी 2026 को

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** 21 फरवरी से बहुरंगी कोटा महोत्सव के साथ 21 व 22 फरवरी को विभिन्न प्रतियोगिताओं , प्रदर्शनी , सांस्कृतिक प्रस्तुतियो का आयोजन होगा। 21 फरवरी को प्रात: गोदावरी धाम प्रति गणेश वंदना के साथ महोत्सव की शुरुआत होगी महोत्सव के तथा चंबल नदी तट के पश्चिमी भाग स्थित तिरंगा घाट पर फूड कोर्ट , नंदी घाट पर कोटा दंगल, शोर्य घाट पर फोटो कान्टेस्ट एवं एक्जिबिशन , रिवर फ्रंट के वेस्टर्न घाट स्थित हवैलियौ पर दीदी की हाट , घंटी घाट पर पेंटिंग वर्कशॉप आयोजित होगी। घंटी घाट पर दोनों दिन प्रात 11:00 से 5:30 बजे निरोगी कोटा कार्यक्रम के तहत विशेष चिकित्सकों के टॉक शो होंगे शौर्याघाट पर प्रात 11 से 7:30 बजे स्वदेशी कोटा ऑर्गेनिक खेती एवं मिलेट्स उत्पादन की प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा चंबल रिवर फ्रंट के तिरंगा घाट पर दोपहर 12:00 बजे मास्टरशेफ प्रतियोगिता , शौर्य घाट पर प्रात 11:00 से दोपहर 1:30 तक , लोकल टैलेंट हंट दोपहर 1:30 बजे 4:30 बजे तक सुरीला कोटा , साय 4:30 से 5:30 तक , घूमर शो साय 6 से रात 8: 30 बजे तक मारो राजस्थान कार्यक्रम आयोजित होगा।

**महोत्सव में होगी कोटा दंगल प्रतियोगिता**

कोटा दंगल कार्यक्रम के तहत राजस्थान केसरी , राजस्थान कुमार , राजस्थान महिला केसरी एवं राजस्थान महिला कुमारी प्रतियोगिता होगी। इसमें केवल राजस्थान के पहलवान ही भाग ले सकेंगे। कुश्ती प्रतियोगिता 21 फरवरी को चंबल रिवर फ्रंट के नदी घाट पर अपरनाह 3 बजे आयोजित की जाएगी। योग इंडिया के कार्यक्रम के अंतर्गत 21 एवं 22 फरवरी को योग इंडिया कार्यक्रम का आयोजन चंबल रिवर फ्रंट के घाटों पर किया जाएगा इसके तहत युवाओं को कैरियर , उच्च शिक्षा तकनीकी पाठ्यक्रमों की जानकारी प्रदान की जाएगी।

# औद्योगिक प्रोत्साहन शिविर 25 फरवरी को

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र कोटा एवं कोटा स्टोन इण्डस्ट्रीज एसोसिएशन रामगंजमंडी के संयुक्त तत्वाधान में 25 फरवरी को औद्योगिक एसोसिएशन भवन कुदायला रामगंजमंडी में औद्योगिक प्रोत्साहन शिविर का आयोजन किया जाएगा। महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र हरिमोहन शर्मा ने बताया कि शिविर में विभागीय योजनाएं जैसे राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना, डॉ भीमराव अम्बेडकर दलित आदिवासी योजना, विश्वकर्मा युवा उद्यमी प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री स्वरोजगार, राजस्थान टेऊड पॉलिसी, निर्यात पॉलिसी योजना की विस्तृत जानकारी दी जाएगी एवं मौके पर ही आवेदनकर्ताओं के आवेदन पत्र तैयार करवाए जाएंगे। इन योजनाओं से संबंधित संपूर्ण जानकारी के साथ-साथ ऋण लेकर अपना स्वरोजगार स्थापित करने वाले युवक-युवतियां कार्य योजना से संबंधित प्रोजेक्ट रिपोर्ट, आधार कार्ड, पेनकार्ड फोटो एवं शैक्षणिक योग्यताओं के प्रमाण पत्र लेकर संबंधित शिविर में उपस्थित हों।

# सीएडी की योजनाओं की समीक्षा बैठक

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** सिंचित क्षेत्र विकास चंबल कोटा की योजनाओं की समीक्षा बैठक क्षेत्रीय विकास आयुक्त श्री अनिल कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में सीएडी सभागार में आयोजित की गई। बैठक में स्केमेटिक बजट वर्ष 25 -26 के संशोधित अनुमान के अनुसार बजट घोषणाओं को वित्तीय प्रगति, वर्ष 26-27 की बजट घोषणा, वर्तमान नहर संचालन की प्रगति, सिंचाई कर वसूली वर्ष 25 -26 की प्रगति, संपर्क पोर्टल, सीएमओ पीएमओ, वीवीआईपी, डीएनएमएस, सीपीग्राम एवं लाइट्स प्रकरणों की समीक्षा की गई। परामर्श दल द्वारा नहरों के सुदृढ़ीकरण एवं उपयोग के लिए नवाचार का परामर्श दिया गया। क्षेत्रीय विकास आयुक्त ने समीक्षा के दौरान कम प्रगति रहने पर नाराजगी व्यक्त की गई तथा वर्ष 25-26 संशोधित अनुमान के अनुसार बजट घोषणाओं को शत प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण करने के निर्देश सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को दिए गए। उन्होंने ऑडिट आक्षेपों की पूर्ति समय पर करने के निर्देश दिए। नहर संचालन में आ रही बाधाओं का त्वरित समाधान कर नहर के अंतिम छोर के किसानों को सिंचाई के लिए निर्बाध जलापूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि न्यायिक प्रकरणों में किसी भी प्रकार की देरी के लिए जिम्मेदार अधिकारी पर कार्यवाही की जाएगी। बैठक में अतिरिक्त क्षेत्रीय विकास आयुक्त कुशल कुमार कोठारी, मुख्य लेखा अधिकारी भागीरथ सोनी सहित सभी इकाई प्रभारी ने भाग लिया।

# मायला गांव में 19 वर्षीय छात्रा ने फांसी लगाकर दी जान

## पोस्टमार्टम के लिए ढाई घंटे इंतजार, अस्पताल व्यवस्था पर उठे सवाल

बढ़ता राजस्थान



**रामगंजमंडी( नि.स. )।** मायला गांव में शुक्रवार को एक 19 वर्षीय छात्रा ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कानूनी कार्रवाई के बाद शव को रामगंजमंडी जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया। दोपहर करीब 1:30 बजे पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। मृतका की पहचान अंकिता के रूप में हुई है। वह मूल रूप से देवली खुर्द की निवासी थी और पढ़ाई के लिए अपने ननिहाल मायला गांव में रह रही थी। परिजनों के अनुसार शुक्रवार सुबह उसने सामान्य रूप से घर का कार्य किया, चाय बनाई और परिवारजनों को भी चाय पिलाई। इसके बाद वह मकान के पीछे बने कमरे में चली गई। काफी देर तक बाहर नहीं आने पर परिजनों ने कमरे में जाकर देखा तो वह फंदे से लटकी हुई मिली। परिजन उसे तुरंत नीचे उतारकर अस्पताल लेकर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मर्ग दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**स्थायी व्यवस्था का अभाव**

जानकारी के अनुसार रामगंजमंडी जिला अस्पताल में स्थायी पोस्टमार्टम सहायक नियुक्त नहीं है। ऐसे मामलों में सुकेत से निजी व्यक्ति को बुलाया जाता है। शुक्रवार को भी बाहरी व्यक्ति के पहुंचने में समय लगने से देरी हुई। पुलिस स्टाफ ने पंचनामा और अन्य कानूनी औपचारिकताएं पूरी कर ली थीं, लेकिन पोस्टमार्टम सहायक के आने तक प्रक्रिया शुरू नहीं हो सकी। चिकित्सा प्रभारी डॉ. प्रमोद कुमार स्नेही ने बताया कि स्थानीय स्तर पर भी एक व्यक्ति से बात की गई थी, लेकिन उसने प्रति पोस्टमार्टम 2,000 रुपये की मांग की। वहीं सुकेत से आने वाला व्यक्ति प्रति पोस्टमार्टम 500 रुपये में कार्य करता है, इसलिए उसी को बुलाया जाता है। सूचना मिलते ही उसे फोन कर बुला लिया गया था।

**प्रशासन ने दिया आश्वासन**

इस मामले में एसडीएम चारू वर्मा ने कहा कि भविष्य में ऐसी स्थिति दोबारा न बने, इसके लिए स्थानीय स्तर पर व्यवस्था सुदृढ़ करने पर विचार किया जाएगा। प्रयास रहेगा कि परिजनों को पोस्टमार्टम के लिए अनावश्यक इंतजार न करना पड़े।

### मोर्चरी के बाहर इंतजार से बढ़ी पीड़ा

*घटना के बाद परिजन सुबह करीब 10:30 बजे शव को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे, लेकिन पोस्टमार्टम शुरू होने में देरी हो गई। परिजनों को लगभग ढाई घंटे तक मोर्चरी के बाहर इंतजार करना पड़ा। इस दौरान परिवार के सदस्यों का घर पर रो-रोकर बुरा हाल रहा। और मोर्चरी के बाहर खड़े परिवार के सदस्यों बार-बार जल्द पोस्टमार्टम कर शव सौंपने की गुहार लगाते रहे। इसी दौरान अस्पताल की व्यवस्थाओं को लेकर सवाल उठने लगे। क्षेत्रवासियों ने मांग की कि जिला अस्पताल में स्थायी पोस्टमार्टम सहायक की नियुक्ति होनी चाहिए, ताकि भविष्य में शोक संतप्त परिवारों को इस तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।*

# विष्व सामाजिक न्याय दिवस के अवसर पर दिव्यांग बच्चों की हुई खेल प्रतियोगिता

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** विश्व सामाजिक न्याय दिवस के अवसर पर दिव्यांगजनों की सामाजिक सहभागिता को बढ़ाए जाने के उद्देष्य से शुक्रवार को बाधित बाल विकास केन्द्र विद्यालय के खेल मैदान में दिव्यांग बच्चों के मध्य खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें दृष्टिबाधित दिव्यांग बच्चों ने नींबू चम्मच दौड़, गंध की पहचान, स्पर्ष करके चीजों की पहचान करना, बौद्धिक दिव्यांग, मूकबधिर बच्चों ने दौड़, चित्रकला आदि खेलों में भाग लिया। संयुक्त निदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग सविता कृष्णिया ने बताया कि प्रतियोगिता के दौरान विजेता रहे दिव्यांग बच्चों को पुरस्कार स्वरूप मेडल प्रदान कर सम्मान किया गया।

# साइबर अपराधियो से 22 हजार नगदी व दो मोबाइल फोन जप्त, एक अभियुक्त व दो नाबालिक अनिरुद्ध

बढ़ता राजस्थान



**खातौली( मुकेश गोस्वामी )।** कोटा जिले के खातौली पुलिस द्वारा ऑनलाइन साइबर ठगी के अपराधियों को गिरफ्तार किया गया आरोपियों से ठगी में उपयोग लिए गए दो मोबाइल फोन एवं ऑनलाइन ठगी किए गए 22000 हजार रुपए नगदी जप्त किए गए। वहीं कोटा ग्रामीण एसपी सुजीत शंकर ने साइबर अपराध रोकने के लिये ग्रामीण पुलिस को सख्त आदेश दिए गए हैं। वही इटावा पुलिस सीओ ओमप्रकाश सरावग भी क्षेत्र की अवैध गतिविधियों व साइबर क्राइम पर नजर बनाए हुए हैं। वहीं क्षेत्र के थाना अधिकारियों को क्षेत्र की अवैध गतिविधियों पर कड़ी कार्रवाई करने के आदेश दिए गए। साइबर अपराध पर पुलिस थाना खातौली सीआई देशराज गुर्जर द्वारा पुलिस टीम बनाकर सत्यपाल कनि.कैलाश कनि. विजयपाल कनि. मुकेश कनि. पुलिस जवानों की टीम बना कर साइबर ठगी करने वाले की कुंडली खंगाल कर सवाई माधोपुर जिले के खंडार तहसील के पीपल्दा निवासी सुरेंद्र उर्फ सुट्टी को गिरफ्तार किया गया एवं दो अन्य विधि से संघर्षरत किशोर को भी अनिरुद्ध किया गया जिनके कब्जे से अनुसंधान के दौरान प्रकरण की राशि एवं अपराध में काम लिए गए मोबाइल फोन भी जप्त किए गए। प्रकरण में उक्त आरोपियों के अलावा अन्य व्यक्तियों की संलिप्तता के संबंध में अनुसंधान जारी है। वही आरोपियों के खिलाफ दिनांक 3 अप्रैल 2025 बुढादीत थाने मैं एवं कोतवाली सवाई माधोपुर दिनांक 18 दिसंबर 2024 के मामले मैं आरोपी थे।

# संगम कला ग्रुप कोटा के विजेता प्रतिभागी राष्ट्रीय फाइनल में दिखाएँगे दम

**41 वीं अखिल भारतीय सुगम संगीत गायन प्रतियोगिता हेतु दिल्ली रवाना, कमानी ऑडिटोरियम में गूँजेंगे कोटा के सुर, पद्मश्री हरिहरन होंगे मुख्य अतिथि**

बढ़ता राजस्थान



कोटा (का.स.)। संगम कला ग्रुप, कोटा द्वारा आयोजित 41वीं अखिल भारतीय सुगम संगीत गायन प्रतियोगिता के अंतर्गत चयनित प्रतिभागी अब राष्ट्रीय मंच पर अपनी सुरीली प्रतिभा का जादू बिखेरने के लिए तैयार हैं। सुरतरंग नेशनल सिंगिंग टैलेंट हंट के संभागीय स्तर पर विभिन्न वर्गों में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी 23 फरवरी 2026 को नई दिल्ली के कमानी ऑडिटोरियम में आयोजित राष्ट्रीय फाइनल में कोटा चैप्टर का प्रतिनिधित्व करेंगे। संस्था की महासचिव डॉ. शिल्पी सक्सेना ने बताया कि उनके नेतृत्व में सभी वर्गों के प्रथम विजेता प्रतिभागी दिल्ली में आयोजित अंतर्राज्यीय चरण और उसके पश्चात राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में अपनी प्रस्तुतियाँ देंगे। क्षेत्रीय अध्यक्ष राकेश कुमार सक्सेना के अनुसार सब-जूनियर फिल्म वर्ग से दीक्षांत सिंह, सब-जूनियर गैर-फिल्म वर्ग से पाखी जैन, जूनियर फिल्म वर्ग से अविका सक्सेना, जूनियर गैर-फिल्म वर्ग से आद्विक जैन, सीनियर फिल्म वर्ग से अंकिता मिश्रा तथा सीनियर गैर-फिल्म वर्ग से निरंजन गंधर्व ने प्रथम स्थान प्राप्त कर कोटा का गौरव बढ़ाया है। सभी प्रतिभागी आज कोटा से दिल्ली के लिए रवाना होंगे। दिल्ली में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुप्रसिद्ध ग़ज़ल गायक पद्मश्री हरिहरन होंगे। साथ ही हिमानी कपूर, इंडियन आइडल फेम अभिजीत शर्मा, शहज़ाद अली सहित अनेक प्रख्यात पार्श्व गायक एवं दूरदर्शन कलाकार अपनी प्रस्तुतियों से कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाएँगे। संगम कला ग्रुप विगत 41 वर्षों से निरंतर देश-विदेश में संगीत प्रतिभाओं को मंच प्रदान कर रहा है । कोटा से भी इसी मंच के माध्यम से श्रेया घोषाल, आदर्श सक्सेना, चंचल काबरा, रामकृष्ण वर्मा, सरिता राज, निर्देश गौतम, एवं मीतू सोलंकी ने कोटा का प्रतिनिधित्व करते हुए इस प्रतियोगिता को जीता है और संगीत के क्षेत्र में कोटा का नाम राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित किया है । आज यह सभी संगीत के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी पहचान बनाए हुए हैं । यह मंच नवोदित प्रतिभाओं को दिशा, अवसर और उज्ज्वल भविष्य प्रदान करने वाला प्रतिष्ठित मंच है।

# कोटा ग्रामीण पुलिस ने किया 007 कोहिनूर गैंग का पर्दाफाश



बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** बोरखेड़ा थाना पुलिस ने खुलासा किया है उन्होंने 007 कोहिनूर गेम के 5 सदस्यों को पड़ा है आरोपी महिलाओं का वेश धारण कर हाईवे पर लुट करने की योजना बना रहे थे। पुलिस अधीक्षक तेजस्विनी गौतम ने बताया कि लगातार सूचना मिल रही थी कुछ युवा के लगातार हथियारों के साथ फोटो और रियल बनाकर डाल रहे हैं और हाई स्पीड में गाड़ियों को दौड़कर लोगों में दहशत बना रहे हैं । सूचना के आधार पर गस्त के दौरान रोहित मीणा, मनीष सुमन , प्रदीप मीणा , विकास योगी , अजय मीणा को गिरफ्तार किया है आरोपियों के कब्जे से एक देसी कट्टा दो चाकू जिंदा कारतूस और महिलाओं के सूट मिर्च पाउडर , बेसबॉल के डंडे और बिना नंबर की गाड़ी बरामद की गई है। पूछताछ में सामने आया कि सोने चांदी की बढ़ती कीमतों के बीच गैंग अपने नेटवर्क को बढ़ाने के लिए हाईवे पर लूट और डकैती की योजना बना रहा था महिलाओं का वेश बदलकर वारदात को अंजाम देने की तैयारी थी पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और उनके अन्य साथियों की भी तलाश की जा रही है ।

# रावतभाटा में बाल गोपाल सरस्वती संस्कार केंद्र में बच्चों को गर्म वस्त्र वितरण, संस्कारों का दिया गया संदेश

बढ़ता राजस्थान



**रावतभाटा ( नि.स. )।** बाल गोपाल सरस्वती संस्कार केंद्र, चारण बस्ती स्थित हनुमान मंदिर परिसर में गुलाब दीदी के आग्रह पर एक सराहनीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर बच्चों को सर्दी से बचाव हेतु गर्म वस्त्र वितरित किए गए। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को अच्छे संस्कारों का महत्व समझाया गया। केंद्र के सभी बच्चे अत्यंत अनुशासित पाए गए तथा मंत्रों का स्पष्ट एवं शुद्ध उच्चारण करते हुए उन्होंने अपनी संस्कारित शिक्षा का परिचय दिया। गर्म वस्त्र पाकर सभी बच्चे अत्यंत प्रसन्न हुए और उन्होंने मन लगाकर पढ़ाई कर आगे बढ़ने का आश्वासन भी दिया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती निशा जी झा, अधिशासी अभियंता, कोटा थर्मल ने बच्चों को गर्म वस्त्र वितरित किए। वहीं आशा व्यास, सेवा प्रमुख, बाल संस्कार केंद्र उपस्थित रहीं तथा उन्होंने सभी अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम के अंत में गुलाब कंवरने सभी अतिथियों का तिलक एवं दुपट्टा पहनाकर आभार व्यक्त किया। आयोजकों ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कार्यक्रम का समापन किया।

# स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत बेस्ट आउट ऑफ़ द वेस्ट प्रतियोगिता का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा ( नि.स. )।** रावतभाटा परमाणु ऊर्जा केंद्रीय विद्यालय- 2, रावतभाटा में दिनांक 4/02/26 से स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसके अंतर्गत विद्यालय में अनेक गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत आज दिनांक 20/02/26 को कक्षा एक से आठवीं तक के विद्यार्थियों के लिए बेस्ट आउट ऑफ द वेस्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता के निर्णायक गण यशोदा कुचेरिया और बाबू लाल भील थे। इस प्रतियोगिता में कक्षा 1 से 8 तक के 70 विद्यार्थियों ने भाग लिया और इनमें से 24 विद्यार्थियों को बाद में पुरस्कृत किया जाएगा। इस प्रतियोगिता के सफल आयोजन में अनिल बंजारा, शालिनी श्रृंगी , हिमांशु मालव, सुश्री किरण कुमारी और ऋतु साहू का सहयोग रहा।

# कोटा में हिस्ट्रीशीटर कालू भड़क पर बड़ी कार्रवाई, वन विभाग की 40 बीघा भूमि से अतिक्रमण हटाया

बढ़ता राजस्थान



**कोटा ( का.स. )।** रानपुर थाना क्षेत्र के लखावा गांव स्थित ए-1 खंड में वन विभाग की भूमि पर किए गए अतिक्रमण को शुक्रवार को हटाया गया। यह संयुक्त कार्रवाई कोटा सिटी पुलिस और वन विभाग द्वारा की गई। कोटा के उपवन संरक्षक तथा लाडपुरा रेंज के रेंजर इंद्रेश कुमार और अपुर्व कृष्ण श्रीवास्तव ने बताया कि अतिक्रमणकारियों के कब्जे से करीब 40 बीघा वन भूमि मुक्त कराई गई। इनमें से 20 बीघा पर हिस्ट्रीशीटर कालू भड़क का कब्जा था, जबकि शेष 20 बीघा पर अन्य लोगों ने पशु-बाड़े और फार्म हाउस बना रखे थे। वन भूमि पर खेती भी की जा रही थी। अतिक्रमण हटाने से पूर्व संबंधित पक्षों को नोटिस जारी किए गए थे। पुलिस के अनुसार आरोपी कालू भड़क का भाई देवा भड़क कांग्रेस नेता है और पूर्व में कृषि उपज मंडी का अध्यक्ष रह चुका है। इस संबंध में तेजस्विनी गौतम (एसपी सिटी, कोटा) ने बताया कि आरोपी के कब्जे से 7 फायरिंग आर्म्स और 27 कारतूस बरामद किए गए हैं। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि इन हथियारों का उपयोग किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की तैयारी में किया जा रहा था। कालू भड़क के खिलाफ कुल 34 मुकदमे दर्ज हैं, जिनमें पुलिस पर हमले, राजकार्य में बाधा और पुलिस पर फायरिंग के प्रकरण शामिल हैं।

एसपी सिटी ने आगे बताया कि नए आपराधिक कानूनों के तहत आरोपी की अवैध संपत्ति पर भी कार्रवाई की जाएगी। निजी खातेदारी की जमीन पर अवैध कब्जे को लेकर एक और मामला दर्ज किया गया है। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि वह हथियार दिखाकर लोगों को डराने-धमकाने और अवैध कब्जे करने की कोशिश कर रहा था, साथ ही कुछ वारदातों को अंजाम देने की योजना भी थी। इस मामले में अन्य संदिग्धों के नाम भी सामने आए हैं, जिनकी गिरफ्तारी कर पूछताछ की जाएगी।

# जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक सम्पन्न

## आगामी त्यौहारों को आपसी भाईचारे व सौहार्द के साथ मनाऐं - जिला कलक्टर

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)।** जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक जिला कलक्टर कमर चौधरी की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई जिसमें जिला पुलिस अधीक्षक दिगंत आनन्द सहित संबंधित अधिकारी एवं समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

जिला कलक्टर ने कहा कि आगामी त्यौहारों को सभी नागरिक आपसी सौहार्द एवं भाईचारे के साथ मनाऐं यह हमारी परम्परा रही है। त्यौहारों के अवसर पर एक दूसरे के यहां शामिल होकर सहयोगी भाव के साथ भागीदार बनें। उन्होंने कहा कि जिले में शांति व्यवस्था बनाये रखने में प्रशासन के साथ प्रबुद्ध नागरिकों की महति भूमिका होती है। किसी भी समस्या या संभावित घटना के बारे में प्रशासन को सूचना देकर उसका निराकरण करायें जिससे आमजन को परेशानी नहीं हो। उन्होंने होली के अवसर पर देर रात्रि अनावश्यक सडकों को घूमने वाले लोगों को सामाजिक स्तर पर समझाईश करने तथा त्यौहारों के अवसर पर यातायात व्यवस्था बनाये रखने में सहयोग बनाये रखने का आव्हान किया।

जिला पुलिस अधीक्षक ने कहा कि हमारी परम्परा त्यौहारों को सामुहिक रूप से मनाने की रही है, सभी नागरिक अपने-अपने त्यौहार संस्कृति के अनुरूप मनाऐं इसमें सभी को सहयोग करना है। उन्होंने कहा कि जिले में परीक्षाओं के मध्येनजर अनावश्यक डीजे नहीं बजें तथा मोटरसाईकिलों के साईलेंसर से फ्टाके नहीं चलायें यह सुनिश्चित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि अवैध शराब ठेकों की जांच के लिये सभी थानों में निर्देशित किया गया है। उन्होंने धार्मिक कार्यक्रमों में शोभायात्रा या जुलूस-रैली के लिये उपखण्ड अधिकारी कार्यालय में आवेदन कर अनुमति लेने का आव्हान किया जिससे सुरक्षा व यातायात व्यवस्था सुचारू बनी रहे।

### डीजे बजाने पर होगी कार्यवाही-

बैठक में तय किया गया कि बोर्ड परीक्षाओं के मध्येनजर विद्यार्थियों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो इसके लिये तेज अवाज में बजने वाले डीजे के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जायेगी। रात्रि 10 बजे बाद एवं तेज आवाज में डीजे बजते पाये जाने पर उसे सीज करते हुये मैरिज होम संचालक को भी जिम्मेदार माना जायेगा।



### यातायात उल्लंघन पर होगी कार्यवाही-

शहर में त्यौहारों के समय सुचारू यातायात व्यवस्था बनाये रखने एवं आपराधिक घटनाओं को रोकने के लिये यातायात व्यवस्था को सुदृढ किया जायेगा। जिले में कहीं भी मोटर साईकिलों के साईलेंसर से फ्टाके की आवाज निकालते पाये जाने पर मोटरसाईकिल सीज होने के साथ चालक के खिलाफ भी सख्त कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। दुपहिया वाहन चालकों द्वारा हैलमेट नहीं पहनने पर चालान होगा। वाहनों की खराब नम्बर प्लेट या स्लोगन लिखे होने पर कार्यवाही होगी।

### त्यौहारों पर शराब पीकर नहीं निकल सकेंगे बाहर-

शांति समिति में निर्णय लिया गया कि जिले में अवैध अथवा समय की पालना नहीं करने वाले शराब के ठेकों के खिलाफ अभियान चलाकर सख्त कार्यवाही की जायेगी। त्यौहारों के अवसर पर शराब पीकर बाहर निकलने वाले अथवा वाहन चलाने वाले नागरिकों के खिलाफ पुलिस सख्त कार्यवाही करेगी। इस अवसर पर अतिरिक्त कलक्टर प्रशासन घनश्याम शर्मा, शहर राहुल सैनी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र, शांति समिति के सदस्य शैलेश कौशिक, रूपेन्द्र सिंह, रविन्द्र कैमारिया, अमर सिंह नेवाडा, सुशील शर्मा, महबूब खां एडवोकेट सहित सदस्यगण उपस्थित रहे।

# भाजपा कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ - सतीश बंसल

### भाजपा मण्डल जनूथर की बैठक आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)।** भाजपा मण्डल जनूथर की बैठक शीशवाड़ा के बूथ नंबर 223 पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष सतीश बंसल के मुख्यातिथि एवं मंडल अध्यक्ष गोपेश शर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में सतीश व्यास विशिष्ट अतिथि रहे। बैठक में सतीश बंसल ने कार्यकर्ताओं को पार्टी की रीढ़ बताते हुए आगामी पंचायतीराज एवं नगरीय निकाय चुनाव को ध्यान में रखते हुए केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं एवं उपलब्धियों को जनता के बीच ले जाने का आग्रह किया। बंसल ने बताया कि नगर विधानसभा विकसित विधानसभा बने, उसके लिए अब तक विधानसभा क्षेत्र में लगभग 1500 करोड़ के विकास कार्य हो चुके हैं और आने वाले समय में विधानसभा में विकास के नए आयाम स्थापित होंगे। जनूथर क्षेत्र में लगभग 15 करोड़ के विकास कार्य हो चुके हैं । बैठक में चतर गुर्जर पन्हौरी को महामंत्री, ओमप्रकाश को उपाध्यक्ष, साहबसिंह शीशवाड़ा को किसान मोर्चा का मंडल अध्यक्ष एवं चंद्रभान जाटव को एससी मोर्चा का मंडल अध्यक्ष की घोषणा की। बैठक में पप्पी डॉ शीशवाडा उपाध्यक्ष, दिगंबर गुर्जर, प्रहलादसिंह,श्यामलाल जाटव, चंद्रभान, दिगंबर,जग्गो जाटव, परमानंद, बदन जाटव, गजाधर बीएलए 2, सौदान , महेंद्र, मोहन आदि उपस्थित रहे।

# विश्व सामाजिक न्याय दिवस पर दिव्यांगजनों हेतु खेल एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)।** विश्व सामाजिक न्याय दिवस के अवसर पर शुक्रवार को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा जिला स्तर पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में समानता, सामाजिक समावेशन तथा अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।

संयुक्त निदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग श्याम सुंदर शर्मा ने कहा कि सामाजिक न्याय का वास्तविक स्वरूप तभी साकार होता है जब समाज के प्रत्येक वर्ग को समान अवसर एवं सम्मान प्राप्त हो। विभाग द्वारा निरंतर ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से दिव्यांगजनों के सर्वांगीण विकास एवं सशक्तिकरण के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि इस अवसर पर विशेष रूप से दिव्यांगजनों के लिए एक दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में लंबी कूद, ऊंची कूद एवं अन्य मनोरंजक खेल शामिल रहे। दिव्यांग बच्चों एवं प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विजेताओं को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

कार्यक्रम में सहायक प्रशासनिक अधिकारी नरेन्द्र कुमार राठी, स्वयंसेवी संस्था के प्रतिनिधि पुष्पेन्द्र गाबर, बृजेश गाबर एवं अजीत सिंह राणा सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# श्री हरिदत्त कॉलेज ऑफफार्मेसी में एड्स पर कार्यशाला आयोजित

**भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)।** श्री हरिदत्त कॉलेज ऑफ फार्मेसी, टेक्नोलॉजी पार्क, सेवर, भरतपुर की रेड रिबन क्लब के ने एड्स के संबंध में समाज एवं युवाओं में जागरुकता फैलाने के उद्धेश्य से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में नारायण सिंह बोरई मुख्य अतिथि के रुप में मौजूद रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि हरिदत्त शर्मा रहे। कार्यक्रम में संस्था निदेशक डॉ. आलोक शर्मा मौजूद रहे। संस्था निदेशक डॉ. आलोक शर्मा ने एड्स और एच.आई.वी. के संक्रमण को लेकर लोगों में व्याप्त गलत फ्हमियों को दुर करने का सार्थक प्रयास किया गया, जिसमें उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं और समस्त स्टाफ गणों को एड्स और एच.आई.वी. से भली भॉति परिचित कराया। रेड रिबन क्लब फार्मेसी के नोडल ऑफिसर विनोद छारिया ने एच.आई.वी. के संक्रमण को लेकर विशिष्ट जागरुकता हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थिति छात्र-छात्राओं ने कई सवाल भी पुछे जिसके उत्तर छारिया सर द्वारा दिए गए।

# विधायक डॉ. गर्ग ने ग्रामीण व शहरी क्षेत्र का किया दौरा

## सामाजिक कार्यक्रमों में भाग लेने के साथ विकास कार्यों पर की चर्चा

### नगर निगम व बीडीए आयुक्त तथा तहसीलदार से आमजन से मिली समस्याओं का समाधान करने के दिये निर्देश

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)।** पूर्व मंत्री व भरतपुर विधायक डॉ. सुभाष गर्ग ने शुक्रवार को भरतपुर दौरे के दूसरे दिन भरतपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में पहुंचकर विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों में भाग लिया, साथ ही रणजीत नगर कार्यालय पर जनसुनवाई कर नगर निगम व भरतपुर विकास प्राधिकरण के आयुक्त तथा तहसीलदार को दूरभाष पर आमजन से मिली समस्याओं का समाधान कराने के निर्देश दिये।

विधायक डॉ. गर्ग ने ग्रामीण क्षेत्र के फुलवारा, सूती, जघीना सहित अन्य ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में पहुँचकर सामाजिक कार्यक्रमों में शिरकत कर क्षेत्र के विकास को लेकर लोगों से चर्चा की, साथ ही क्षेत्र में कराये जा रहे विकास कार्यों पर भी लोगों से विचार विमर्ष किया और विकास कार्यों का अवलोकन भी किया। डॉ. गर्ग ने विभिन्न वैवाहिक कार्यक्रमों में भी भाग लिया तथा लोगों के सुख-दु:ख में भागीदारी निभाई। उन्होंने रणजीत नगर कार्यालय पर भी जनसुनवाई की तथा आमजन द्वारा बताई गई समस्याओं का समाधान कराने का विश्वास दिलाते हुये नगर निगम व भरतपुर विकास प्राधिकरण के आयुक्त तथा तहसीलदार को दूरभाष पर आमजन से मिली समस्याओं का समाधान कराने के निर्देश दिये।

# भरतपुर में युवक को सड़क पर लात-घूंसों से पीटा

### मुंह और नाक से खून आने पर छोड़ा, नशे में उत्पात मचाने का लगाया आरोप



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)।** भरतपुर शहर के आरबीएम अस्पताल चौराहे पर युवक पर नशे में उत्पात मचाने का आरोप लगाते हुए लोगों ने पिटाई कर दी। सड़क पर गिराकर लात-घूंसों से मारपीट की। मुंह और नाक से खून बहने लगा तो लोगों ने छोड़ दिया। आरोप है कि राहगीरों और दुकानदारों को गालियां दी। गाड़ियों को रोकने से नाराज लोगों ने उसकी लात-घूसों से पिटाई कर दी।

### समझाने पर भी नहीं माना

हाउसिंग बोर्ड निवासी रवि ने बताया- वह देर शाम चौराहे से गुजर रहा था। वहां कुछ लोग और एक महिला एक व्यक्ति की पिटाई कर रहे थे। व्यक्ति नशे में धुत होकर लोगों को लगातार गालियां दे रहा था। मौजूद लोगों ने पहले उसे समझाने की कोशिश की, लेकिन वह नहीं माना और हंगामा करता रहा।

### सड़क पर पटककर पीटा

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार उत्पात मचाने पर लोगों का गुस्सा भड़क गया। उन्होंने उसे सड़क पर पटककर लात-घूसों से पीटा। इस दौरान उसके मुंह और नाक से खून आने लगा। कुछ लोगों ने पुलिस बुलाने की बात कही तो लोगों ने उसे छोड़ दिया। लोगों के हटते ही व्यक्ति फ़िर रास्ते से गुजर रही गाड़ियों को रोकने लगा। हालांकि कुछ देर बाद वह खुद ही वहां से चला गया।

# विश्व सामाजिक न्याय दिवस पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

बढ़ता राजस्थान



**रूपवास (श्याम सुंदर कौशल)।** कस्बे के न्यायालय परिसर स्थित सभागार में राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के एक्शन प्लान की अनुपालना में ऋषि गुप्ता अध्यक्ष ताल्लुका विधिक सेवा समिति (सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट) रूपवास के निर्देशन में विश्व सामाजिक न्याय दिवस के अवसर पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम का अयोजन किया। कार्यक्रम के माध्यम से गुप्ता द्वारा बताया गया कि सामाजिक न्याय को बढावा देने के उद्देश्य से गरीबी, अशिक्षा, लिंग और शारीरिक भेदभाव, धार्मिक भेदभाव आदि को खत्म करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को एक साथ लाने के मुख्य उद्देश्य के साथ प्रत्येक वर्ष 20 फ़रवरी का दिन विश्व सामाजिक न्याय दिवस के रूप में मनाया जाता है। सामाजिक न्याय दिवस के अंतर्गत शांति और सौहार्द समृद्धि और सामाजिक न्याय को बढावा देना है तथा उम्र, जाति, पंथ, धर्म, लिंग या शारीरिक अंतर के आधार पर किसी भी भेदभाव को समाप्त करना है। इसके अलावा उनके द्वारा 14 मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के सफ्ल आयोजन के लिए अधिवक्तागण के साथ विचार विमर्श किया गया। इस अवसर पर अधिवक्तागण शंकरदयाल शर्मा, संतोष शर्मा, जितेन्द्र सिंह परमार, ओमप्रकाश शर्मा, जयप्रकाश पाराशर, अमृतलाल, सुम्मेरा, मोहनलाल शर्मा, संतोष बंसल, ललित मोहन शर्मा, पवन कुमार शर्मा आदि मौजूद रहे।

# बयाना में रीको रोड स्थित किराना दुकान में सेंध, 25 हजार की नकदी और सामान चोरी

**बयाना (अमन झालानी)।** बयाना कस्बे में रीको रोड स्थित एक किराना दुकान में गुरुवार-शुक्रवार की दरम्यानी रात चोरी की वारदात सामने आई। अज्ञात चोर दुकान से करीब 25 हजार रुपये की नकदी और सामान ले गए। जानकारी के अनुसार भगवती कॉलोनी निवासी धर्मेंद्र शर्मा की 'बॉबी प्रोविजन स्टोर' नामक दुकान नर्सिंग होम के सामने रीको रोड पर स्थित है। चोर दुकान के पिछले हिस्से की खिड़की तोड़कर अंदर घुसे। इसके बाद उन्होंने कैश काउंटर से लगभग 10 हजार रुपये की नकदी और करीब 15 हजार रुपये का सामान चुरा लिया।

# भारत में तेजी से बढ़ रही एग फ्रीजिंग - डॉ. शिप्रा श्रीवास्तव

बढ़ता राजस्थान

भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)। आज की महिलाएं अपनी जिंदगी की प्लानिंग कैलेंडर और डेडलाइंस के हिसाब से कर रही हैं। कब पढ़ाई पूरी होगी, कब करियर सेट होगा, कब आर्थिक स्थिरता आएगी। लेकिन शरीर का बायलॉजिकल कैलेंडर इन योजनाओं से अलग चलता है। यहीं से शुरू होता है वो टकराव, जहां मन कहता है 'अभी नहीं' और बॉडी चुपचाप समय गिनती रहती है।

इसी गैप में एक मेडिकल ऑप्शन का सामने आया है एग फ्रीजिंग। इसे 'फर्टिलिटी का पॉज बटन' भी कहा जाता है, जिसे महिलाएं अब ज्यादा आत्मविश्वास से दबा रही हैं। पिछले एक दशक में दुनिया भर में एग फ्रीजिंग के मामलों में करीब 60 प्रतिशत फ्रिजिंग की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। अमेरिका में यह ट्रेंड और तेज है, जहां हर साल एग फ्रीजिंग साइकल्स में औसतन 20 प्रतिशत की वृद्धि देखी जा रही है। भारत में भी तस्वीर तेजी से बदल रही है। फोर्ब्स इंडिया के मुताबिक, मुंबई, दिल्ली और बेंगलुरु जैसे मेट्रो शहरों में पिछले पांच सालों में एग फ्रीजिंग को लेकर पूछताछ में पांच गुना तक इजाफा हुआ है। दिल्ली के बड़े फर्टिलिटी सेंटर्स में जहां पहले साल में एक-दो महिलाएं ही यह ऑप्शन चुनती थीं, अब हर महीने 5 से 6 महिलाएं एग फ्रीजिंग करा रही हैं। उक्त जानकारी कृष्णा नगर स्थित एस.एस. हॉस्पीटल के निदेशक पूर्व प्रमुख चिकित्सा अधिकारी,वरिष्ठ सर्जन डा0 अखिलेश श्रीवास्तव की पुत्रवधू वरिष्ठ स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ ने पत्रकार को दी।

### सवाल- एग फ्रीजिंग क्या होती है?

**जवाब**- डा0 शिप्रा श्रीवास्तव ने बताया कि एग फ्रीजिंग एक मेडिकल प्रोसेस है। इसमें महिला के अंडों को शरीर से निकाल लिया जाता है। इन अंडों को बहुत कम तापमान पर फ्रीज किया जाता है, ताकि भविष्य में उनका इस्तेमाल किया जा सके। इसका मकसद अंडों की मौजूदा क्वालिटी को सुरक्षित रखना होता है जिससे उम्र बढ़ने का असर उन पर न पड़े। जब महिला मानसिक, शारीरिक या सामाजिक रूप से तैयार हो, तब वह उन्हीं अंडों से गर्भधारण कर सके।

### सवाल-एग फ्रीजिंग कितनी सेफहै?

**जवाब**- डा0 शिप्रा श्रीवास्तव ने बताया कि एग फ्रीजिंग को मेडिकल भाषा में ओसाइट क्रायोप्रिजर्वेशन कहा जाता है। अनुभवी फर्टिलिटी स्पेशलिस्ट की देखरेख में यह प्रक्रिया आमतौर पर सुरक्षित मानी जाती है। आज इस्तेमाल होने वाली तकनीकें पहले के मुकाबले ज्यादा एडवांस और भरोसेमंद हैं, जिससे अंडों को फ्रीज करने की सफ्लता दर बेहतर हुई है।

### सवाल- एग फ्रीज कराने की आइडियल उम्र क्या होती है?

**जवाब**- डॉ. शिप्रा श्रीवास्तव ने बताया कि विशेषज्ञों के मुताबिक, 35 साल से पहले एग फ्रीज कराना बेहतर माना जाता है। इस उम्र तक अंडों की क्वालिटी अच्छी होती है। हालांकि महिला की सेहत, जेनेटिक फैक्टर्स और हॉर्मोनल स्थिति भी मायने रखती है। एक स्टडी में पाया गया है कि 37 साल से पहले एग फ्रीजिंग का फायदा सबसे ज्यादा होता है। यह ज्यादा कॉस्ट-इफेक्टिव भी होती है। डॉ. शिप्रा श्रीवास्तव ने बताया कि एक सिंगल साइकिल का खर्च लगभग 1 लाख से 2.5 लाख रुपये के बीच हो सकता है। यह इस्तेमाल की गई दवाओं, महिला के ओवेरियन रिजर्व और क्लिनिक या शहर पर निर्भर करता है।

### सवाल- क्या एग फ्रीज कराने के साइड इफेक्ट होते हैं?

**जवाब**- डा0 शिप्रा श्रीवास्तव ने बताया कि एग फ्रीजिंग के साइड इफेक्ट ज्यादातर अस्थायी और हॉर्मोन से जुड़े होते हैं। हॉर्मोनल दवाओं के कारण ब्लोटिंग, मूड स्विंग्स, सिरदर्द, थकान, ब्रेस्ट टेंडरनेस हो सकती है। एग रिट्रीवल के बाद हल्का दर्द या स्पॉटिंग भी हो सकती है। गंभीर लेकिन दुर्लभ मामलों में ओवेरियन हाइपरस्टिम्युलेशन सिंड्रोम या बहुत ही कम मामलों में ओवेरियन टॉर्शन का खतरा होता है।

### सवाल- एग फ्रीजिंग से पैदा हुए बच्चे कितने हेल्दी होते हैं?

**जवाब**- डा0 शिप्रा श्रीवास्तव ने बताया कि एग फ्रीजिंग से जन्मे बच्चे आम तौर पर पूरी तरह स्वस्थ और सामान्य होते हैं। रिसर्च बताती है कि ऐसे बच्चों में नेचुरल कंसेप्शन या फ्रेश आईवीएफ से जन्मे बच्चों की तुलना में कोई ज्यादा स्वास्थ्य जोखिम नहीं पाया गया है, खासकर तब जब अंडे कम उम्र में फ्रीज किए गए हों।

### सवाल - एग फ्रीज करने से पहले क्या अंडों की क्वालिटी चेक की जाती है?

**जवाब**- डा0 शिप्रा श्रीवास्तव ने बताया कि हां, एग फ्रीजिंग से पहले डॉक्टर महिला के ओवेरियन रिजर्व और अंडों की संभावित गुणवत्ता का आकलन करते हैं। इसके लिए ब्लड टेस्ट, अल्ट्रासाउंड और कुछ हॉर्मोनल टेस्ट



किए जाते हैं, ताकि यह समझा जा सके कि एग फ्रीजिंग से महिला को कितना फायदा मिल सकता है।

# विधायक कोठारी ने विधानसभा में उठाई पत्रकारों के हक की आवाज

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा, (अमित शर्मा)।** विधायक कोठारी ने पर्ची के माध्यम से सदन में कहा कि पत्रकार सरकार और जनता के बीच सेतु का कार्य करते हैं। वे जहां जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाते हैं, वहीं सरकार की कमियों को उजागर कर व्यवस्था को पारदर्शी और जवाबदेह बनाते हैं। ऐसे में उनकी सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करना सरकार की नैतिक जिम्मेदारी है।

उन्होंने फील्ड में कार्यरत पत्रकारों की सुरक्षा के लिए 'पत्रकार प्रोटेक्शन एक्ट' शीघ्र लागू करने की मांग की। साथ ही प्रत्येक शहर में 'पत्रकार कॉलोनी' विकसित कर भूखंड विहीन पत्रकारों को रियायती दर पर भू-आवंटन का सुझाव दिया। लघु एवं जिला स्तरीय समाचार पत्रों की आर्थिक स्थिति पर चिंता जताते हुए कोठारी ने विज्ञापन दरों में वृद्धि और विज्ञापन प्रक्रिया को सरल बनाने की बात कही। कॉलम सेंटीमीटर और वर्ग सेंटीमीटर की विसंगति समाप्त कर विज्ञापन दरें केवल वर्ग सेंटीमीटर के आधार पर तय करने का सुझाव दिया।

स्वास्थ्य सुरक्षा के तहत RJHS को RGHS के समान सुविधाएं देने, वार्षिक दवा सीमा 5000 रुपये से बढ़ाने तथा 'वरिष्ठ पत्रकार सम्मान निधि' में वृद्धि की मांग भी रखी। डिजिटल मीडिया के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए डिजिटल पत्रकारों के लिए स्पष्ट नीति बनाने और पत्रकारों के बच्चों की छात्रवृत्ति प्रक्रिया सरल करने की आवश्यकता बताई।

# राज्यस्तरीय डेजर्ट ट्रेकिंग शिविर में ब्यावर के रोवर-रेंजर चयनित

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** भारत स्काउट एंड गाइड राजस्थान राज्य मुख्यालय जयपुर द्वारा 24 से 28 फरवरी तक जैसलमेर में आयोजित राज्यस्तरीय डेजर्ट ट्रेकिंग शिविर में ब्यावर जिले के पांच रोवर-रेंजर भाग लेंगे।

स्थानीय संघ सचिव गोपाल शर्मा ने बताया कि इस पांच दिवसीय साहसिक शिविर के लिए चयनित प्रतिभागियों में सनातन धर्म महाविद्यालय के रोवर राजवीर सिंह, करण सिंह भाटी, चौहान रौनक तथा रेंजर शकुंतला सिंह गहलोत और कश्मीर शामिल हैं। शिविर के दौरान प्रतिभागियों को सम के धोरे, तनोट माता मंदिर सहित जैसलमेर के ऐतिहासिक स्थलों का अवलोकन और हाइकिंग का अवसर मिलेगा। प्रशिक्षण से साहस, अनुशासन और प्रकृति से जुड़ाव का अनूठा अनुभव प्राप्त होगा। रोवर-रेंजर के चयन पर सहायक राज्य कमिश्नर विमल चौहान, जिला कमिश्नर कविता मौर्य, प्रभारी जिला कमिश्नर स्काउट रोहित जैन, सहित कई पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त किया।

# 5 वर्षीय इनाया फातिमा मंसूरी ने रमजान पर रखा पहला रोजा

बढ़ता राजस्थान



**कपासन, (सुनील कुमार डभाड़ीया)।** क्षेत्रीय मुस्लिम धर्मावलंबियों द्वारा पवित्र रमजान माह का प्रथम रोजा गुरुवार को इबादत के साथ किया गया। जिसमे मुस्लिम समाज द्वारा इबादत के साथ विधिवत रमजान माह का प्रथम रोजा खोला गया। जानकारी अनुसार मुस्लिम धर्मावलंबियों की इबादत के पवित्र रमजान माह का बुधवार चंद्र दर्शन के साथ शुभारंभ हुआ। उल्लेखनीय है कि नगर पालिका कपासन क्षेत्र के अशरफी मोहल्ला निवासी 5 वर्षीय बालिका इनाया फातिमा मंसूरी द्वारा उत्साहपूर्वक खुदा की इबादत में गुरुवार को रमजान माह का प्रथम रोजा रखा गया। नगर कपासन की 5 वर्षीय नन्हीं बालिका द्वारा रमजान माह का प्रथम रोजा रखकर रोजे को विधिवत पूर्ण करना सभी में हर्ष एवं उत्साह के साथ चर्चा का विषय बना रहा। जहां नन्हीं बालिका इनाया फातिमा मंसूरी को सभी द्वारा शुभकामनाएं दी गयी। इधर नगर पालिका कपासन क्षेत्र के अशरफी मोहल्ला निवासी इनाया फातिमा मंसूरी के पिता सादिक मंसूरी ने दैनिक बढ़ता राजस्थान कपासन के प्रतिनिधि को शिष्टाचार भेंट में बताया कि इनाया फातिमा द्वारा इस वर्ष स्वेच्छा से रमजान माह का प्रथम रोजा रखने का दृढ़ संकल्प परिजनों के समक्ष व्यक्त किया गया। इसके बाद परिजनों के साथ रोजा इफ्तार एवं इबादत के साथ इनाया फातिमा द्वारा रमजान माह का प्रथम रोजा पूर्ण किया गया। जिससे परिजनों में हर्ष है।

# विश्वकर्मा योजना से छात्राओं को सशक्तिकरण का संदेश




बढ़ता राजस्थान

**कपासन, (सुनील कुमार डभाड़ीया)।** ब्यावर वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित वर्द्धमान कन्या पी.जी. महाविद्यालय में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत एक दिवसीय सेमिनार सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य योजना के लाभ, पात्रता, आवेदन प्रक्रिया और व्यावहारिक चुनौतियों की जानकारी देना था। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. आर.सी. लोढा ने कहा कि यह योजना प्रगति के साथ विरासत का सम्मान करते हुए पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों के हुनर को पहचान देने और उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की महत्वपूर्ण पहल है। हिंदी साहित्य व्याख्याता मोनिका सोनी ने छात्राओं को बताया कि योजना में 18 पारंपरिक व्यवसायों से जुड़े कारीगरों को शामिल किया गया है। इसके अंतर्गत तीन लाख रुपये तक का बिना जमानत ऋण, 5 से 7 दिन का बुनियादी कौशल प्रशिक्षण तथा 15,000 रुपये तक की टूलकिट प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता दीपा मिस्त्री ने किया। इस अवसर पर समस्त संकाय सदस्य, कर्मचारीगण एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।

## राज्यपाल बागडे ने सनातन मंगल महोत्सव एवं दीक्षा दान समारोह में की शिरकत

# 'दुनिया में सनातन संस्कृति के प्रति हमारी श्रद्धा और भक्ति कोई नहीं मिटा सकता'

बढ़ता राजस्थान




**भीलवाड़ा, (नि. स.)।** हरिशेवा उदासीन आश्रम सनातन मंदिर में आयोजित आठ दिवसीय सनातन मंगल महोत्सव एवं दीक्षा दान समारोह के दूसरे दिन राजस्थान के राज्यपाल हरिभाउ बागड़े ने समारोह में शिरकत की और श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का श्रवण किया। राज्यपाल के आश्रम पहुंचने पर महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन महाराज, संत-हात्माओं, सनातन सेवा समिति एवं हंसगंगा हरि शेवा भक्त मंडल के पदाधिकारियों व सदस्यों ने पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत किया। समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल बागड़े ने कहा कि "दुनिया में कोई ताकत नहीं है जो सनातन संस्कृति के प्रति हमारी श्रद्धा और भक्ति को मिटा सके।" उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति विश्व की सबसे प्राचीन एवं समावेशी संस्कृति है और ऐसे आयोजन इसे और अधिक सुदृढ़ करते हैं।

राज्यपाल ने कहा कि आठवीं सदी से सनातन संस्कृति को समाप्त करने के अनेक प्रयास हुए, लेकिन आक्रमणकारी कभी सफल नहीं हो पाए। गुरुकुलों और विश्वविद्यालयों को समाप्त करने के प्रयास भी किए गए, परन्तु भारत में सनातन के प्रति आस्था कभी कमजोर नहीं हुई। उन्होंने महाभारत और रामायण जैसे ग्रंथों को सनातन संस्कृति की आधारशिला बताया। उन्होंने व्यासपीठ पर विराजित श्रीधाम वृंदावन के कथा व्यास डॉ. श्यामसुंदर पाराशर का अभिनंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद बालयोगी उमेशनाथ महाराज एवं भीलवाड़ा सांसद दामोदर अग्रवाल भी उपस्थित रहे।

महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन ने आयोजन की रूपरेखा बताते हुए कहा कि यह महोत्सव 'एक संगत, एक पंगत' की भावना को सशक्त करने वाला तथा सनातन संस्कृति के विविध स्वरूपों को दर्शाने वाला 'मिनी कुंभ' है।

महोत्सव के अंतर्गत प्रतिदिन प्रातः 8 बजे से पंचकुण्डीय श्री विष्णु महायज्ञ, अष्टोत्तर शत (108) भागवत मूल पाठ, शतचंडी, अखंड श्रीमद्भगवद्गीता पाठ, श्रीरामचरितमानस पाठ, श्रीचंद सिद्धांत सागर पाठ एवं अखंड श्रीरामनाम संकीर्तन आयोजित किए जा रहे हैं। काशी के यज्ञाचार्य कामेश्वरनाथ तिवारी के सानिध्य में यज्ञ संपादन एवं चारों वेदों का पारायण हो रहा है।

प्रतिदिन शाम 7 बजे श्रीधाम वृंदावन के रसिकाचार्य कुंजबिहारी शर्मा द्वारा रासलीला का आयोजन तथा शाम 6 बजे काशी की तर्ज पर गंगा आरती की जा रही है।

कार्यक्रमों की पूर्णाहुति 25 फरवरी को होगी। 25 फरवरी को संत दर्शन एवं भव्य सनातन शोभायात्रा तथा 26 फरवरी प्रातः 9 बजे दीक्षा दान समारोह एवं संत समागम का मुख्य आयोजन हरिशेवाधाम परिसर में निर्मित विशाल पांडाल में होगा। राज्यपाल ने आयोजन की सफलता के लिए मंगलकामनाएं व्यक्त कीं।

# जाखड़ बने NSUI के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजमेर में जश्न

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा, (अमित शर्मा)।** एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर विनोद जाखड़ की नियुक्ति के बाद अजमेर में NSUI कार्यकर्ताओं में उत्साह देखने को मिला। महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय के मेन गेट पर NSUI कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर और ढोल-नगाड़े बजाकर खुशी का इजहार किया।

विनोद जाखड़ के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने की खबर से अजमेर के NSUI कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। इस अवसर पर NSUI जिलाध्यक्ष अभिषेक सेमशन, एमडीएसयू इकाई अध्यक्ष हेमन्तपाल रावल सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यकर्ताओं ने विश्वविद्यालय परिसर में भव्य आतिशबाजी कर अपने जाखड़ के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चयन का स्वागत किया। NSUI अध्यक्ष हेमन्तपाल रावल ने कहा कि विनोद जाखड़ जैसे जमीनी और कर्मठ व्यक्ति के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने से आम कार्यकर्ता स्वयं को सुरक्षित और मजबूत महसूस करेगा। उन्होंने कहा कि जाखड़ की पकड़ जमीनी स्तर पर छात्रों के बीच मजबूत रही है, जिसका लाभ संगठन को राष्ट्रीय स्तर पर मिलेगा। इस दौरान सभी ने ढोल-नगाड़ों के साथ पटाखे फोड़े।

# अंतर्राष्ट्रीय मातृभाष दिवस को मंगरियां व कालाजी बस्ती में हर्षोल्लास से मनाया

बढ़ता राजस्थान



**कपासन, (सुनील कुमार डभाड़ीया)।** अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित हो रहे साप्ताहिक कार्यक्रम के अंतर्गत क्षैत्र के ग्राम मंगरियां एवं कालाजी बस्ती (हापाखेड़ी) में निर्माण सोसायटी के तत्वावधान में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान उक्त ग्राम क्षेत्रों के करीब 120 ग्रामीणजनो द्वारा उत्साह के साथ भाग लेते हुवे अंतर्राष्ट्रीय मातृभाष दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम को सफल बनाया गया।

निर्माण सोसायटी के प्रतिनिधि रामसिंह चारण ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय मातृभाष दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में किसान सभा सदस्य छोगालाल बैरवा एवं समाजसेवी माधवलाल बैरवा आदि गणमान्यजन अतिथि रूप में उपस्थित रहे। यहां निर्माण सोसायटी के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं द्वारा शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुवे अवगत कराया गया कि मातृभाषा के माध्यम से शिक्षा अधिक प्रभावी एवं सरल बनती है।साथ ही पूरणमल बैरवा द्वारा मातृभाषा दिवस के इतिहास संबंधित विस्तृत जानकारी के साथ इसके संरक्षण की महत्ती आवश्यकता पर जोर दिया गया। गोवर्धन जाट द्वारा मातृभाषा में अध्ययन के लाभ पर चर्चा की गयी। उल्लेखनीय है कि जिला शिक्षा अधिकारी के निर्देशानुसार शनिवार को चित्तौड़गढ़ जिले के समस्त राजकीय एवं निजी शिक्षण संस्थाओं में अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाया जायेगा।

# जिला कलक्टर ने रात्रि चौपाल लगाकर जनसमस्याओं का किया त्वरित समाधान

बढ़ता राजस्थान




**चित्तौड़गढ़ (नि.स.)।** जिला कलक्टर आलोक रंजन की अध्यक्षता में गुरुवार को बेगूं पंचायत समिति की मोतीपुरा ग्राम पंचायत मुख्यालय पर रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में जनसमस्याओं के त्वरित समाधान के साथ-साथ प्रतिभाओं एवं भामाशाहों का सम्मान भी किया गया।

कार्यक्रम के दौरान दो भामाशाहों का सम्मान किया गया। साथ ही कक्षा 10वीं एवं 12वीं में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले 10 विद्यार्थियों तथा राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 12 खिलाड़ियों को प्रमाण-पत्र एवं मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। हॉकी व क्रिकेट के खिलाड़ियों को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया। विद्यालय में सात सीसीटीवी कैमरे एवं 10 पंखे लगवाने में सहयोग देने वाले भामाशाहों की सराहना की गई। ग्राम पंचायत द्वारा ग्रामीणों को 12 बॉपी (बापी) पट्टों का वितरण भी किया गया। ग्राम पंचायत में आवेदन प्रस्तुत करते ही पात्र ग्रामीणों को हाथों-हाथ पट्टे प्रदान किए गए, जिससे ग्रामीणों में उत्साह देखा गया। रात्रि चौपाल के दौरान आयोजित जनसुनवाई में ग्रामीणों द्वारा 20 से अधिक परिवाद प्रस्तुत किए गए, जिनमें से अधिकांश का मौके पर ही समाधान किया गया। खातेदारी भूमि पर रास्ता बंद करने संबंधी परिवाद पर जिला कलक्टर ने तहसीलदार एवं पटवारी को मौका मुआयना कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। एक परिवार के राजस्व संबंधी आपसी बंटवारे के मामले में भी आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए गए। एक छात्र के विद्यालय अभिलेख में पिता के नाम में त्रुटि सुधार हेतु मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी को बोर्ड स्तर पर संशोधन कराने के निर्देश दिए गए।

# प्रहलाद राव को क्षत्रिय मराठा समाज ने किया सम्मानित

बढ़ता राजस्थान



**निम्बाहेड़ा (नि. स.)।** निम्बाहेड़ा मे छत्रपति शिवाजी जयंती पर क्षत्रिय मराठा सेवा समिति एवं क्षत्रिय मराठा समाज द्वारा प्रहलाद मराठा को एक भव्य समारोह में समाज के 'छत्रपति शिवाजी सामुदायिक भवन' निर्माण में दिए गए सहयोग एवं समाज सेवा के लिए के लिए 'छत्रपति शिवाजी सम्मान' से सम्मानित किया गया। इस दौरान उनका करतल ध्वनि से सभी ने स्वागत किया।

आयोजन के मुख्य अतिथि डॉ. रमेशराव शिंदे थे, वहीं माधव राव इंगले (मड्डा), मल्हार राव ठाकरे, जसवंत राव कंठारे, पुरण राव नाईक, बाबू राव जाधव, कैलाश राव भोंसले विशिष्ठ अतिथि थे। समारोह का आगाज स्थानीय होलीथड़ा स्थित कैलाश मंदिर से शोभा यात्रा निकाल कर किया।

# राज्यपाल ने संगम विश्वविद्यालय के 12वें दीक्षांत समारोह में मेधावी विद्यार्थियों का किया सम्मान

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा, (अमित शर्मा)।** हरिभाऊ बागड़े ने कहा कि वर्तमान समय में बौद्धिक क्षमता एवं गुणवत्तायुक्त शिक्षा की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, जो मानवीय व्यवहार व आचरण को बेहतर बनाने में सहायक सिद्ध होती है। वे संगम विश्वविद्यालय के 12वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे।

राज्यपाल ने कहा कि ज्ञान, कौशल और चरित्र किसी भी राष्ट्र की प्रगति के आधार स्तंभ हैं। युवाओं को इन मूल्यों के साथ आगे बढ़ते हुए राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए। समारोह में राज्यपाल ने शैक्षणिक सत्र 2024-25 के 30 मेधावी विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक तथा 31 शोधार्थियों को उपाधियां प्रदान कीं।

इस अवसर पर सांसद दामोदर अग्रवाल ने युवाओं से जीवन मूल्यों और परंपराओं को सहेजते हुए विकसित भारत 2047 के लक्ष्य में योगदान देने का आह्वान किया। IIM इंदौर के प्रोफेसर पी.के. सिंह ने तकनीकी बदलावों के दौर में भाषाई दक्षता और कौशल विकास पर बल दिया। विश्वविद्यालय के चेयरमैन रामपाल सोनी ने कौशल आधारित शिक्षा और छात्रवृत्ति योजनाओं की जानकारी दी। समारोह की शुरुआत शैक्षणिक शोभायात्रा, दीप प्रज्ज्वलन और राष्ट्रगान से हुई। एनसीसी कैडेट्स ने राज्यपाल को गार्ड ऑफ ऑनर दिया।

## शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत 7600 किलो सॉस किया सीज

# सॉस फैक्ट्री पर फूड सेफ्टी टीम का छापा

बढ़ता राजस्थान






**अजमेर (मोहित जैन)।** शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा टीम ने शुक्रवार को अजमेर स्थित पालरा इंडस्ट्रियल एरिया में मैसर्स डी के एस फूड्स पर छापा मारा। इस दौरान टीम ने मौके पर मिले स्नेक सॉस (एपिक ब्रांड) के दो नमूने जांच के लिए लेकर शेष रहे 7600 किलो ग्राम सॉस को सीज कर दिया।

बता दें कि डॉ .टी. शुभमंगला आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण राजस्थान जयपुर के आदेशों पर तथा डॉ . ज्योत्सना रंगा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अजमेर के आदेशों की अनुपालना में शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत अजमेर जिले में विशेष अभियान के अंतर्गत जिले में कार्यरत खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के दल द्वारा जिले में खाद्य नमूनीकरण एवं निरीक्षण की कार्रवाई निरंतर की जा रही है। इस क्रम में शुक्रवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारी केसरी नंदन शर्मा और राजेश कुमार त्रिपाठी द्वारा पालरा इंडस्ट्रियल एरिया अजमेर में मैसर्स डी के एस फूड्स पर छापा मारा।

जयपुर मुख्यालय द्वारा अनसेफ आए खाद्य सामग्री के रिकॉल करना और स्टॉक को बिक्री रोकने के लिए निर्देश की पालना में मौके पर मिले स्नेक सॉस के दो नमूने लिए गए आए शेष रहे 7600 किलो ग्राम सॉस को जांच रिपोर्ट आने तक बिक्री पर रोक लगाई गई।

बता दें कि जयपुर में पूर्व में इसी ब्रांड की स्नेक सॉस का नमूना अनसेफ पाया गया। इस बैच की सामग्री स्टॉक में नहीं मिली। साथ ही निर्माता को बाजार से संबंधित बैच की समस्त सामग्री को होलसेलर रिटेलर से तुरन्त मगवाने हेतु निर्देशित किया गया।

# छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर हुआ भव्य कार्यक्रम

बढ़ता राजस्थान

**कपासन (सुनील कुमार डभाड़ीया)।** शौर्य एवं पराक्रम के प्रतीक छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती के पावन अवसर पर भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल कपासन द्वारा बुधवार को भव्य एवं गरिमामयी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे नगर कपासन के शिवाजी चौक स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर शिवाजी महाराज को श्रद्धापूर्वक नमन किया गया।

भाजपा बूथ अध्यक्ष आशीष सोनी ने बताया कि भाजपा नगर मंडल के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा शिवाजी चौक में भगवा ध्वज लहराते हुवे वीर शिवाजी महाराज के जयघोष गुंजायमान रहे।पूर्व भाजपा प्रदेश मंत्री अशोक चंडालिया द्वारा भाजपा बोर्ड में शिवाजी चौक का सौंदर्यीकरण होने पर हर्ष व्यक्त किया गया। इस मौके पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष कपासन राज विजयवर्गीय ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज का जीवन युवा पीढ़ी के लिए सदैव प्रेरणास्रोत है। शिवाजी महाराज ने स्वराज्य, स्वाभिमान एवं धर्म रक्षार्थ अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया।साथ ही कपासन भाजपा अध्यक्ष राज विजयवर्गीय ने अदम्य साहस,वीरता एवं कुशल शासन पर प्रकाश डालते हुवे वीर शिवाजी महाराज को भारत की गौरवशाली परंपरा का जीवंत प्रतीक बताया। इस अवसर पर भाजपा नेता सत्यनारायण पलोड़, युवा मोर्चा अध्यक्ष विकास बारेगामा,रमेश तंबोली, शिव सेन, भाजपा युवा मोर्चा सदस्य अभिनव दुग्गड़, युवा नेता मनोज आचार्य आदि भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सुप्रीम कोर्ट बोला- बंगाल सरकार और ईसी में भरोसे की कमी

### कलकत्ता हाईकोर्ट को निर्देश- एसआईआर प्रक्रिया के लिए न्यायिक अधिकारी तैनात करें

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** पश्चिम बंगाल में वोटर लिस्ट के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन को लेकर राज्य सरकार और चुनाव आयोग के बीच विवाद जारी है। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कलकत्ता हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस को इस प्रक्रिया में सहयोग के लिए न्यायिक अधिकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

कोर्ट ने कहा कि सरकार और आयोग के बीच विश्वास की कमी के कारण एसआईआर ड्राफ्ट रोल से जुड़े दावे और आपत्तियों का निपटारा और निगरानी सेवारत और पूर्व न्यायिक अधिकारी करेंगे। साथ ही जरूरत पड़ने पर पूर्व जजों की सेवाएं भी ली सकती हैं। चीफ जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम पंचोली की बेंच ने कहा कि न्यायिक अधिकारियों के आदेश अदालत के आदेश माने जाएंगे। कलेक्टर और एसपी को इन आदेशों का पालन कराना होगा।

साथ ही चुनाव आयोग को 28 फरवरी को फाइनल वोटर लिस्ट पब्लिश करने की परमिशन दी गई है। हालांकि, जरूरत पड़ने पर बाद में सप्लीमेंट्री लिस्ट जारी करने की भी छूट दी गई है। सुप्रीम कोर्ट ने बंगाल सरकार द्वारा पर्याप्त ग्रेड-ए अधिकारियों को एसआईआर प्रक्रिया के लिए उपलब्ध नहीं कराने पर गंभीर टिप्पणी की। कोर्ट ने कहा कि न्यायिक अधिकारियों की मदद के लिए माइक्रो-ऑब्जर्वर और राज्य सरकार के अधिकारी तैनात रहेंगे।

## सीनियर आईएएस अफसर अब कॉल सेंटर पर सुनेंगे शिकायतें

### 35 अधिकारियों की 181 हेल्पलाइन पर ड्यूटी लगाई; रोज सुननी होगी कम से कम 10 कॉल

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** आम लोगों की लगातार बढ़ती समस्याओं और उनका समय पर समाधान नहीं होने से नाराज भजनलाल सरकार ने अहम निर्णय किया है। प्रदेश के 35 सीनियर आईएएस अफसरों की राजस्थान संपर्क हेल्पलाइन पर ड्यूटी लगाई है। ये अधिकारी सेक्रेटरी से लेकर एसीएस रैंक के हैं। सभी अफसर अलग-अलग दिन सचिवालय स्थित 181 कॉल सेंटर पर बैठेंगे और अफसर रोज कम से कम 10 कॉल रिसीव करके आमजन की समस्याएं सुनेंगे। यथासंभव उनका मौके पर समाधान करवाएंगे। मुख्य सचिव वी.श्रीनिवासन ने शुक्रवार को इसका आदेश जारी किया। पिछले कुछ समय से मुख्यमंत्री खुद 181 कॉल सेंटर का लगातार दौरा कर रहे हैं। खुद आमजन के कॉल रिसीव कर उनकी समस्याएं सुन रहे हैं। इसके अलावा वे ष्ट्रक्र पर भी लगातार जनसुनवाई करके आमजन की समस्याओं को सुनकर उनका समाधान करवाने पर जोर दे रहे हैं।

## कान्हा रेस्टोरेंट में छापेमारी, खुफिया कमरे में करोड़ों की ज्वेलरी

### 33 ठिकानों पर तीन दिन से हो रही है सर्च, 10 बैंक लॉकर भी खोले जाएंगे

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान की फेमस फूड चेन कान्हा पर इनकम टैक्स विभाग की कार्रवाई जारी है। तीन दिन से टीमें फूड चेन से जुड़े 33 ठिकानों पर सर्च कर रही हैं। जयपुर में सबसे ज्यादा 26 ठिकानों पर सर्च किया जा रहा है। एक ठिकाने पर विभागीय अधिकारियों को दीवार के पीछे बना एक खुफिया कमरा भी मिला है। इसमें करोड़ों की ज्वेलरी रखी हुई थी। आयकर विभाग ने बुधवार सुबह 7 बजे रेस्टोरेंट से जुड़े ऑफिस व गोदामों में रेड की थी। इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की टीम को एक ठिकाने पर दीवार के अंदर बना रखा स्ट्रांग रूम मिला है। इसके अंदर 5 करोड़ रुपए कीमत की ज्वेलरी मिली है। आईटी टीम को छापेमारी में अब तक 1 करोड़ रुपए कैश और 10 बैंक लॉकर की जानकारी भी मिली है। सूत्रों के मुताबिक कान्हा रेस्टोरेंट के मुंबई के ठिकानों पर भी तीन से सर्च चल रहा है।



राजस्थान विधानसभा

# कांग्रेस विधायक बोले-किरोड़ीलाल के लिए मैं सीट खाली कर दूंगा

## उनको हैसियत के हिसाब से पद नहीं मिला, उन्हें मुख्यमंत्री होना चाहिए था

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** विधानसभा में कृषि और सहकारिता की अनुदान मांगों पर बहस के दौरान उपनेता प्रतिपक्ष गंगापुर से कांग्रेस विधायक रामकेश मीणा ने डॉ किरोड़ीलाल मीणा की तारीफ करते हुए कई सियासी टिप्पणियां की। रामकेश मीणा ने यहां तक कह दिया कि अगर डॉ किरोड़ीलाल गंगापुर आए तो मैं सीट खाली कर दूंगा और दूसरी जगह चला जाऊंगा।

रामकेश मीणा ने कहा- डॉ किरोड़ी लाल मीणा ने बीजेपी के लिए जितना काम किया, उनकी बीजेपी में जो हैसियत है उसके हिसाब से उनको पद नहीं मिला। उन्हें मुख्यमंत्री होना चाहिए था। हमें उम्मीद थी कि वे राजस्थान के मुख्यमंत्री बनेंगे, मुख्यमंत्री नहीं तो उपमुख्यमंत्री या गृहमंत्री बनेंगे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। उन्हें कृषि और ग्रामीण विकास मंत्री बनाकर उनके विभागों के टुकड़े कर दिए। उनके खिलाफ यह षड्यंत्र किए जा रहे हैं।

### मंत्री के जवाब से नाराज कांग्रेस-विधायकों का सदन से वॉकआउट

इससे पहले प्रश्नकाल में प्रदेश में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट्स के काम पूरे होने में देरी से जुड़े सवाल पर यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा के जवाब से नाराज कांग्रेस विधायकों ने सदन से वॉकआउट किया। यूडीएच मंत्री ने पिछली सरकार के समय हुए टेंडर की खामियां गिनाईं। इस पर विपक्षी विधायकों ने आपत्ति की तो स्पीकर ने अगला सवाल पुकार लिया। इसके बाद नाराज कांग्रेस विधायकों ने सदन से वॉकआउट किया। संसदीय कार्यमंत्री जोगाराम पटेल ने कहा कि खुद के अनुकूल जवाब नहीं आने पर कांग्रेस विधायकों ने वॉकआउट किया, यह निंदनीय है। इससे पहले बसपा विधायक मनोज न्यांगली ने भी आपत्ति करते हुए कहा कि इनके हंगामे, वॉकआउट की वजह हमारा वक्त खराब होता है।



### किरोड़ी बोले- यूरिया डीएपी की कमी नहीं



कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ीलाल मीणा ने कहा कि यूरिया-डीएपी की कोई कमी नहीं है। इस बार खाद के लिए कई जगह किसानों की लाइनें लगीं, लेकिन उतनी नहीं लगी। कोई अनहोनी नहीं हुई। कहीं लाठीचार्ज नहीं हुआ, जैसा पिछले राज के दौरान हुआ करता था। केंद्र सरकार से हमें मांग के अनुसार यूरिया-डीएपी मिला। कहीं भी कमी नहीं है। डॉ. किरोड़ी ने कहा- कई जगह किसानों की लाइनें लगीं, उसके कुछ कारण थे। एक तो इस बार मानसून लंबा चला और जमीन में लंबे समय तक नमी बनी रही। इससे रकबा बढ़ा और खाद की जरूरत ज्यादा हुई। किरोड़ी ने कहा- पिछले राज में रिटेलर ट्रेडर्स की आदत बिगड़ गई थी। हमने नकली खाद-बीज बेचने और बनाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। 27 फैक्ट्री सीज की। उन पर अब भी ताले लगे हुए हैं। वहीं, शनिवार को भी विधानसभा चलेगी, जिसमें सरकार के दो साल के कामकाज पर बहस होगी। दो साल बनाम पांच साल पर बहस के बाद कल शाम को सीएम भजनलाल शर्मा जवाब देंगे।

# आसमान में सूर्यकिरण विमानों ने बनाया तिरंगा

### 1000 फीट ऊंचाई पर दिखाई तेजस फॉर्मेशन



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर में जलमहल पर शुक्रवार को भारतीय वायुसेना का एयर शो हुआ। इसमें सूर्यकिरण एरोबेटिक्स टीम के 9 विमानों और सारंग टीम के 5 हेलिकॉप्टर ने आसमान में करतब दिखाए। सबसे पहले सारंग टीम के 5 हेलिकॉप्टर ने नाहरगढ़ बेस से उड़ान भरी। इन हेलिकॉप्टर ने आसमान में आई फॉर्मेशन बनाई। डबल एरो क्रॉस और हार्ट पिचिंग फॉर्मेशन भी आकर्षण का केंद्र रहीं। सूर्यकिरण के 9 विमानों ने तेजस फॉर्मेशन के साथ एंट्री ली। इसके बाद बैरल रोल फॉर्मेशन बनाई। विमानों ने महज 5 मीटर की दूरी पर करीब 1000 फीट की ऊंचाई पर 18 मैन्युवर पेश किए। सूर्यकिरण ने आखिरी फॉर्मेशन में तिरंगे की झलक दिखाई। सूर्यकिरण टीम का यह 801वां शो रहा। सूर्यकिरण टीम के नौ पायलट में से तीन जयपुर से हैं। आसमान में सूर्यकिरण टीम के स्क्वॉड्रन लीडर संजेश सिंह ने कॉकपिट से कहा कि मारवाड़ी एंट्री ले रहा हूं। वहीं, कॉकपिट से विंग कमांडर राजेश कालरा ने कहा कि खम्मा घणी जयपुर, आपका धन्यवाद। जय हिंद।

# राजस्थान में अब कम होने लगेगी सर्दी

## ज्यादातर शहरों का अधिकतम तापमान 30 डिग्री से नीचे दर्ज हुआ



बढ़ता राजस्थान


**जयपुर।** बारिश-ओलावृष्टि से राजस्थान में पारा गिरने से राज्य में सर्दी बढ़ गई। गुरुवार को राज्य के अधिकांश शहरों में अधिकतम तापमान 30 डिग्री तक रहा। इससे राज्य में सुबह-शाम मध्यम और दिन में हल्की सर्दी रही।

मौसम विशेषज्ञों ने बताया- राज्य में अगले एक-दो दिन में तापमान बढ़कर सामान्य से ऊपर जाएगा, जिससे सुबह-शाम की सर्दी से भी कम हो जाएगी और दिन हल्के गर्म होने लगेंगे।

पिछले 24 घंटे का मौसम देखें तो राज्य के उत्तर-पूर्वी हिस्से में कुछ स्थानों पर सुबह हल्का कोहरा रहा। जबकि कई जिलों में दोपहर तक हल्के बादल रहे। जयपुर, दौसा, अलवर, भरतपुर, धौलपुर समेत कई जिलों में हल्के बादल छाने से दिन का अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज हुआ। गुरुवार दिन का सबसे अधिक अधिकतम तापमान 31.2 डिग्री सेल्सियस फलोदी और बाड़मेर में दर्ज हुआ।

### सुबह-शाम ठंडक, पारा 15 डिग्री से नीचे

गुरुवार को राज्य में जयपुर, फतेहपुर, सीकर, गंगानगर, चूरू, अलवर समेत कई जिलों में हल्का कोहरा रहा। दिन में इन शहरों में हल्के बादल रहे, जिससे यहां धूप कमजोर रही। अधिकांश शहरों में न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज हुआ। कल सबसे कम न्यूनतम तापमान 10 .4 अलवर और फतेहपुर में दर्ज हुआ।



### अगले एक सप्ताह मौसम रहेगा साफ, दिन में गर्मी बढ़ेगी

मौसम विशेषज्ञों ने बताया- राज्य में अब अगले एक सप्ताह मौसम शुष्क रहेगा और दिन में तेज धूप रहने की संभावना है। अगले सप्ताह से तापमान में बढ़ोतरी होगी, जिससे पश्चिमी राजस्थान के जिलों में अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस या उससे ऊपर दर्ज हो सकता है। इससे दिन में हल्की गर्मी बढ़ेगी, जबकि सुबह-शाम की सर्दी कम हो जाएगी।

## एआई समिट में यूथ कांग्रेस का टी-शर्ट उतारकर प्रदर्शन

### मोदी इज कॉम्प्रोमाइज्ड के नारे लगाए; बीजेपी बोली- राहुल के घर पर प्लानिंग हुई

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** दिल्ली स्थित भारत मंडपम में इंडियन यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को एआई समिट 2026 में भारत-अमेरिका ट्रेड डील के खिलाफ प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने टी-शर्ट उतारकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ 'पीएम इज कॉम्प्रोमाइज्ड' के नारे लगाए। प्रदर्शन के कई वीडियो भी सामने आए हैं।

इसमें 15-20 की संख्या में कार्यकर्ताओं की भीड़ हाथ में सफेद रंग की टी-शर्ट लिए हुए हैं। टी-शर्ट पर पीएम मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की फोटो लगी है। उसपर लिखा है- पीएम इज कॉम्प्रोमाइज्ड। दिल्ली पुलिस ने 4 प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया है।



इनकी पहचान इंडियन यूथ कांग्रेस के सेक्रेटरी कृष्णा हरि, बिहार स्टेट सेक्रेटरी कुंदन यादव, उत्तर प्रदेश स्टेट वाइस प्रसिडेंट अजय कुमार और नेशनल कोऑर्डिनेटर नरसिम्हा यादव के रूप में हुई है। वहीं भाजपा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने साजिश के तहत इंटरनेशनल समिट में भारत की छवि धूमिल की है। बीजेपी सांसद संबित पात्रा ने कहा- यह संयोग नहीं, बल्कि एक प्रयोग था। इसकी प्लानिंग राहुल गांधी के आवास पर बनाई गई थी, जहां सोनिया और प्रियंका मौजूद थीं।


## बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण

किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021 (M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033 (M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com


# कांग्रेस ने सीमाएं खुली छोड़ीं, घुसपैठ बढ़ी : शाह

## असम से 6900 करोड़ की योजना लॉन्च की; कहा- 5 साल में राज्य को बाढ़मुक्त करेंगे

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि कांग्रेस ने देश की सीमाएं खुली छोड़ दी थीं, जिसकी वजह से असम में घुसपैठ बढ़ी। भाजपा सरकार ने इस समस्या से सख्ती से निपटा है।

शाह ने असम के कछार जिले में जनसभा में कहा कि कांग्रेस के शासन में असम में कोई विकास कार्यक्रम शुरू नहीं हुआ। आज राज्य में हर दिन 14 किलोमीटर सड़क बन रही है, जो देश में सबसे ज्यादा है। शाह दो दिन के लिए असम दौरे पर हैं। उन्होंने कछार के नाथनपुर गांव से 6,900 करोड़ रुपए की 'वाइब्रेंट विलेजेज प्रोग्राम' के दूसरे चरण की शुरुआत की। इसके तहत देशभर के 15 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों को कवर करेगा।

### शाह के भाषण की 5 बड़ी बातें...

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्राथमिकता सीमावर्ती गांवों का विकास है। वाइब्रेंट विलेजेज प्रोग्राम उसी दिशा में उठाया गया कदम है।
- योजना के दूसरे चरण में 6,900 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। 15 राज्यों और 2 केंद्रशासित प्रदेशों के 1,954 गांव इसमें शामिल हैं।
- वाइब्रेंट विलेजेज प्रोग्राम के तहत पाकिस्तान और बांग्लादेश से सटे 334 ब्लॉकों का समग्र विकास किया जाएगा।
- योजना का उद्देश्य सीमावर्ती इलाकों से पलायन रोकना और अंतरराष्ट्रीय सीमाओं से होने वाली घुसपैठ पर अंकुश लगाना है।
- पिछले 10 साल में भाजपा ने असम के विकास को नई दिशा दी है। अगले पांच साल में हम असम को बाढ़मुक्त राज्य बनाएंगे। असम पिछले 10 साल में स्वास्थ्य सुविधाओं का हब बना है।



स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड, खण्डवा, निवाई-टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/116 "प्रतीक्षा" सेक्टर-18, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित। संपादक-तनुजा पठान*, प्रबंधक संपादक-झाबर सिंह धायल (मो. 9828467603, जयपुर), प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय (मो. 9414242258, 9214048888)। फोन-0141-2796794, 2796795। ई-मेलः badhatarajasthan@yahoo.com। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।